CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

B1

निवेदन

'उत्सवः सुधियामेव हन्त दुर्मेधसो हताः' विद्यार्थिजनोचित इन उद्‌गारों के शमन हेतु 'दशकुमारचरित' की पूर्वपीठिका पर भूमिका सहित हिन्दी-संस्कृत-टीका लिखने में लेखकद्वय का प्रयास नये दृष्टिविन्दुओं के साथ चर्चित विषयों के संकलन का ही है, पूर्णतया मौलिक कथमपि नहीं। भूमिका में 'दण्डी का साहित्यिक मूल्याङ्कन' के अतिरिक्त शेष भूमिका सहित टीका भाग श्री शिव-वालक द्विवेदी जी द्वारा सम्पादित किया गया है जिसमें 'दण्डी' के पदलालित्य' एवं उनकी वशवर्तिनी भाषा के सौष्ठव को उन्मीलित करने के प्रयास में व्याकरणात्मक टिप्पणियों का विशेष महत्त्व है। दण्डी की कृतियों के साहित्यिक आनन्द का लाभ उठाने के लिये जिस पृष्ठभूमि की आवश्यकता मुझे अनुभव हुई उसी को आलोचनात्मक कृतियों में तथा स्वयं 'दशकुमारचरित' के कलेवर में प्राप्त मल्यों के आधार पर समझे हुए तथ्यों का संकलन दण्डी के साहित्यिक मूल्याङ्कन में है। वस्तुतः दशकुमारचरित रचयिता दण्डी एवं 'काव्यादर्श प्रणेता' दण्डी को एक ही व्यक्ति मानने वाली परम्परा ने 'दश-कुमारचरित' के साहित्यिक अनुशीलन स्वरूप केवल 'दण्डिनः पदलालित्यम्' ही देख पाया है बाकी सब कुछ तो काव्यादर्श रचयिता की प्रतिभा के विषय में ही कहा गया है। नवीन अनुसंधानों ने सिद्ध कर दिया है कि 'दशकुमार-चरित' साहित्यिक दृष्टि से इतनी महत्त्वपूर्ण एवं परिपूर्ण कृति है कि 'मृच्छ-कटिक' की भाँति प्रसिद्ध कवियों को उसके लेखकत्व का आश्रय अपेक्षित है इसीलिये परम्परा उसके लेखक में उसकोटि की प्रतिभा का आकलन कर

Kirtikant Sharma Collection, Najafgarh

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

सकी । मैंने जो कुछ लिखा है केवल 'दशकुमारचरित' के आधार पर ही लिखा है, 'काव्यादर्श' के चमत्कार जन्य पूर्वाग्रह से रहित होकर, अतः उसकी प्रामाणिकता सुधीजन परीक्ष्य है । इस कृति की पाण्डुलिपि के संयोजन में कु० सुमन मिश्रा बी० ए० का पर्याप्त सहयोग रहा है साथ ही मुद्रणादि कार्यों में श्री जगदीश त्रिपाठी एम० ए० ने अत्यन्त सहयोग किया है । एतदर्थ ये लोग आशीर्वाद तथा धन्यवाद के भाजन हैं ।

विनीत

दिनाङ्क २१-११-७५ —लेखकद्वय

Kirtikant Sharma Collection, Najafgarh

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

विषय-सूची

भूमिका ९-७८

संस्कृत-काव्य का उद्भव एवं विकास ९
गद्यसाहित्य का उद्भव एवं विकास १३
काव्य-प्रयोजन २०
काव्य का स्वरूप २३
काव्य के भेद २६
गद्यं कवीनां निकषं वदन्ति २७
कथा एवं आख्यायिका ३०
महाकवि दण्डी ३३
कृतियों के आलोक में महाकवि दण्डी ३७
दशकुमारचरित का साहित्यिक मूल्याङ्कन ४४
दशकुमारचरित में प्रकृतिचित्रण ७५

दशकुमारचरितम् (पूर्वपीठिका) १-२३२

प्रथमोच्छ्वासः १
द्वितीयोच्छ्वासः ९६
तृतीयोच्छ्वासः १२५
चतुर्थोच्छ्वासः १४५
पञ्चमोच्छ्वासः १८२

Kirtikant Sharma Collection, Najafgarh

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

Kirtikant Sharma Collection, Najafgarh

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

भूमिका

संस्कृत-काव्य का उद्भव एवं विकास

संस्कृत भाषा संसार की समस्त भाषाओं से प्राचीन है। वाइस काङ्मय अन्य भाषाओं से श्रेष्ठ, सम्पन्न एवं मनोहर है। भारतीय-संस्कृति से अनुप्राणित सुरभारती-मन्दाकिनी की सुधा-धारा में अवगाहन कर हृदय को परम विश्रान्ति मिलती है। यह युग-युगों से प्रवाहित होने वाली भारतीय चिन्तन की वह अक्षुण्ण धारा है जो कि अनेक संक्रमण-व्युत्क्रमणों को पार करती हुई आज भी अपने अनवद्य वपु के द्वारा प्रवाहित होती चली जा रही है। भारत तथा भारतीयता से प्रेम रखने वाले विद्वज्जन जिसे सम्मान की दृष्टि से देखते हुए जिसके उपदेशामृत को पान कर तृप्ति का अनुभव नहीं करते हैं, उस विश्व-विश्रुत सुरभारती की उपासना से ही भारतीय संस्कृति, धर्म, दर्शन आदि का तात्त्विक अनुशीलन किया जा सकता है। भारत की समस्त मौलिक निधि संस्कृत में ही निहित है—इस कथन में रंचक मात्र भी सन्देह नहीं है। भारतीय दर्शन, विज्ञान, गणित, फलित, ज्योतिष, संगीत, धर्मशास्त्र, अर्थशास्त्र, विधि-शास्त्र, स्थापत्य, आयुर्वेद, इतिहास, पुराण, काव्यशास्त्र, नाट्यशास्त्र, कलायें आदि सब कुछ संस्कृत में ही है। अतः हम यह संदेह के बिना कह सकते हैं कि भारत के वास्तविक स्वरूप को समझने के लिए संस्कृत का ज्ञान अत्यावश्यक है। प्रस्तुत प्रसंग संस्कृतकाव्य से सम्बन्धित है। अतः यहाँ संस्कृत काव्य-विषयक चर्चा ही प्रसंगानुकूल है। संस्कृतकाव्य के अनुशीलन से पूर्व यह जिज्ञासा होना स्वाभाविक ही है कि इसका उद्भव एवं विकास किस प्रकार हुआ है?

यह निश्चय पूर्वक कह सकना कठिन है कि भारतीय काव्य-कला की सृष्टि कब और किस प्रकार हुई? मननशील मनीषी इस तथ्य की अनेक प्रकार से मीमांसा करते हैं, परन्तु प्रामाणिक पहलुओं के अभाव में उक्त प्रश्न

Kirtikant Sharma Collection, Najafgarh

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

के समाधान के सन्दर्भ में कोई निश्चित निर्णय कर लेना अत्यन्त कठिन है। फिर भी इतना तो कहा ही जा सकता है कि भारतीय काव्य-कला की सृष्टि सहस्रों वर्ष पूर्व हो चुकी थी, जो आज भी अपने नूतन स्वरूप को लेकर प्रवाहित होती चली आ रही है। किसी निश्चित निमित्त को काव्य में कारण के रूप में दे सकना तो असम्भव है, पर सामान्य दृष्टि से हम यह कह सकते हैं कि काव्य मानवीय भावनाओं का प्रतिनिधित्व करता है, अतएव यह मानव जाति की सृष्टि के साथ ही उत्पन्न हुआ है। कारण यह है कि काव्य में मानवीय भावनाओं की प्रधानता हैं। इसीलिए काव्य को सहृदयसंवेद्य, सहृदयाह्लादक आदि कहा जाता है। मानव मानस को जब सहसा सुख-दुःख, क्रोध, करुणा, भय, विभ्रम, विलास आदि की मार्मिक अनुभूति होती है, जब हृदय के मर्मस्थल पर इनके संवेग का गम्भीर आघात होता है तो वह सहसा ही उस अनुभूति से अनुस्यूत होकर उन भावों को अभिव्यक्त करना चाहता है। यही कारण है कि विश्व विभूति, महानुभूति, महाकवि भवभूति ने मर्म-स्थल की संवेदना पर आघात से करुणामयी अनुभूति से ओत-प्रोत मानस होकर करुण रस को ही सभी रसों का कारण माना है। उनका कथन है कि–

"एको रसः करुण एव निमित्तभेदाद्
भिन्नः पृथग् पृथगिव श्रयेत विवर्तान्।
आवर्त्तबुद्बुदतरङ्गमयान् विकारान्
अम्भो यथासलिलमेव हि तत् समस्तम्॥

जब वह सहृदय तन्मय होकर भावसम्पृक्तमानस से झूमने लगता है तो उसी स्थिति में उसके बहिर्निर्गत सुधोपम छलकते हुए भाव काव्यधारा के रूप में प्रवाहित होने लगते हैं। इसी को लक्ष्य कर कहा गया है–

वियोगी होगा पहला कवि,
आह से निकला होगा गान।

Kirtikant Sharma Collection, Najafgarh

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

निकल कर नयनों से चुपचाप,
वही होगी कविता अनजान ॥"

इस प्रकार हम देखते हैं कि जब आनन्दातिरेक से मन आप्यायित हो जाता है तो वह रस रूप में कविता के स्वरूप को लेकर लोक के समक्ष प्रकट होता है । लौकिक संस्कृत काव्य के जन्म के सन्दर्भ में उपर्युक्त तथ्य ही कारण रूप में रहता है । लौकिक संस्कृत के आदिकाव्य रामायण के प्रणयन में यही भावात्मकता मूल में है । एक समय जब महर्षि वाल्मीकि माध्यन्दिन सवन के लिए तमसा नामक नदी पर पहुँचते हैं तो वहाँ व्याध के द्वारा मारे गये क्रौञ्चयुगल में से एक को विलाप करते हुए देखते हैं । जिसे देखकर सहसा ही उनके मानसिक भाव निकल पड़ते हैं–

"मा निषाद ! प्रतिष्ठां त्वमगमः शाश्वतीः समाः ।
यत्क्रौञ्चमिथुनादेकमवधीः काममोहितम् ॥"

(अर्थात् निषाद ! तू अधिक समय तक प्रतिष्ठा को नहीं प्राप्त कर सकेगा जो कि तूने क्रौञ्च युगल में से काम से मोहित एक को मार डाला है ।)

ये वस्तुतः वाल्मीकि के मानस के उद्‌गार हैं जो कि उनके शोकाकुल हृदय से सहसा निकल पड़ते हैं । महर्षि वाल्मीकि का यह शोक ही कविता है जो कि उनके हृदय का स्पर्श कर उन्हें कुछ बोलने के लिए विवश कर देता है । यह उनकी रागात्मिका वृत्ति ही है जो उन्हें काव्य व्यापार में प्रवृत्त करती है । उनका यह अनिर्वचनीय शोक ही श्लोक का रूप धारण कर लेता है––

"सोऽनुव्याहरणाद् भूयः शोकः श्लोकत्वमागतः ।" और वे विचार करने लगते हैं

"पादबद्धोऽक्षरसमः तन्त्रीलयसमन्वितः ।
शोकार्त्तस्य प्रवृत्तो मे श्लोको भवतु नान्यथा ।"

इस सन्दर्भ में यह कथन भी अप्रासंगिक न होगा कि चाहे सुख का भाव हो अथवा दुःख का, निर्वेद अथवा ग्लानि का, परन्तु ये सभी भाव आनन्द देने वाले होते हैं । यहाँ यह प्रश्न उठता है कि करुणादि रस के दुःखमय होने पर उनमें आनन्दत्व कैसे रह सकता है ? इसका समाधान करते हुए कविराज विश्वनाथ जी कहते हैं–

Kirtikant Sharma Collection, Najafgarh

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

'करुणादावपि रसे जायते यत्परं सुखम् ।
सचेतसामनुभवः प्रमाणं तत्र केवलम् ।।"

(अर्थात् करुण आदि रसों में भी जो परमानन्द प्राप्त होता है, उसमें केवल सहृदयों का अनुभव ही प्रमाण है।)

काव्य की सम्यक् अनुभूति केवल सहृदय को ही होती है सहृदयता से रहित हृदय काव्य मार्ग में प्रवृत्त ही नहीं हो सकता । अतएव कहा भी गया है

"सवासनानां सभ्यानां रसस्यास्वादनं भवेत् ।
निर्वासनास्तु रङ्गान्तः काष्ठकुड्याश्मसन्निभाः ।।"

(अर्थात् वासना से युक्त सहृदय रसिकों को ही रस का आस्वादन होता है। वासना से रहित पुरुष तो नाट्यशाला में काष्ठ, दीवार तथा पत्थर के समान जड़वत् पड़े रहते हैं।)

जिस प्रकार युद्धादि में होने वाले नखक्षत, दन्ताघात, केशाकर्षण, अङ्ग-मर्दन आदि दुःख के कारण होते हैं परन्तु सुरत में इनसे भी सुख ही होता है उसी प्रकार काव्य में स्थित दुःखादि भाव भी सुख के जनक होते हैं।

भारतीय विचार धारा काव्य को आनन्दस्वरूप मानती है। आनन्दस्वरूप होने के कारण ही रस को ब्रह्म कहा गया है। (रसो वै सः, रस ह्येवायं लब्ध्वा

हेतुत्वं शोकहर्षादिर्गतेभ्यो लोकसंश्रयात् । शोकहर्षादयो लोके जायन्तां नाम लौकिकाः ।। अलौकिकविभावत्वं प्राप्तेभ्यः काव्यसंश्रयात् । सुखंसंजायते तेभ्यः सर्वेभ्योऽपीति का क्षतिः ।। ये खलु वनवासादयो लोके 'दुःखकारणानि' इत्युच्यन्ते त एव हि काव्यनाट्यसमर्पिता अलौकिकविभावनव्यापारतया कारणशब्दवाच्यतां विहायालौकिकविभावशब्दवाच्यत्वं भजन्ते । तेभ्यश्च सुरते दन्तघातादिभ्य इव सुखमेव जायते । अतश्च लौकिकशोकहर्षादिकारणेभ्यो लौकिकशोकहर्षादयो जायन्ते । इति लोक एव प्रतिनियमः । काव्ये पुनः सर्वेभ्योऽपि विभावादिभ्यः सुखमेव जायते' इति नियमान्न कश्चिद्दोषः ।

साहित्यदर्पण ३ । ६–७ ।।

Kirtikant Sharma Collection, Najafgarh

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

आनन्दीभवति) उसी को वेदान्ती सच्चिदानन्द कहते हैं। इसी आनन्द की प्राप्ति के लिए काव्य का विकास हुआ है। प्रसिद्ध संस्कृत काव्यालोचक आचार्य मम्मट कविताकामिनी को ह्लादैकमयी कहकर उसे नवरसरुचिरा बतलाते हैं।

इस प्रकार यह स्पष्ट है कि काव्य की सृष्टि में भावना का महत्त्वपूर्ण स्थान है। मानव की सुखदु:खात्मक अनुभूति ही काव्य का रूप धारण कर लेती है। इस तथ्य के आधार पर हम यह कह सकते हैं कि काव्य का मानव जीवन के साथ घनिष्ठ सम्बन्ध है। मानव जीवन से उनके भावों को पृथक् नहीं किया जा सकता है। अतः मानव जाति के उद्भव के साथ ही साथ काव्य का उद्भव स्वीकार किया जा सकता है और मानव जाति के विकास के साथ ही साथ काव्य विकास होता आया है।

गद्यसाहित्य का उद्भव एवं विकास

गद्य की उत्पत्ति के विषय में विचार करने से हम इस निष्कर्ष पर पहुँचते हैं कि प्रारम्भ में मानव के भाव पद्य की अपेक्षा गद्य में ही रहे होंगे; क्योंकि प्राथमिक अभिव्यक्ति छन्दोबद्ध भाषा में होनी सम्भव नहीं है। अतः इसमें सन्देह नहीं है कि गद्य पद्य की अपेक्षा प्राचीनतर है।

संस्कृत साहित्य के अन्तर्गत गद्य का प्रयोग उसके प्राचीनतम वैदिक वाङ्मय में ही देखने को मिलता है। यद्यपि ऋग्वेद में गद्य का अभाव है परन्तु फिर भी जर्मन के सुप्रसिद्ध विद्वान् ओल्डेन वर्ग ने गद्य की स्थित ऋग्वेद में मानी है। उनका विचार है कि ऋग्वेद संवाद सूक्तों में गद्य का सम्मिश्रण रहा होगा परन्तु शनैः शनैः वह लुप्त हो गया होगा। क्योंकि पद्य की अपेक्षा गद्य की स्मृति अधिक समय तक नहीं रहती है। गद्य का प्राचीनतम रूप हमें कृष्ण यजुर्वेद में मिलता है। कृष्ण यजुर्वेद को कृष्णत्व प्राप्त कराने में गद्य का मिश्रण ही कारण है। इसके अतिरिक्त समस्त ब्राह्मण साहित्य गद्यमय है। आरण्यकों और उपनिषदों में भी गद्य की प्रचुरता है। संक्षेप में हम गद्य-साहित्य के विकास को इस प्रकार विभक्त कर सकते हैं—

१. वैदिक साहित्य का गद्य

(क) वेदकालीन गद्य, (ख) ब्राह्मणग्रन्थ, (ग) उपनिषद्, (घ) उप-

Kirtikant Sharma Collection, Najafgarh

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

निषदुत्तरकालीन-गद्य ।

२. लौकिकसाहित्य का गद्य

(क) दण्डी, (ख) सुबन्धु, (ग) बाणभट्ट, (घ) बाण से परवर्ती गद्य, (ङ) आधुनिक काल का गद्य।

(क) वेदकालीन गद्य–वैदिक वाङ्मय में प्रयुक्त होने वाला गद्य सरस, सरल एवं सहज है। इसमें प्रौढ़ता और समास बहुलता का अभाव है। वैदिक गद्य में सीधे सादे और छोटे-छोटे शब्दों का प्रयोग हुआ है। वाक्यों में रोचकता सरसता और सरलता का समावेश है। समासों का प्रयोग नाममात्र के लिए है। उपमा और रूपक जैसे अलंकारों का सुन्दर सन्निवेश गद्य के कमनीय कलेवर को कान्त बना रहा है। उदाहरण के लिए निम्नलिखित गद्य भाग को देखें–

'व्रात्य आसीदीयमान एव स प्रजापति समैरयत् । स प्रजापतिः सुवर्णमात्मन्नपश्यत् तत्प्राजनयत् । तदेकमभवत् तल्ललाममभवत्, तन्महदभवत् तज्ज्येष्ठमभवत्, तत् ब्रह्माभवत्, तत्तपोऽभवत्, तत्सत्यमभवत तेन प्राजायत ।'

(अथर्व १५ काण्ड १ सूक्तम्)

(ख) ब्राह्मण-ग्रन्थ–ब्राह्मण ग्रन्थों में भी सुन्दर, सरस एवं चित्ताकर्षक गद्य मिलता है। ब्राह्मणग्रन्थों में भी प्रयुक्त हुए गद्यों में सरलता एवं सुन्दरता का अपूर्व सामञ्जस्य है। उदाहरण के लिए निम्न गद्यखण्ड को देखें–

अग्निर्वै देवानामवमो विष्णुः परमस्तदन्तरेण सर्वा अन्या देवता । अग्नावैष्णवं पुरोडाशं निर्वपन्ति दीक्षणीयमेकादशकपालं सर्वाभ्य एवैनं तद्देवताभ्योऽनन्तरायं निर्वपन्ति । (ऐतरेय ब्राह्मणम् १ ।१)

ब्राह्मणग्रन्थों के ही समान आरण्यक ग्रन्थों में भी सुन्दर व सरस गद्य का प्रयोग मिलता है।

(ग) उपनिषद्–उपनिषद् ग्रन्थों का गद्य ब्राह्मणग्रन्थों के ही समान है। इसकी भाषा सरस, सरल और सजीव है। इसमें लम्बे-लम्बे समास वाले पदों का प्रयोग न होकर पुनरुक्ति के द्वारा वाक्यों को हृदय में आत्मसात् कराने का प्रयास परिलक्षित होता है। उदाहरण के लिए निम्नलिखित गद्य भाग

Kirtikant Sharma Collection, Najafgarh

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

को देखें—

"वेदमनूच्याचार्योऽन्तेवासिनमनुशास्ति । सत्यं वद । धर्मं चर । स्वाध्यायान्मा प्रमदः । आचार्य्याय प्रियं धनमाहृत्य प्रजातन्तुं मा व्यवच्छेत्सीः ।

सत्यान्न प्रमदितव्यम् । धर्मान्न प्रमदितव्यम्······मातृदेवोभव । पितृदेवो भव । आचार्यदेवो भव । अतिथि देवो भव······श्रद्धया देयम् । अश्रद्धयादेयम् । श्रिया देयम् । ह्रिया देयम् । भिया देयम् । संविदा देयम् । एष आदेशः । एषा वेदोपनिषत् । एतदनुशासनम् । एवमुपासितव्यम् । एवमु चैतदुपास्यम् ।

(घ) **उपनिषदुत्तरकालीन गद्य**—इस काल में वैदिक और लौकिक संस्कृत के गद्य का सामञ्जस्य रहता है । यह दोनों गद्यों की सन्धि का काल है । उपनिषद् साहित्य के पश्चात् वेदाङ्ग साहित्य में जो गद्य मिलता है उसमें समास शैली के दर्शन होने लगते हैं । यहीं से संक्षेपीकरण की प्रवृत्ति दिखलायी देने लगती है । इस शैली का चरम विकास पाणिनि की अष्टाध्यायी के सूत्रों में मिलता है । महर्षि पाणिनि ने समास शैली को अपनाकर गागर में सागर ही भर दिया है । यास्क का निरुक्त, भारतीय दर्शन और समस्त वेदाङ्ग साहित्य का गद्य इसी शैली में है । इस शैली ने आगे चलकर जिस संस्कृत गद्य का प्रवर्तन किया उसे परिष्कृत और अलंकृत गद्य कहा जा सकता है । इस काल के गद्य को अध्ययन की सुविधा के लिए हम तीन भागों में विभक्त कर सकते हैं—१. पौराणिक गद्य २. शास्त्रीय गद्य ३. शिलालेखीय गद्य ।

१. **पौराणिक गद्य**—इस गद्य के अन्तर्गत महाभारत एवं पुराणों का गद्य आता है । पौराणिक गद्य सरस, स्वाभाविक एवं चमत्कारपूर्ण है । यत्र तत्र अलंकारों का भी प्रयोग हुआ है । कहीं-कहीं साहित्यिकता के भी दर्शन होते हैं । उदाहरण के लिए श्रीमद्भागवत के प्रौढ़ गद्य को देखें—

सा च तदाश्रमोपवनमतिरमणीयं विविधनिविडविटपिविटपनिकरसंश्लिष्टपुरटलतारूढ़स्थलविहङ्गममिथुनैः प्रोच्यमानश्रुतिभिः प्रतिबोध्यमानसलिलकुक्कुटकारण्डवकलहंसादिभिर्विचित्रमुपकूजितामलजलाशयकमलाकरमुपबभ्राम ।

(श्रीमद्भागवत ५।२।४)

Kirtikant Sharma Collection, Najafgarh

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

तथा

तामेवाविदूरे मधुकरीमिव सुमनस उपजिघ्रन्तीं दिविजमनुजमनोनयनाल्हाद-दुघैर्गतिविहारव्रीडाविनयावलोकसुस्वराक्षरावयवैर्मनसि नृणां कुसुमायुधस्य विदधतीं विवरं निजमुखविगलितामृतासवसहासभाषणामोदमदान्धमधुकरनिकरो-परोधेन द्रुतपदविन्यासेन वल्गुस्पन्दनस्तनकलशकबरभाररशनां देवीं तदवलोकनेन विवृतावसरस्य भगवतो मकरध्वजस्य वशमुपनीतो जडवदिति होवाच ।

(श्रीमद्भागवत ५।२।६)

२. **शास्त्रीयगद्य**—शास्त्रीयगद्य हमें व्याकरण, दर्शन आदि ग्रन्थों में मिलता है। इस शैली का चरम लक्ष्य अर्थ की अभिव्यक्ति रहा है। चाहे जिस प्रकार के शब्दों का प्रयोग हो; परन्तु भावाभिव्यक्ति स्पष्ट होनी चाहिए। उदाहरण के लिए निम्नलिखित गद्यांश देखें—

ये पुनः कार्याभावा निर्वृत्तौ तावत् तेषां यत्नः क्रियते। तद्यथा—घटेन कार्यं करिष्यन् कुम्भकारकुलं गत्वाह—"कुरु घटं कार्यमनेन करिष्यामि। न तद्वच्छ-ब्दान् प्रयुयुक्षमाणो वैयाकरणकुलं गत्वाह—'कुरु शब्दान् प्रयोक्ष्य' इति। ताव-त्येवमर्थमुपादाय शब्दान् प्रयुञ्जते।'

(महाभाष्यम्)

आचार्य जयन्तभट्ट ने न्यायमञ्जरी नामक ग्रन्थ में अत्यन्त सुन्दर, सरस और प्राञ्जल गद्य का प्रयोग किया है। उनके गद्य में व्यंग्योक्ति की प्रधानता है। उदाहरण के लिए निम्नलिखित गद्यखण्ड को देखें—

आः क्षुद्रतार्किक। सर्वत्रानभिज्ञोऽसि, ब्रह्मैव जीवात्मानो नहि ततोऽन्ये। नहि दहनपिण्डाद् भेदेनापि भान्तः स्फुलिङ्गाः अग्निस्वरूपा भवन्ति तत् किं ब्रह्मण एवाविधा ? न च ब्रह्मणोऽविद्या।

३. **शिलालेखीय गद्य**—शिलालेखों में प्राप्त होने वाला गद्य अत्यन्त गम्भीर सरस एवं पाण्डित्यपूर्ण है। इस समय तक प्रौढ़ एवं पाण्डित्यपूर्ण गद्य की रचना होने लग गयी थी। शिलालेख के गद्य में प्रौढ़ता, प्राञ्जलता, मंजुलता, अलौ-किकता, अलंकारता आदि गुण विद्यमान हैं। रुद्रदामन् के गिरनार के लेख में गद्य की उत्कृष्टता देखें—

"स्फुटलघुमधुरचित्रकान्तशब्दसमयोदारालंकृत······गद्यपद्यप्रमाणमानोन्मान-

Kirtikant Sharma Collection, Najafgarh

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

स्वरगतिवर्णसारसत्त्वादिभिः परमलक्षणव्यञ्जनैरुपेतकान्तमूर्तिना स्वयमधिगतमहाक्षत्रपनाम्ना नरेन्द्रकन्यास्वयंवरानेकमाल्यप्राप्तदाम्ना महाक्षत्रपेण रुद्रदाम्ना वर्षसहस्राय गोब्राह्मणार्थंधर्मकीर्तिवृद्धयर्थं चापिडयित्वा करविशिष्टप्रणयक्रियाभिः पौरजानपदं जनं स्वस्मात्कोशान्महता घनौघेनानतिमहता च कालेन त्रिगुणतरविस्तारायामं सेतुं विधाय संवर्तते······सुदर्शनतरं कारितम् ।"

इस प्रकार इस गद्य को देखने के पश्चात् हम यह कह सकते हैं कि इस समय तक अलंकृत एवं प्रौढ़ गद्य की सृष्टि हो चुकी थी । यह प्रौढ़ गद्य लेखन की कला सहसा ही आविर्भूत नहीं हुई होगी । इसमें निश्चित ही शताब्दियों का प्रयास रहा होगा । कुछ ऐसे संकेत मिलते हैं जिनसे अलंकृत गद्य-ग्रन्थों का अनुमान लगाया जा सकता है । महर्षि कात्यायन ने अपने वार्तिकों में आख्यायिका का उल्लेख किया है—

"लुवाख्यायिकाभ्यो बहुलम्, आख्यानाख्यायिकेतिहासपुराणेभ्यश्च ।"

महर्षि पतञ्जलि ने भी लिखा है—"अधिकृत्य कृते ग्रन्थे बहुलं लुग्वक्तव्यः ।" वासवदत्ता, सुमनोत्तरा न च भवति भैमरथी ।"

इससे यह स्पष्ट हो जाता है कि वासवदत्ता, सुमनोत्तरा और भैमरथी ये तीन आख्यायिकायें अवश्य ही रही हैं जो कि उपलब्ध नहीं हैं । इनके अतिरिक्त भोज एवं दण्डी ने मनोवति, वररुचि ने चारुमति आदि गद्य ग्रन्थों का उल्लेख किया है जो कि सम्प्रति उपलब्ध नहीं हैं ।

यद्यपि अनेक गद्यग्रन्थों के दर्शन नहीं हो रहे हैं परन्तु इनसे यह स्पष्ट सिद्ध हो जाता है कि गद्यकाव्य का विकास क्रमिक हुआ है । संस्कृत गद्यकाव्य का जो अलंकृत रूप हमें उपलब्ध हो रहा है वह सहसा ही आविर्भूत नहीं हुआ अपितु उसके पहले उस क्षेत्र में निरन्तर अभ्यास और प्रयत्न होता रहा होगा ।

आचार्य दण्डी—अलंकृत संस्कृत गद्य साहित्य में आचार्य दण्डी का अप्रतिम स्थान है । इन्हें अलंकृत संस्कृत के प्रथम गद्यकार के रूप में माना जाता है । इनके वास्तविक नाम का आज भी पता नहीं है । दण्डी तो इनकी उपाधि थी । इनके ग्रन्थ काव्यादर्श के अनुशीलन से यह स्पष्ट हो जाता है कि इनका जन्म-

Kirtikant Sharma Collection, Najafgarh

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

स्थान विदर्भ देश है और ये दाक्षिणात्य हैं। इनके समय के विषय में विद्वानों में मतभेद है। अधिकांश विद्वान् इन्हें छठी शताब्दी का बतलाते हैं। इनकी भाषा शैली प्रसादगुणोपेत है। इनके विषय में अग्रिम पृष्ठों पर विस्तार से बतलाया जायगा।

सुबन्धु—दण्डी के पश्चात् अलंकृत गद्य साहित्यकारों में महाकवि सुबन्धु का नाम लिया जाता है। सुबन्धु के गद्य में प्रौढ़ता एवं प्राञ्जलता का मंजुल सामञ्जस्य है। इनका समय भी ईशा की छठी शताब्दी के उत्तरार्द्ध में ही ठहरता है। इनका लिखा हुआ वासवदत्ता नामक एक मात्र ग्रन्थरत्न उपलब्ध है। इनकी यह कृति प्रत्यक्षर श्लेषमयी होने के कारण संस्कृत साहित्य में अत्यंत प्रतिष्ठित भी है। इनके ग्रन्थ में चमत्कार प्रदर्शन प्रवृत्ति के दर्शन अधिक हो रहे हैं। ऐसा लगता है कि वे मानों शब्दों को पकड़-पकड़ कर अपनी कथा को अलंकृत और चमत्कृत करने में लगे हों। इस विषय में उन्होंने अपनी पाण्डित्य-प्रदर्शन प्रवृत्ति का सहयोग लिया है। निम्नलिखित उद्धरण को देखें जहाँ अनुप्रास अलंकार की छटा छिटक रही है—

"सुकान्ते कान्तिमति मन्द मन्दमपनय वाष्पविन्दून्। यूथिकालंकृतयूथिकं संचारय नलिनीदलतालवृन्तेनार्द्र वातान्।"

बाणभट्ट—संस्कृत गद्यसाहित्य में महाकवि बाणभट्ट का महत्त्वपूर्ण स्थान है। इनके गद्यकाव्य संस्कृत गद्यजगत् में तुलना नहीं रखते हैं। इनका स्थितिकाल सातवीं शताब्दी का पूर्वार्द्धकाल है। महाकवि बाणभट्ट की कीर्ति-कौमुदी को बिखेरने का श्रेय 'हर्षचरित' और 'कादम्बरी' नामक गद्य ग्रन्थों को है। इनके अतिरिक्त भी निम्नलिखित रचनायें महाकवि बाणभट्ट की ही बतलायी जाती हैं—

(१) चण्डीशतक, (२) पार्वतीपरिणय, (३) मुकुटताडितक और (४) पद्य कादम्बरी।

महाकवि बाण का गद्य तत्कालीन गद्य शैलियों के समन्वित रूप का परिचायक है। बाण ने अपनी गद्य शैली में भावपक्ष और कलापक्ष दोनों का सम्यक् निर्वाह किया है। आदर्श गद्य शैली के स्वरूप का उल्लेख वे स्वयं इस

Kirtikant Sharma Collection, Najafgarh

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

प्रकार करते हैं—

> "नवोऽर्थो जातिरग्राम्या श्लेषोऽक्लिष्टः स्फुटो रसः ।
> विकटाक्षरबन्धश्च कृत्स्नमेकत्र दुष्करम् ॥"

"अर्थात् नूतन एवं चमत्कारपूर्ण अर्थ, सुरुचिपूर्ण स्वभावोक्ति, सरस-श्लेष, स्पष्ट रूप से प्रतीत होने वाला रस तथा अक्षरों की दृढ़बन्धता—ये सब विशेषताएँ किसी काव्य में एक साथ प्राप्त होनी कठिन हैं।" बाण के गद्य में ये सभी गुण समन्वित रूप में मिल जाते हैं।

बाण पाञ्चाली गद्यरीति के आचार्य हैं। उन्होंने अर्थ के अनुरूप शब्दों की योजना की है। बाण की विषयानुरूपिणी शैली उनके गद्य को स्वाभाविक तथा प्रभावपूर्ण बनाने में समर्थ है। कोमलकान्त पदावली से युक्त पम्पासर का वर्णन देखें—

"उत्फुल्लकुमुदकुवलयकह्लारम्, उन्निद्रारविन्दमधुविन्दुबद्धचन्द्रकम्, अलिकुलपटलान्धकारितसौगन्धिकम्, सारसितसमदसारसम्, अम्बुरुहमधुपानमत्तकलहंसकामिनीकृतकोलाहलम्, अनेकजलचरपतङ्गशतसञ्चलनचलितवाचालवीचिमालम्, अनिलोल्लासितकल्लोलशिशिरशीकराब्धदुर्दिनम् ।"

बाण ने अलंकारों का सुन्दर प्रयोग किया है। उनके लम्बे-लम्बे समस्त पद पाठकों के चित्त को आल्हादित कर देते हैं। संक्षेप में हम कह सकते हैं कि महाकवि बाणभट्ट के गद्य में समस्त विशेषताएँ समन्वित रूप में विद्यमान हैं। उनके विषय में श्री चन्द्रदेवकी निम्नलिखित उक्ति प्रसिद्ध है—

> श्लेषे केचन शब्दगुम्फविषये केचिद्रसे चापरेऽ
> लंकारे कतिचित्सदर्थविषये चान्ये कथावर्णने ।
> आ सर्वत्र गभीरधीरकविताविन्ध्याटवी चातुरी
> संचारीकविकुम्भिकुम्भभिदुरो बाणस्तु पंचाननः ॥

बाणभट्ट के अनन्तर कई एक गद्य लेखकों ने उन्हीं का अनुकरण किया है। इनमें धनपाल की तिलकमञ्जरी, वादीभसिंह की गद्यचिन्तामणि, वामन-

Kirtikant Sharma Collection, Najafgarh

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

भट्टवाण का वेमभूपालचरित और अनन्तशर्मा का मुद्राराक्षसपूर्वसंकथानक अधिक प्रसिद्ध ग्रन्थ हैं ।

आधुनिककाल का गद्य—आधुनिक गद्य लेखकों में पण्डित अम्बिकादत्त व्यास, पण्डित हृषीकेष भट्टाचार्य, पण्डित क्षमाराव कवियित्री, पण्डित विश्वेश्वर पांडेय के नाम उल्लेखनीय हैं । इन लेखकों की भाषा सरस सरल एवं प्रसादगुणोपेत है । कहीं-कहीं पांडित्य प्रदर्शन की भी प्रवृत्ति पायी जाती है । इनके अतिरिक्त पण्डित मेधावृत, टी राजम्मा, श्रीनारायण शास्त्री खिस्ते, श्रीकृष्णमाचार्य, टी०के० गणपति शास्त्री, पण्डित रामावतार शर्मा, श्री द्विजेन्द्रनाथ शास्त्री, डा० हरिदत्त शास्त्री आदि के नाम उल्लेखनीय हैं ।

काव्य-प्रयोजन

मनुष्य की यह स्वाभाविक प्रवृत्ति है कि वह दुःख से निवृत्त होकर सुख शान्ति को प्राप्त करना चाहता है । इस सुखोपलब्धि के लिए हमारे यहाँ अनेक प्रकार से सोचा विचारा गया है । यद्यपि वेदाध्ययन, तपश्चर्या, दर्शन आदि अनेक साधन उस सुख-सिद्धि में हेतु हैं, परन्तु मानव जाति की यह स्वाभाविक प्रवृत्ति है कि वह सरल से सरल साधन के द्वारा अपना प्रयोजन सिद्ध करना चाहता है, उसे कठिन परिश्रम इष्ट नहीं है । एतदर्थ उसने एक ऐसे मार्ग का अनुसंधान किया है जो कि सरल, सरस एवं जनसाधारण को प्राप्तव्य है—यही काव्य नाम से प्रसिद्ध है ।

हमारे यहाँ काव्यप्रयोजन के विषय में प्राचीनकाल से ही विचार होता चला आ रहा है । यहाँ पाश्चात्त्य काव्य समीक्षकों के "Art for arts sake" (कला केवल कला के लिए) के सिद्धान्त को स्वीकार नहीं किया गया है । हमारे मनीषियों ने कला को पर्याप्त महत्त्व दिया है । कला का सम्बन्ध केवल भौतिक तथा बाह्य विषयों तक ही सीमित नहीं है अपितु वह हृदय पक्ष से सम्बन्ध रखती है । अतएव कहा गया है—

"विश्रान्तिर्यस्य सम्भोगे सा कला न कला मता ।
लीयते परमानन्दे ययात्मा सा परा कला ।।"

अर्थात् जिसकी उपयोगिता सम्भोग में ही समाप्त हो जाती है वह कला-

Kirtikant Sharma Collection, Najafgarh

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

कला नहीं है अपितु जिसके द्वारा आत्मा को परम आनन्द की अनुभूति होती है, वही उत्कृष्ट कोटी की कला है ।"

भरत मुनि का विचार है कि काव्य का प्रयोजन, लोक का मनोरंजन एवं शोकपीड़ित तथा परिश्रान्त जनों को विश्रान्ति प्रदान करना है–

वेदविद्येतिहासानामाख्यानपरिकल्पनम् ।
विनोदजननं लोके नाट्यमेतद् भविष्यति ।।
दुःखार्त्तानां श्रमार्त्तानां शोकार्त्तानां तपस्विनाम् ।
विश्रामजननं लोके नाट्यमेतद् भविष्यति ।।

काव्य-प्रयोजन की व्याख्या करते हुए कविराज विश्वनाथ कहते हैं कि "काव्य के द्वारा अल्पबुद्धि मानव भी सुखपूर्वक धर्म, अर्थ काम एवं मोक्ष रूप पुरुषार्थचतुष्टय को प्राप्त कर सकता है–

चतुर्वर्गफलप्राप्तिः सुखादल्पधियामपि ।
काव्यादेव यतस्तेन तत्स्वरूपं निरूप्यते ।।

काव्य की उपादेयता के विषय में अग्निपुराण में कहा गया है कि संसार में मनुष्य होना दुर्लभ है, विद्याप्राप्ति इससे भी दुर्लभ है, कवित्वशक्ति उससे भी दुर्लभ है और कविप्रतिभा तो अत्यन्त दुर्लभ है–

"नरत्वं दुर्लभं लोके विद्या तत्र सुदुर्लभा।
कवित्वं दुर्लभं तत्र शक्तिस्तत्र सुदुर्लभा ।।"

काव्य-प्रयोजन पर वाग्देवतावतार आचार्य मम्मट ने विस्तारपूर्वक विचार किया है। वे इस प्रकार लिखते हैं –

"काव्यं यशसेऽर्थकृते व्यवहारविदे शिवेतरक्षतये ।
सद्यः परनिर्वृत्तये कान्तासम्मिततयोपदेशयुजे ।।"

अर्थात् काव्य रचना यश प्राप्ति के लिए, धनार्जन के लिए, व्यवहार ज्ञान के लिए, अमंगल-विनाश के लिए, सद्यः परमानन्द की प्राप्ति के लिए और प्रियतमा के समान उपदेश देने के लिए होता है । प्रस्तुत सन्दर्भ में आचार्य

Kirtikant Sharma Collection, Najafgarh

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

मम्मट ने[1] कान्तासम्मित उपदेश की मीमांसा करते हुए कहा है कि किसी कार्य को सम्पन्न करने के लिए (१) प्रभुसम्मित (२) मित्रसम्मित और (३) कान्तासम्मित उपदेशों से प्रेरणा प्राप्त होती है।

(१) वेदशास्त्रों का उपदेश राजा या स्वामी की आज्ञा के समान होता है, इसमें शब्द की प्रधानता रहती है। आज्ञा-प्रधान होने के कारण लोग इस उपदेश को उस भाव से नहीं ग्रहण करते हैं जिस प्रकार अन्य उपदेशों को।

(२) पुराणादि का उपदेश मित्र के समान है। जिस प्रकार कोई मित्र किसी मित्र को प्रयोजन समझाकर उसे किसी कार्य के लिए प्रेरित करता है उसी प्रकार पुराणादि उचित मार्ग दर्शन कराके किसी व्यक्ति को कार्य में प्रवृत्त करते हैं।

(३) तीसरे प्रकार का उपदेश कान्ता के समान है। जिस प्रकार कोई प्रियतमा सरसता के साथ अपने प्रिय को अपनी बात सुनाने के लिए आकृष्ट कर किसी कार्य के लिए प्रेरित करती है उसी प्रकार काव्य भी श्रोता को सरसता के द्वारा आकृष्ट कर उसे समुचित शिक्षा देता है। इस प्रकार काव्य का उपदेश कान्तासम्मित उपदेश है। पाश्चात्य समालोचकों का काव्य प्रयोजन के सम्बन्ध में इस प्रकार अभिमत है–

"To teach, to please, these are the poets aim or at once to porofit and to amuse"

—Horace

इस प्रकार हम देखते हैं कि मम्मट का काव्यप्रयोजन पाश्चात्य समीक्षकों से एक विचित्र साम्य रखता है। काव्य के द्वारा ही वाल्मीकि, व्यास, भास, कालिदास, भवभूति, भारवि, माघ, श्रीहर्ष आदि अनेक महाकवि अत्य-

१. प्रभुसम्मितशब्दप्रधानवेदादिशास्त्रेभ्यः सुहृत्सम्मितार्थतात्पर्यवत्पुराणादीतिहासेभ्यश्च शब्दार्थयोर्गुणभावेन रसाङ्गभूतव्यापारप्रवणतया विलक्षणं यत्काव्यं लोकोत्तरवर्णनानिपुणकविकर्म तत् कान्तेव सरसतापादानेनाभिमुखीकृत्य रामादिवद्वर्तितव्यं न रावणादिवदित्युपदेशं च यथायोगं कवेः सहृदयस्य च करोतीति सर्वथा तत्र यतनीयम्। —(काव्यप्रकाश)

Kirtikant Sharma Collection, Najafgarh

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

धिक यश प्राप्त कर सके हैं । ऐसे ब्रह्मानन्द-सहोदर काव्यशास्त्र के परिशीलन में अनुरक्त होना मानव की स्वाभाविक प्रवृत्ति ही है ।

काव्य का स्वरूप

भारतीय समालोचकों ने कवि को प्रजापति की पदवी से विभूषित किया है[1] । महावैयाकरण श्री भानु जी दीक्षित ने कवि शब्द की व्युत्पत्ति इस प्रकार की है—"कवते श्लोकान् ग्रथते वर्णयति वा कविः" अर्थात् वर्णन करने वाले को कवि कहते हैं और "कवेर्भावः कर्म काव्यम्" अर्थात् कवि के भाव या कर्म को काव्य कहते हैं ।

काव्य शरीर की रचना शब्द और अर्थ से होती है । ये दोनों परस्पर सम्पृक्त रूप में रहते हैं । एक के विना दूसरा ठहर ही नहीं सकता है । दोनों ही अन्योन्याश्रित हैं । अतएव कविकुलगुरु महाकवि कालिदास ने मंगलाचरण के श्लोक में शब्द और अर्थ की एकता बतलायी है—

"वागर्थाविव सम्पृक्तौ वागर्थप्रतिपत्तये ।
जगतः पितरौ वन्दे पार्वतीपरमेश्वरौ ॥"

इस प्रकार शब्द तथा अर्थ का परस्पर अटूट सम्बन्ध है । शब्द तथा अर्थ से काव्य बनता है । परन्तु काव्य के लक्षण के सम्बन्ध में सभी आचार्य एक मत नहीं हैं । कोई अलंकार को काव्य की आत्मा मानता है, कोई रीति को, कोई रस को, कोई ध्वनि को तो कोई वक्रोक्ति को ही काव्य का जीवन मानता है । संक्षेप में विभिन्न आचार्यों के मतों को छः सम्प्रदायों में विभक्त किया जा सकता है—

१—अलंकार सम्प्रदाय

२—रस सम्प्रदाय

३—रीति सम्प्रदाय

४—ध्वनि सम्प्रदाय

---

१. अपारे काव्यसंसारे कविरेकः प्रजापतिः ।
यथास्मै रोचते विश्वं तथेदं परिवर्तते ॥

Kirtikant Sharma Collection, Najafgarh

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

५–वक्रोक्ति सम्प्रदाय

६–औचित्य सम्प्रदाय

१. अलंकार सम्प्रदाय – इस सम्प्रदाय के प्रवर्तक आचार्य भामह माने जाते हैं। भामह के अतिरिक्त दण्डी, भोज आदि इसके प्रमुख आचार्य हैं। इन आचार्यों ने अलंकारों को काव्य के लिए अनिवार्य माना है आचार्य भामह ने तो यहाँ तक कहा है–

"न कान्तमपि निर्भूषं विभाति वनिताननम् ।"

अर्थात् सुन्दर होते हुए भी अंलकारों से रहित सुन्दरी का मुख शोभा नहीं देता है। जयदेव ने तो अपने चन्द्रालोक में यहाँ तक कहा हैं कि अलंकार-रहित काव्य को काव्य कहना उष्णता से रहित अग्नि को अग्नि कहने के समान है–

"अङ्गीकरोति यः काव्यं शब्दार्थावनलङ्कृती ।
असौ न मन्यते कस्मादनुष्णमनलङ्कृती ॥"

२. रस सम्प्रदाय – इस सम्प्रदाय के प्रवर्तक भरत मुनि माने जाते हैं। उनका कथन है–"नहि रसादृते कश्चिदर्थः प्रवर्तते ।" रस के अस्तित्व को सभी आचार्यों ने स्वीकार किया है। परन्तु कविराज विश्वनाथ ने तो "वाक्यं रसात्मकं काव्यम्" लिखकर काव्य में रस की महत्ता को स्पष्ट उद्घोषित किया है।

३. रीति सम्प्रदाय – आचार्य वामन ने रीति को काव्य की आत्मा स्वीकार किया है–"रीतिरात्मा काव्यस्य" विशिष्ट पदरचना को रीति कहते हैं (विशिष्टपदरचना रीतिः) ।

४. ध्वनि सम्प्रदाय – ध्वनिसम्प्रदाय के प्रवर्तक आचार्य आनन्दवर्धन माने जाते हैं। उन्होंने अपने ध्वन्यालोक में लिखा है–

"काव्यस्यात्मा ध्वनिरिति बुधैर्यः समाम्नातपूर्वः।

ध्वनि की परिभाषा करते हुए वे लिखते हैं कि जहाँ अभिधा का अर्थ व्यञ्जना से दब जाता है वहाँ ध्वनि रहती है –

Kirtikant Sharma Collection, Najafgarh

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

"यत्रार्थः शब्दो वा तमर्थमुपसर्जनीकृतस्वार्थौ ।
व्यङ्क्तः काव्यविशेषः स ध्वनिरिति सूरिभिः कथितः ॥"

आचार्य मम्मट ने भी ध्वनि काव्य को उत्तम कोटि का काव्य माना है– "इदमुत्तममतिशयिनि व्यङ्ग्ये वाच्याद् ध्वनिर्बुधैः कथितः ।" इस सम्प्रदाय का साहित्यशास्त्र में महत्त्वपूर्ण स्थान है।

५. **वक्रोक्ति सम्प्रदाय** – इस सम्प्रदाय के प्रधान आचार्य कुन्तक हैं। इनके अनुसार काव्य की परिभाषा इस प्रकार है –"कवि के वक्रोक्ति वाले व्यापार से युक्त जिस बन्ध में शब्द और अर्थ उस वक्रता के उपकारक होकर गुँथे रहते हैं, उस बन्ध को काव्य कहते हैं–

"शब्दार्थौ सहितौ वक्रकविव्यापारशालिनि ।
बन्धे व्यवस्थितौ काव्यं तद्विदाह्लादकारिणि ।"

६. **औचित्य सम्प्रदाय** – इस सम्प्रदाय के प्रवर्तक आचार्य क्षेमेन्द्र माने ज़ाते हैं। इन्होंने औचित्य को काव्य का मूलतत्त्व माना है और रस का जीवन बतलाया है–

"औचित्यस्य चमत्कारकारिणश्चारुचर्वणे ।
रसजीवितभूतस्य विचारं कुरुतेऽधुना ॥"

इसके अतिरिक्त अग्निपुराण में अभीष्ट अर्थ व्यक्त करने वाले दोषरहित एवं गुण सहित वाक्य-विधान को काव्य कहा गया है–

"संक्षेपाद्वाक्यमिष्टार्थव्यवच्छिन्ना पदावली ।
काव्यं स्फुरदलङ्कारं गुणवद्दोषवर्जितम् ॥"

आचार्य मम्मट ने उस शब्दार्थ को काव्य माना है जो दोषों से रहित, गुणों से युक्त तथा कहीं अलंकार से रहित भी हो–

"तददोषौ शब्दार्थौ सगुणालंवनकृती पुनः क्वापि ।"

रसगंगाधर के प्रणेता पंडितराज जगन्नाथ ने रमणीय अर्थ के प्रतिपादक शब्द को काव्य कहा है–

Kirtikant Sharma Collection, Najafgarh

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

"रमणीयार्थप्रतिपादकः शब्दः काव्यम् ।

उपर्युक्त मतों की समीक्षा करने से यह निष्कर्ष निकलता है कि चमत्कार पूर्ण, रसात्मक, गुणालङ्कारयुक्त निर्दोष वाक्य को काव्य कहते हैं।

काव्य के भेद

दृश्य तथा श्रव्य के भेद से काव्य दो प्रकार का होता है।[1] दृश्य-काव्य को रूपक कहते हैं। यह नाटक, प्रकरण भाण, व्यायोग, समवकार, डिम, ईहामृग, अङ्क, वीथी और प्रहसन के भेद से दश प्रकार का होता है–

'नाटकमथ प्रकरणं भाणव्यायोगसमवकारडिमाः ।
ईहामृगाङ्कवीथ्यः प्रहसनमिति रूपकाणि दश ॥"

श्रव्य-काव्य के भी पद्य, गद्य एवं मिश्र (पद्य और गद्य मिश्रित) ये तीन भेद होते हैं। इनमें भी पद्य-काव्य के सात भेद हैं –

१. महाकाव्य, २. खण्डकाव्य ३. कुलंक, ४. कलापक, ५. सन्दानितक, ६. युग्मक सौर ७. मुक्तक। मिश्र (चम्पू) काव्य भी विरुद तथा करम्भक के भेद से दो प्रकार का होता है।

सुप् और तिङ जिसके अन्त में हों इस प्रकार का पदों का समुदाय जो कि चरणों में आवद्ध न हो गद्य कहलाता है ('अपदः पदसन्तानो गद्यं तदपि गद्यते'– अग्निपुराण)

कविराज विश्वनाथ ने गद्य की सामान्य परिभाषा इस प्रकार की है– 'वृत्तगन्धोज्झितं गद्यम्' अर्थात् गद्य छन्द की गन्ध से रहित होता है। अग्नि-पुराण में गद्य के तीन रूप बतलाये गये हैं–१. चूर्णक, २. उत्कलिका और ३. वृत्तगन्धि। जिस गद्य में कम से कम विग्रह हो और जो अत्यन्त मृदु सन्दर्भ पर निर्भर न हो वह गद्य चूर्णक कहलाता है। जिसमें दीर्घ समास होता है उस गद्य को उत्कलिका कहते हैं। जो मध्यम सन्दर्भ वाला होता है जिसका विग्रह अत्यन्त कुत्सित नहीं होता है जिसमें यत्र तत्र वृत्त (छन्द) के भी

---

१. दृश्यश्रव्यत्वभेदेन पुनः काव्यं द्विधा मतम्। सा० द०६।१।

Kirtikant Sharma Collection, Najafgarh

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

दर्शन होते हैं और जो अत्यन्त उत्कंट नहीं होता है उस गद्य को वृत्तगन्धि कहते हैं –

"चूर्णकोत्कलिकावृत्तगन्धिभेदात् त्रिरूपकम् ।
अल्पाल्पविग्रहं नातिमृदुसन्दर्भनिर्भरम् ॥
चूर्णकं नामतो दीर्घसमासोत्मलिका भवेत् ॥
भवेन्मध्यंसन्दर्भं नातिकुत्सितविग्रहम्
वृत्तच्छायाहरं वृत्तसन्धिनैतत् किलोत्कटम् ॥"
(अग्निपुराण)

कविराज विश्वनाथ ने गद्य के चार भेद बतलाये हैं–१. मुक्तक, २. वृत्तिगन्धि, ३. उत्कलिकाप्राय और ४. चूर्णक। मुक्तक गद्य समास रहित होता है। वृत्तिगन्धि में पद्य के अंश रहते हैं। उत्कलिकाप्राय में दीर्घ समास रहते हैं। चूर्णक में छोटे-छोटे समास रहते हैं:–

वृत्तगन्धोज्झितं गद्यं मुक्तकं वृत्तगन्धि च ।
भवेदुत्कलिकाप्रायं चूर्णकं च चतुर्विधम् ।
आद्यं समासरहितं वृत्तभागयुतं परम् ।
अन्यद्दीर्घसमासाढ़्यं तुर्यं चाल्पसमासकम् ॥

इस प्रकार हम देखते हैं कि अग्निपुराणकार ने मुक्तक नामक गद्य के भेद का उल्लेख नहीं किया है जिसका कि कविराज विश्वनाथ ने अपने साहित्य-दर्पण में उल्लेख किया है। हो सकता है कि अग्निपुराण के समय में मुक्तक गद्य को प्रतिष्ठित गद्य के रूप में मान्यता न मिली हो, जिसे आगे चलकर विद्वानों ने महत्त्व दिया हो। कविराज विश्वनाथ ने मुक्तक गद्य को सर्व प्रथम लिखा है जिससे यह ज्ञात होता है कि कविराज विश्वनाथ के समय तक मुक्तक गद्य को अत्यन्त प्रतिष्ठा मिल गयी होगी। अतः उन्होंने समास रहित स्वाभाविक गद्य को सर्व प्रथम स्थान दिया है।

गद्यं कवीनां निकषं वदन्ति

गद्य एवं पद्य ये दोनों भाषा भामिनी के सुललित चरण हैं। इनके द्वारा

Kirtikant Sharma Collection, Najafgarh

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

ही भाषा के समस्त कार्य सम्पन्न होते हैं। भाषा के लिए ये दोनों ही अत्यन्त आवश्यक उपादान हैं। यदि एक ओर पद्य की लयवद्धता एवं मधुरता सहृदयों के मन को लुभा लेती है तो दूसरी ओर दैनिक व्यवहार के लिए समाज में गद्य की अनिवार्यता सर्वथा अपेक्षित है। व्यावहारिक रूप में पद्य की अपेक्षा गद्य का अधिक महत्त्व है। साधारणतया मानव की दैनिक अभिव्यक्तियाँ गद्य के द्वारा ही सम्पन्न होती हैं। इतना होने पर भी संस्कृत साहित्य में गद्य की अपेक्षा पद्य का ही प्राचुर्य है। संस्कृत में गद्य के अल्पीभाव के अनेक कारण हैं।

प्राचीन काल में ग्रन्थों के छापने की मशीनों का अभाव था। प्रायः लोग रचनाओं को कण्ठाग्र करके ही सुरक्षित रखते थे। पद्य साहित्य को कण्ठाग्र करके ज्यों का त्यों सुरक्षित रखना सरल है जबकि गद्य साहित्य को याद करके उसी रूप में सुरक्षित रखना अत्यन्त कठिन है। पद्यों के स्वर माधुर्य एवं संगीत के आकर्षण से साधारण जन भी उनमें अनायास ही प्रवृत्त हो सकता है। गेय होने के कारण लोग उन्हें ज्यों का त्यों याद करके सुरक्षित रख सके हैं जबकि गद्य के विषय में यह सब कुछ सम्भव नहीं है। यही कारण रहा है कि पद्य-रचना अत्यन्त लोकप्रिय होती हुई कर्ण-परम्परा से सुरक्षित बनी रही। इसके विपरीत गद्य रचनाओं की स्थिति अधिक समय तक न रह सकी। इसके अतिरिक्त तत्कालीन समाज में पद्य साहित्य की अधिक प्रतिष्ठा रही है। बहुशः राजदरबारों में कवि गोष्ठियाँ होती रही हैं जिनमें विभिन्न कवियों को सम्मानित किया जाता था। ऐसी गोष्ठियों में पद्य में रचना का ही प्रचार-प्रसार रहा है। पद्य की लयबद्धता, मधुरता, सरसता लोगों को आकृष्ट करती रही है। इस प्रकार राजकीय प्रश्रय होने के कारण लोग पद्यरचना में अधिक रुचि रखते हैं। गद्य रचना की न्यूनता का सबसे बड़ा कारण रहा है उसकी प्रकृष्टतम प्रौढ़ता। पद्य रचना गद्य रचना की अपेक्षा सरल है। कारण यह है कि पद्य रचना में कवि अपनी अयोग्यता को भली-भाँति छिपा सकता है। पद्य रचना छन्दों में की जाती है। छन्द में गुरु, लघु, यति, विराम, मात्राओं तथा वर्णों की संख्या निश्चितप्राय रहती है। ऐसी दशा में यदि कवि किसी भाव को उसके अनुरूप भाषा के द्वारा प्रस्तुत नहीं कर पाता है तो भी सामाजिक

Kirtikant Sharma Collection, Najafgarh

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

जन उसे कवि का दोष नहीं मानते हैं। वे छन्द योजना को ही उसके कारण रूप में प्रस्तुत करते हैं। यदि कहीं कोई बड़ी भी भूल हो जाती है तो उसे छन्द की भूल ठहराकर कवि को उस दोष से मुक्त कर दिया जाता है। अनेक दोषों के रहते हुए भी पद्यरचना की सरसता, रोचकता एवं लयात्मकता से प्रभावित होकर सामाजिक जन वाह-वाह ही करने लगते हैं। इस प्रकार हम देखते हैं कि पद्य-रचना में कवि के दोषों को छिपाने की अद्‌भुत क्षमता है। इसके विपरीत गद्य-रचना में लयात्मकता न होने से उसमें सरसता एवं रोचकता लाने के लिए अधिक परिश्रम करना पड़ता है। पद्य-रचना के ही समान यदि गद्य रचना में कोई दोष आ जाये तो वह धुले हुए धवल वस्त्र में काले धब्बे के समान दूर से ही चमकने लगेगा और कवि के करे कराये परिश्रम पर पानी फेर देगा। गद्यरचना में शब्द,अर्थ, मात्रा, भाव, व्याकरण, रीति, अलंकार, रस आदि के दोष दूर से ही चमकने लगते हैं और कवि के सारे परिश्रम को फिर-फिरा कर देते हैं। यदि कोई गद्य लेखक अत्यन्त परिश्रम के साथ गद्यरचना में प्रवृत्त होकर सुन्दर गद्य ग्रन्थ की निर्मिति करता है और उसे सर्वथा निर्दोष बनाने की चेष्टा करता है, फिर भी यदि कहीं धोखे से रंचक मात्र भी असावधानी हो जाय तो उसकी कृति पर आलोचक लोग नाक-भौं सिकोड़ने लगेंगे, परन्तु यदि पद्य रचना अनेक दोषों से युक्त हो, उसमें अस्वाभाविकता, कृत्रिमता आदि की स्थिति हो, सारी की सारी रचना बेकार हो ऐसी स्थिति में भी यदि अन्तिम चरण भी रोचक व आह्लादक बन पड़ा तो सभा के मध्य में वाह-वाही तो मिल ही जायगी। यही कारण है कि गद्य रचना में अधिकांश लोगों की प्रवृत्ति नहीं हुई। किसी विद्वान् ने ठीक ही कहा है–

थक-थक के हर मुकाम पर दो चार रह गये।
आगे न चल सकें तो लाचार क्या करें॥

इससे यह स्पष्ट ही हो जाता है कि कवि की वास्तविक परीक्षा गद्यरचना के द्वारा ही की जा सकती है। पद्यरचना में तो कोई भी प्रवृत्त हो सकता है और येन-केन प्रकारेण कुछ लिख लिखाकर यश भी प्राप्त कर सकता है, परन्तु गद्य के क्षेत्र में प्रवृत होकर यश प्राप्त कर लेना विरले ही कवि के द्वारा सम्भव

Kirtikant Sharma Collection, Najafgarh

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

है । इसी को लक्ष्य कर कहा गया है–

"गद्यं कवीनां निकषं वदन्ति ।"

वस्तुतः गद्य रचना के द्वारा ही भाषा-सौन्दर्य, वर्णन चातुर्य, कल्पना-वैचित्र्य, पद-लालित्य, रस-वैदग्ध्य, अलंकार-वैशिष्ट्य आदि काव्य शास्त्रीय गुणों का अनुभव किया जा सकता है जो कि साधारण कवि के द्वारा सम्भव नहीं है।

कथा एवं आख्यायिका

अग्नि पुराणकार ने गद्य काव्य के पांच भेद बतलाये हैं–१. आख्यायिका २. कथा ३. खण्डकथा ४. परिकथा और ५. कथानिका–

"आख्यायिका कथा खण्डकथा परिकथा तथा ।
कथानिकेति मन्यन्ते गद्य काव्यं च पञ्चधा ।।"

(अग्निपुराण अध्याय ३३६।१२)

अग्नि पुराण के गद्य काव्यीय विश्लेषण से ऐसा लगता है कि इसके पूर्व समाज में उक्त प्रकार की रचनायें होती रही हैं; परन्तु आज कथा और आख्यायिका ये दो ही भेद उपलब्ध हैं । आख्यायिकाओं का अनेक स्थानों पर उल्लेख है परन्तु दुर्भाग्यवश अनेक आख्यायिकाओं का नाम मात्र ही शेष रह गया है सम्प्रति गद्य काव्य के दो ही रूप उपलब्ध हैं–१. आख्यायिका और २. कथा । अग्निपुराणकार ने आख्यायिका का लक्षण इस प्रकार बतलाया है कि आख्यायिका में कर्त्ता के वंश की प्रशंसा कन्याहरण संग्राम विप्रलम्भ, विपत्ति आदि होते हैं । इसमें रीति वृत्ति की प्रवृत्तियाँ स्पष्ट रहती हैं, उच्छ्वासों के द्वारा परिच्छेद निश्चित होते हैं । वक्त्र एवं अपरवक्त्र नामक छन्दों का प्रयोग होता है और चूर्णक गद्य का प्रयोग किया जाता है–

"कर्तृवंशप्रशंसा स्याद् यत्र गद्येन विस्तरात् ।
कन्याहरण-संग्राम-विप्रलम्भ-विपत्तयः ।
भवन्ति यत्र दीप्ताश्च रीति-वृत्ति-प्रवृत्तयः ।
उच्छ्वासैश्च परिच्छेदो यत्र या चूर्णकोत्तरा ।

Kirtikant Sharma Collection, Najafgarh

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

वक्त्रं चापवक्त्रं वा यत्र साख्यायिका स्मृता ॥
(अग्निपुराण)

कथा का लक्षण अग्निपुराणकार ने इस प्रकार दिया है–

"कथा में कवि संक्षेप में अपने वंश की प्रशंसा करता है। प्रमुख कथा के लिए गौण कथा का आश्रय लेता है। इसमें परिच्छेद का अभाव रहता है। कहीं-कहीं लम्बकों के द्वारा विभाजन किया जाता है और चतुष्पदी पद्यों का प्रयोग होता है–

"श्लोकैः स्ववंशं संक्षेपात् कविर्यत्र प्रशंसति ।
मुख्यार्थस्यावताराय भवेद् यत्र कथान्तरम् ।
परिच्छेदो न यत्र स्याद् भवेद् वा लम्बकैः क्वचिद् ।
सा कथा नाम तद्गर्भे निबध्नीयात् चतुष्पदीम् ॥
(अग्निपुराण अ० ३३६।१५-१७)

अमरकोषकार का कथन है कि आख्यायिका ऐतिहासिक कथन पर आधारित होती है और कथा कल्पना जन्य होती है–

"आख्यायिकोपलब्धार्था, प्रबन्धकल्पना कथा ।"

आचार्य भामह ने आख्यायिका के विषय में अपनी सम्मति इस प्रकार दी है कि इसमें सुन्दर शब्द चयन, भावी इति वृत्त के सूचक श्लोक, वक्त्र एवं अपवक्त्र छन्दों का प्रयोग नायक के द्वारा कथानक का कथन, कन्याहरण, संग्राम, विप्रलम्भ आदि का सांगोपाङ्ग वर्णन होना चाहिए और कथा में वक्त्र एवं अपवक्त्र छन्दों का अभाव, उच्छ्वासों का अभाव, नायक के द्वारा कथानक का अप्रस्तुतीकरण संस्कृत अथवा अपभ्रंश का प्रयोग आदि विशेषताएँ रहती हैं।

इस प्रकार हम देखते हैं कि आचार्य भामह ने कथा और आख्यायिका के सम्बन्ध में कोई मौलिक बात नहीं कही है। आचार्य दण्डी के अनुसार इन दोनों में कोई विशेष अन्तर नहीं है। उन्होंने कथा एवं आख्यायिका का अन्तर्भाव जाति के अन्तर्गत किया है । उनका विचार है कि आख्यायिका में सम्पूर्ण कहानी नायक स्वयं कहता है जबकि कथा में कहानी कहने वाला नायक भी हो सकता है और कोई अन्य पात्र भी। आख्यायिका की कहानी उच्छ्वासों में

Kirtikant Sharma Collection, Najafgarh

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

विभक्त रहती है जबकि कथा में ऐसा नहीं होता है। आख्यायिका में वक्त्र तथा अपवक्त्र छन्दों का प्रयोग होता है जबकि कथा में इनका प्रयोग नहीं होता है।

आचार्य रुद्रट ने कथा और आख्यायिका में महत्त्व पूर्ण परिवर्तन किये हैं। इनके अनुसार कथा के प्रारम्भ में गुरु एवं देवताओं की वन्दना और अपने वंश का वर्णन होना चाहिए। भाषा अनुप्रास युक्त होनी चाहिए। प्रारम्भ में कवि दूसरी कथा के द्वारा रचना करता है परन्तु वही दूसरी कथा आगे आने वाली दूसरी कथा में विलीन हो जाती है। इसमें कन्या की प्राप्ति का वर्णन रहता है तथा शृंगार रस की प्रधानता होती है।

आख्यायिका का प्रारम्भ कथा के समान ही होना चाहिए। इसमें पुरातन कवियों की प्रशंसा भी रहती है। इसके द्वारा किसी राजा की प्रशंसा की जाती है। विषय के विभाजन के लिए उच्छ्वासों का प्रयोग होता है और उच्छ्वासों के प्रारम्भ में भावी कथा को सूचित करने वाले आर्याछन्दों का प्रयोग होता है।

आचार्य आनन्दवर्धन का विचार है कि आख्यायिका में दीर्घ समास एवं विकट बन्ध की स्थिति रहती है। जब कि कथा में विकटबन्ध के रहते हुए सरसता आवश्यक है। इस सन्दर्भ में कविराज विश्वनाथ का भी अभिमत विचारणीय है क्योंकि उनका मत आधुनिक मत है। इनके मतानुसार कथा में सरस कथा वस्तु गद्यों के द्वारा ही बनायी जाती है। इसमें कहीं-कहीं आर्या छन्द और कहीं वक्त्र और अपवक्त्र छन्द प्रयुक्त होते हैं। प्रारम्भ में पद्यों के द्वारा गुरु आदि को नमस्कार और दुष्टों की निन्दा की जाती है–

कथायां सरसं वस्तु गद्यैरेव विनिर्मितम्।
क्वचिदत्र भवेदार्या क्वचिद्वक्त्रापवक्त्रके॥
आदौ पद्यैर्नमस्कारः खलादेर्वृत्तकीर्त्तनम्।

उपर्युक्त लक्षणों से युक्त महाकवि बाणभट्ट की सरस रचना कादम्बरी है।

इसी प्रकार कथा के समान ही आख्यायिका होती है। इसमें कवि के वंश का वर्णन होता है तथा अन्य कवियों का वृत्तान्त एवं पद्य भी कहीं-कहीं रहते

Kirtikant Sharma Collection, Najafgarh

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

हैं। कथा भागों का विभाजन आश्वासों में होता है। आर्या, वक्त्र या अपवक्त्र छन्द के द्वारा अन्योक्ति से आश्वास के प्रारम्भ में भावी कथा की सूचना दे दी जाती है–

आख्यायिका कथावत्स्यात्कवेर्वंशानुकीर्तनम् ।
अस्यामन्यकवीनां च वृत्तं पद्यं क्वचित्क्वचित् ।।
कथाशांनां व्यवच्छेद आश्वास इति बध्यते ।
आर्यावक्त्रापवक्त्राणां छन्दसा येन केनचित् ।।
अन्यापदेशेनाश्वासमुखे भाव्यर्थसूचनम् ।

महाकवि दण्डी

संस्कृत गद्य-साहित्य-मे महाकवि दण्डी का महत्त्वपूर्ण स्थान है। दण्डी, सुवन्धु और वाणभट्ट का प्रौढ़गद्य संस्कृत जगत् में अत्यन्त प्रतिष्ठित हुआ है। यह निश्चित है कि उपर्युक्त गद्यकारों से पूर्व भी अन्य अनेक प्रसिद्ध गद्यकार रहे होगें परन्तु आज उनकी कृतियाँ उपलब्ध नहीं हैं। महाकवि बाणभट्ट ने हर्ष चरित में भट्टार हरिचन्द्र नामक एक गद्यकार का उल्लेख किया है। परन्तु उनकी कोई भी कृति आज उपलब्ध नहीं है। ऐसी स्थिति में यह कह सकना कठिन है कि उपर्युक्त प्रथम लेखक किस गद्य-विधा से प्रभावित हुये हैं। क्योंकि इससे पूर्ववर्त्ती निश्चित गद्यकाव्य परम्परा के दर्शन नहीं होते हैं अतः यह प्रश्न भी विचारणीय हो जाता है कि संस्कृत गद्य-काव्यों की इस उपलब्ध-परम्पर में किसी मौलिक शैली का प्रयोग हुआ है अथवा अपने पूर्ववर्ती और समकाल गद्य-विधाओं से प्रभावित हुयी रचनाओं को प्रश्रय मिला है। वस्तुस्थिति तो यह है कि कोई भी साहित्यिक धारा सर्वतन्त्र स्वतन्त्र रूप में प्रवाहित नहीं हो सकती है। वह अपने से पूर्ववर्ती और तत्कालीन अन्य साहित्यिक विधाओं से प्रभावित रहती है। संस्कृत-गद्य-साहित्य के विपय में भी यही नियम लागू होता है। कतिपय ऐसे तत्त्व मिलते हैं जो कि उपलब्ध साहित्य को उसके प्राचीन-साहित्य से प्रभावित सिद्ध करते हैं। संस्कृत प्रौढ़ गद्य-शैली के पण्डितों में दण्डी अपना विशिष्ट स्थान रखते हैं यद्यपि उनके गद्य-साहित्य को सर्वतन्त्र-स्वतन्त्र

Kirtikant Sharma Collection, Najafgarh

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

नहीं कहा जा सकता है तथापि उनकी मौलिकता एवं कल्पना-विचित्रता सर्वथा श्लाध्य है।

जीवन-परिचय–दण्डी के जीवनचरित के सम्बन्ध में उनकी अवन्ति-सुन्दरी कथा में कहा गया है कि उनके पूर्वज लोग गुजरात के आनन्दपुरी नामक स्थान में निवास करने वाले थे। वहाँ से किन्हीं कारणों से वे नासिक आये और उसके बाद वे लोग अचलपुर नामक स्थान में आकर रहने लगे। इस कुल में नारायण-स्वामी नामक ब्राह्मण के दामोदर नामक पुत्ररत्न उत्पन्न हुआ। यही दामोदर महाकवि भारवि के नाम से प्रसिद्ध हुये। इन्हीं भारवि ने किरातार्जुनीय नामक महाकाव्य की रचना की थी। महाकवि भारवि के पश्चात् दण्डी तक की वंश परम्परा के सम्बन्ध में अवन्तिसुन्दरी-कथा में इस प्रकार लिखा है–

'मनोरथाह्वयस्तेषां मध्यमो वंशवर्द्धनः ।
ततस्तनूजाश्चत्वारः स्रष्टुर्वेदा इवाभवन् ।।
श्रीवीरदत्त इत्येषां मध्यमो वंशवर्द्धनः ।
यवीयानस्य च श्लाध्या गौरी नामाभवत्प्रिया ।।
ततः कथंचित्सा गौरी द्विजाधिपशिरोमणेः ।
कुमारं दण्डिनामानं व्यक्तशक्तिमजीजनत् ।।'

अर्थात् भारवि के मध्यम पुत्र का नाम मनोरथ था। उसके चार पुत्र हुये जिनमें सबसे छोटे वीरदत्त थे जोकि अत्यन्त सुयोग्य विद्वान् थे। वीरदत्त की पत्नी का नाम गौरी था। गौरी के गर्भ से ही महाकवि दण्डी का जन्म हुआ था। इस प्रकार दण्डी भारवि के पौत्र ठहरते हैं। ये दाक्षिणात्य ब्राह्मण थे। हिन्दुओं की पवित्र नगरी काञ्ची इनकी जन्मभूमि थी। इनके जन्म स्थान के सम्बन्ध में विद्वानों में मतभेद है। उनके दाक्षिणात्य होने के प्रमाण काव्यादर्श में आये हैं। काञ्ची, कावेरी, चोल, तथा दशकुमारचरित में आये काञ्ची अश्मकदेश, लाटदेश, अंगदेश, चम्पा, श्रावस्ती आदि हैं। परन्तु दण्डी के उपर्युक्त दोनों ग्रन्थों में विदर्भ का स्थान-स्थान पर उल्लेख हुआ है। अतएव कुछ विद्वान् उन्हें विदर्भवासी बतलाते हैं परन्तु अवन्तिसुन्दरीकथा में उन्होंने अपने

Kirtikant Sharma Collection, Najafgarh

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

आप को काञ्ची निवासी बतलाया है। फिर भी विदर्भ के बारम्बार उल्लेख से यह कहा जा सकता है कि दण्डी का जन्मस्थान भले ही काञ्ची रहा हो परन्तु विदर्भ से उनका घनिष्ट सम्बन्ध रहा होगा। इनके माता-पिता का बाल्यावस्था में ही स्वर्गवास हो गया था। अतएव ये आश्रयहीन हो गये थे। इनके समय में काञ्ची पर से पल्लव शासकों का प्रभुत्व समाप्त हो गया था अतएव इन्हें काञ्ची छोड़कर इधर-उधर भटकना पड़ा। पुनः काञ्ची पर पल्लवों के अधिष्ठित हो जाने पर महाकवि दण्डी पल्लव नरेश की सभा में लौट आये और वहीं पर आकर उन्होंने अवन्तिसुन्दरीकथा की रचना की। परन्तु इस उपर्युक्त तथ्य को तभी माना जा सकता है जबकि अवन्तिसुन्दरी-कथा को महाकवि दण्डी की रचना मान लिया जाय। विद्वानों का एक पक्ष तो अवन्तिसुन्दरी कथ को भी दशकुमारचरित के रचयिता महाकवि दण्डी की कृति मानता है तो दूसरा पक्ष अवन्तिसुन्दरी कथा किसी अन्य दण्डी की कृति मानता है। वस्तुतः कालिदास के ही समान संस्कृत-साहित्य के इतिहास में एक से अधिक दण्डी भी आते हैं।

स्थिति-काल—महाकवि दण्डी के स्थितिकाल के विषय में विद्वानों में मत-भेद है। महाकवि दण्डी के स्थितिकाल को किसी भी प्रकार नवीं शताब्दी ई० के बाद नहीं रक्खा जा सकता है क्योंकि नवीं शताब्दी के ग्रन्थों में दण्डी का उल्लेख हुआ है। डा० बार्नेट के अनुसार "सिय-बस-लकर" नामक सिंहली भाषा के अलंकार ग्रन्थ की रचना दण्डी के काव्यादर्श के आधार पर की गयी है। इसकी रचना ८४६–८६६ ई० के लगभग हुई थी। कन्नड़ भाषा के अलङ्कार ग्रन्थ 'कविराज मार्ग' पर भी दण्डी के काव्यादर्श का प्रभाव दिखायी पड़ता है। यहाँ तक कि कतिपय स्थानों पर तो काव्यादर्श से अविकल रूप में उदाहरण प्रस्तुत किये गये हैं। कविराज-मार्ग ग्रन्थ के लेखक अमोघवर्ष का स्थितिकाल ८१५ ई० के लगभग माना जाता है। इस प्रकार यह सिद्ध हो जाता है कि काव्यादर्श के रचयिता दण्डी का स्थितिकाल नवम शताब्दी ई० से पूर्व ही ठहरता है।

महाकवि दण्डी के काव्यादर्श के आधार पर उनकी स्थिति के निर्धारण में

Kirtikant Sharma Collection, Najafgarh

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

अत्यन्त सहायता मिलती है। काव्यादर्श में अनेक स्थानों पर पूर्ववर्त्ती कवियों के पद्यों को प्रस्तुत किया गया है। महाकवि कालिदास के 'मलिनमपि हिमांशोर्लक्ष्म लक्ष्मीं तनोति' इस पद्य खण्ड से दण्डी ने काव्यादर्श में 'लक्ष्म लक्ष्मीं तनोतीति प्रतीतिसुभगं वचः' इस रूप में उद्घृत किया है। काव्यादर्श में प्रवरसेन के सेतुबन्ध नामक प्राकृत काव्य को भी प्रस्तुत किया है। प्रवरसेन का स्थितिकाल ५ वीं शताब्दी है। अतः महाकवि दण्डी का स्थितिकाल ५ वीं शताब्दी से पूर्व नहीं जा सकता है।

उपर्युक्त दो विचारों से दण्डी का स्थितिकाल ५ वीं और ९ वीं शताब्दी के मध्य ठहरता है। संस्कृत के गद्य-लेखकों में बाण का स्थितिकाल सुनिश्चित है। उसके आधार पर महाकवि दण्डी के स्थितिकाल के विषय में कुछ कहा जा सकता है परन्तु दण्डी और बाण के पूर्वापर के विषय में विद्वानों में मतभेद है। पीटर्सन और याकोबी का कहना है कि दण्डी के काव्यादर्श के एक श्लोक पर कादम्बरी के शुकनासोपदेश की छाया प्रतिबिम्बित होती है। दण्डी ने बाण और मयूर की प्रशंसा की है। प्रो० पाठक का विचार है कि काव्यादर्श में निर्वर्त्य, विकार्य और प्राप्य हेतु का विभाग भर्तृहरि के अनुसार किया गया है। प्रो० आर० नरसिंहाचार्य और डा० बेलवेलकर महोदय दण्डी का स्थिति-काल सप्तम शताब्दी का उत्तरार्द्ध मानते हैं। इन्हीं तर्कों के सहारे श्री बलदेव उपाध्याय भी दण्डी का समय सातवीं शताब्दी का उत्तरार्द्ध अथवा आठवीं शताब्दी का पूर्वार्द्ध मानते हैं। परन्तु विद्वान् कतिपय अन्य तथ्यों को भी प्रस्तुत करते हैं। दण्डी और बाण की काव्य-शैलियों की समीक्षा करने पर दण्डी बाण से पूर्ववर्त्ती प्रतीत होते हैं। जिस प्रकार संस्कृत पद्य-साहित्य में वाल्मीकि, कालिदास, अश्वघोष, भारवि, माघ और श्रीहर्ष के काव्यों में क्रमशः कृत्रिमता और प्रौढ़ता होती चली गयी है उसी प्रकार गद्य की यही स्थिति रही होगी। गद्य-शैली की दृष्टि से यदि विचार किया जाय तो दण्डी का गद्य बाण के गद्य से पूर्ववर्ती ठहरता है। यदि दण्डी बाण के परवर्ती होते तो उनका गद्य भी बाण के ही समान विभिन्न अलङ्कारों से अलंकृत एवं प्रौढ़ होना चाहिये था। इसके अतिरिक्त एक बात और ध्यान देने की है कि दशकुमारचरित में जिस

Kirtikant Sharma Collection, Najafgarh

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

सामाजिक वृत्त का चित्रण हुआ है वह वस्तुतः हर्षवर्धन से पूर्व के भारत से सम्बन्धित है। गुप्त राजाओं की शक्ति समाप्त होने पर भारतीय समाज में जो अव्यवस्था फैली थी, दशकुमारचरित में उसी का चित्रण हुआ है। इस प्रकार महाकवि दण्डी हर्षवर्धन (६०६–६४८ ई०) से पूर्ववर्ती ठहरते हैं। इस प्रकार इन तथ्यों के आधार पर दण्डी का स्थिति काल ६०० ई० के लगभग ठहरता है।

कृतियों के आलोक में महाकवि दण्डी

'व्यक्तित्व' का सामान्य परिचय

जयन्ति ते सुकृतिनो रससिद्धाः कवीश्वराः।
नास्ति येषां यशःकाये जरा-मरणजं भयम् ॥

यश के प्रति निर्लोभ रससिद्ध कवीश्वरों ने आत्म-प्रकाशन की प्रवृत्ति को प्रशस्त न मानते हुये संस्कृत-साहित्य के इतिहास प्रणेताओं के समक्ष गहन समस्या उत्पन्न कर दी है। उनकी कृतियों के अनुशीलन से प्राप्त आन्तर साक्ष्य समस्त समाधान को अनुमान तक ही प्रत्यक्ष करा पाते हैं उनसे निश्चयात्मक तथ्यों का अनुसंधान लगभग नहीं ही हो पाता है। यही कारण है कि अपने साहित्य से इतना आत्मीय हो जाने वाला हमारा कवि अपने जीवन के वृत्तान्त से हमें परिचित कराये बिना जिज्ञासाओं की राशि अनुसंधित्सुओं के लिये एकत्रित कर यशःकाय में अमर हो जाता है। उसके जीवन तथा उसके व्यक्तित्व के परिचायक उसकी मानसी संततियाँ होती हैं। महाकवि दण्डी भी अपने स्वयं के इतिवृत के लिये उतने ही मौन हैं जितने कालिदास प्रभृति अन्य संस्कृत कवि। इसलिए जब हम उनके व्यक्तित्व का परिचय प्राप्त करना चाहते हैं तो दो प्रकार के साधनों का आश्रय लेना पड़ता है--

१– इतिहास अथवा परवर्त्ती साहित्य में उसके उल्लेख के द्वारा,

२– उसकी कृतियों में प्राप्त सूत्रों के सहारे उसके जीवन को अनुसंधान की अंतर्भेदी दृष्टि द्वारा।

Kirtikant Sharma Collection, Najafgarh

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

दण्डी के विषय में परवर्ती साहित्य में निम्नवत् उल्लेख हैं–

त्रयोऽग्नयस्त्रयो देवास्त्रयो वेदास्त्रयो गुणाः ।
त्रयो दण्डिप्रबन्धाश्च त्रिषु लोकेषु विश्रुताः ।।

राजशेखर (सूक्तिमुक्तावली) ४/७४

जाते जगति वाल्मीकौ शब्दः कविरिति स्थितः ।
व्यासे जाते कवी चेति कवयश्चेति दण्डिनि ।।

(सुभाषितरत्नभाण्डागार २/२९)

आचार्यदण्डिनो वाचामाचान्तामृतसम्पदाम् ।
विकासो वेधसः पत्न्या विलासमणिदर्पणः ।।

(अज्ञात)

तथा 'दण्डिनः पदलालित्यम्' इत्यादि प्रसंगों से हम दण्डी को महाकवि के रूप में प्रतिष्ठित पाते हैं । राजशेखर ने उनकी तीन कृतियों के कर्त्ता के रूप में प्रशस्ति की है । वे कृतियाँ सम्भवतः दशकुमारचरित, अवन्तिसुन्दरीकथा तथा 'द्विसन्धान' हो सकती हैं । 'काव्यादर्श' रचयिता दण्डी और 'दशकुमारचरित' रचयिता दण्डी एक ही व्यक्ति हैं इसमें अधुनातन अनुसन्धानों के अनुसार संदेह है । डॉ० जयशंकर प्रसाद त्रिपाठी ने 'काव्यादर्श' का सूक्ष्म एवं गहन तुलनात्मक विवेचन कर यह निष्कर्ष निकाला है–

काव्यादर्श एवं दशकुमार चरित दोनों ग्रंथ एक ही दण्डी की कृति माने जाते रहे हैं । सन् १९१५ ई० में श्री गणेश जनार्दन आगाशे ने दि इन्डियन एन्टीक्वेरी, मार्च १९१५ में– टू रोट दि दशकुमारचरित, नामक लेख (पृष्ठ ६७-६८) में यह प्रश्न उठाया कि 'काव्यादर्श' का रचयिता 'दशकुमार चरित' का लेखक नहीं हो सकता । क्योंकि 'काव्यादर्श' में जिन दोषों से विशेषतया ग्राम्यता दोष और जटिल शब्द गम्फ से काव्य को मुक्त रखने का निर्देश किया गया है वे सब दशकुमारचरित में पाये जाते हैं । उन्होंने काव्यादर्श का रचना काल ७वीं शती ई० उत्तरार्द्ध और 'दशकुमार चरित' का १२वीं शती

Kirtikant Sharma Collection, Najafgarh

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

ई० उत्तरार्द्ध माना है । (दशकुमारचरित, द्वि० सं० भूमिका), (बाम्बे संस्कृत सीरीज) । यहाँ श्री अगाशे महोदय ने काव्यादर्श के तृतीय परिच्छेद में चतुः स्थान-नियम शब्दचित्र की चर्चा नहीं की है जिसका पालन करके दशकुमार चरित के सप्तम उच्छ्वास की रचना ओष्ण्य वर्णों से रहित करके की गयी है (क्योंकि वक्तापात्र (मन्त्रगुप्त) के अधर उसकी प्रिया के द्वारा दन्तक्षत थे) । डॉ० त्रिपाठी के अनुसार श्री अगाशे महोदय का कथन अपने स्थान पर ठीक है । 'काव्यादर्श' का तृतीय परिच्छेद बाद में चित्रमार्ग के निरूपण से उसे पूर्ण करने के लिए किसी अन्य द्वारा लिखा गया है और वह प्रथम-द्वितीय परिच्छेद के लेखक की कृति नहीं है । तृतीय परिच्छेद का रचनाकाल और 'दशकुमार चरित' के लेखक का समय प्रायः एक ही है । तृतीय परिच्छेद का स्थान-नियम प्रथम परिच्छेद के श्रुत्यनुप्रास-नियम के जो माधुर्य गुण का सहयोगी है, विपरीत (एवं परवर्ती) पड़ता है और इस श्रुत्यनुप्रास का यही विरोध 'दशकुमारचरित' के ओष्ठय वर्ण रहित सप्तम उच्छ्वास से है जो शब्द चित्र के निदर्शन की ओर उन्मुख है । श्री अगाशे महोदय का प्रश्न उचित भूमिका रखता है और हमें इस सम्भावना की ओर उन्मुख होना पड़ता है कि 'काव्यादर्श' की रचना कम-से-कम एक शती के अनन्तर 'दशकुमारचरित' लिखा गया । डॉ० रांगेय राघव ने भी (दशकुमार चरित के हिन्दी रूपान्तर की भूमिका के पृष्ठ २४ में) श्री अगाशे महोदय के कथन को दुहराया है कि दशकुमार चरित का लेखक यथार्थ परिस्थितियों के चित्रण में रुचि रखता है और 'काव्यादर्श' शिष्ट साहित्य के नियम प्रस्तुत करने वाला ग्रन्थ है— अतः दोनों ग्रंथ एक ही लेखक की कृति नहीं हैं । डॉ० रांगेय राघव ने दशकुमार चरित का छटी शती ई० के पहले का माना है । म० म० वासुदेव विष्णु मिराशी ने 'दशकुमारचरित' के अष्टम उच्छ्वास में वर्णित राजनीति के आधार पर उसका ऐतिहासिक लेखा-जोखा करते हुए 'दशकुमार चरित' के लेखक दण्डी को ५५० ई० के बाद का नहीं माना है (एनाल्स भाण्डारकर ओरियण्टल रिसर्च इन्स्टीट्यूट, १९४५ ई० म० म० वा० वि० मिराशी का लेख— हिस्टारिकल डेटा इन दण्डीज दशकुमार चरित पृ० ३१) ।

Kirtikant Sharma Collection, Najafgarh

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

अन्तः साक्ष्यों के आधार पर भी त्रिपाठी ने यह प्रमाणित किया है कि 'दशकुमार चरित' की रचना के समय देश की राजनीतिक स्थिति में जैसी उथल पुथल चल रही थी । काव्यादर्श के कुछ प्रसंग उसकी विपरीत स्थिति के द्योतक हैं । मिराशी जी ने भी अपने लेख में 'काव्यादर्श' या काव्यादर्शकृत् दण्डी की चर्चा नहीं की है । अन्यत्र मिराशी जी ने अपने एक ग्रन्थ 'वाकाटक राजवंश का इतिहास तथा अभिलेख' में दण्डी को आद्य आलङ्कारिक स्वीकार किया है और उनका यह भी कहना है कि दण्डी ने वेद की रीति को जो उत्कृष्ट रीति (मार्ग) कह कर स्तुति की है, वह उस इतिहास का परिणाम है जो वाकाटक राजाओं की स्वयं की संस्कृत काव्य रचना और संस्कृत कवियों के आश्रय से निर्मित हुआ है, क्योंकि वाकाटक विदर्भ के शासक थे अतः विदर्भ के राजाओं से प्रोत्साहित काव्य मार्ग वैदर्भ मार्ग कहा जा कर आदृत हुआ ।

डा० त्रिपाठी ने काव्यादर्श का तत्त्व विवेचन कर काव्यादर्श के रचयिता और 'दशकुमारचरित' के रचयिता को एक नहीं माना है तथा उन दोनों लेखकों के रचनाकाल में कम से कम एक शती का अन्तर अनुमानित किया है । किन्तु संस्कृत साहित्य के इतिहास-प्रणेताओं के अनुसार काव्यादर्श तथा 'दशकुमारचरित' के रचयिता एक ही कवि दण्डी है । इन इतिहासकारों में आचार्य बलदेव उपाध्याय, वाचस्पति गैरोला, डा० राम जी उपाध्याय, श्री केदार नाथ शर्मा प्रभृति साहित्यालोचक हैं किन्तु अद्यतन शोधों के अनुसार प्रो० एस० के० डे० ने 'संस्कृत पोयटिक्स' वा० । में, मार्क कॉलिन्स ने 'दि ज्योग्रिफिकल डाटा ऑफ दि रघुवंश एण्ड दि दशकुमारचरित' में, प्रो० ए० बी० कीथ ने इण्डियन स्टडीज इन ओनर आफ लैममैन' में, एच० एच० विलसन ने 'दशकुमारचरित' के अंग्रेजी रूपान्तर की भूमिका में इस मत की पुष्टि की है कि 'काव्यादर्श' और 'दशकुमारचरित' के रचयिता एक ही हैं यह तथ्य सन्देहास्पद है । आ० बलदेव उपाध्याय ने श्री जे० जी अगाशे की मान्यता को बहुत ही अगम्भीर दृष्टि से समीक्षित किया है उन्होंने 'दशकुमार चरित' के भोग वादी दर्शन को कालिदास के 'कुमारसम्भव' के शिव पार्वती के दाम्पत्यचित्रण तथा 'नैषध' के संयोग शृङ्गार के समकक्ष रख कर श्री

Kirtikant Sharma Collection, Najafgarh

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

अगाशे द्वारा प्रस्तुत किये गये तर्क का खण्डन किया है। अस्तु निश्चित मतों की स्थापना होने तक विषय अनिर्णीत ही समझा जा सकता है। उसी प्रकार का विवाद 'अवन्तिसुन्दरी कथा' तथा 'दशकुमारचरित' के रचयिताओं के एकत्व में है। सौभाग्य से दक्षिण भारत के मालावार प्रदेश में दो हस्त लिखित पुस्तकों की उपलब्धि हुई है--जिसमें से एक अत्यन्त दयनीय दशा में थी--न तो यह पूर्ण है और न ही कहीं ग्रन्थकार का परिचय प्राप्त होता है। इसके आरम्भ में हर्षचरित की भाँति प्राचीन कवियों का वर्णन श्लोकों में प्राप्त हुआ है। शेष भाग गद्य में लिखा हुआ है। दूसरे ग्रन्थ के आधार पर इसका नाम 'अवन्तिसुन्दरी-कथा' तथा रचयिता महाकवि दण्डी माने गये हैं। दूसरा ग्रन्थ अपेक्षाकृत अच्छी दशा में है। यह प्रायः अनुष्टुप् छन्दों में रचा गया है पर सर्गान्त में भिन्न-भिन्न वृत्त भी हैं, ग्रन्थ के आदि छः परिच्छेद शुद्ध तथा पूर्ण हैं केवल सप्तम परिच्छेद खण्डित है। रचयिता का नाम इसमें भी लुप्त है, ग्रन्थ का नाम 'अवन्तिसुन्दरी कथासार' दिया गया है। जिससे यह पहले ग्रन्थ का छन्दोबद्ध सारांश प्रतीत होता है। इसके पहले परिच्छेद में दण्डी के पूर्वजों का वर्णन किया गया है जो गद्यकाव्य के प्रवन्ध रूप में लक्षण शास्त्रों में अनुमोदित है। यह परिचय निम्नवत् है--

अस्त्यानन्दपुरं नाम प्रदेशो पश्चिमोत्तरे ।
आर्यदेशशिरोरत्नं यत्रासन् वहवो नृपाः ।।
ततोऽभिनिःसृता काचित् कौशिकब्रह्मसन्ततिः ।
सुरलोकादिवायान्ती पुण्यतीर्थसरस्वती ।।
नासिक्यभूमावौत्सुक्यान्मूलदेवनिवेशिताम् ।
प्राप्याचलपुरं .... रीमधि वसत्यसौ ।।
तस्यां नारायणस्वामी नाम्ना नारायणोदरात् ।
दामोदर इति श्रीमान् आदिका वाभवत् ।।
स मेधावी कविर्विद्वान् भारविः प्रभवं गिराम् ।
अनुरुध्याकरोन्मैत्रीं नरेन्द्रे विष्णुवर्द्धने ।।

Kirtikant Sharma Collection, Najafgarh

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

दण्डी के विषय में इस कथा से निम्नलिखित बातों का परिचय मिलता है। दामोदर जो 'भारवि' के नाम से सन्दिग्ध हैं, के तीन पुत्र हुए जिनमें 'मनोरथ' मध्यम पुत्र था।

मनोरथाह्वयस्तेषां मध्यमो वंशवर्द्धनः ।
ततस्तनूजाश्चत्वारः स्रष्टुर्वेदा इवाभवन् ।
श्रीवीरदत्त इत्येषां मध्यमो वंशवर्द्धनः ।
यवीयानस्य च श्लाघ्या गौरी नामाभवत्प्रिया ।।
ततः कथंचित् सा गौरी द्विजाधिपशिखामणेः ।
कुमारं दण्डिनामानं व्यक्तशक्तिमजीजनत् ।
स बाल एव मात्रा च पित्रा चापि व्ययुज्यत ।।

मनोरथ के भी चारों वेदों की भाँति चार पुत्र उत्पन्न हुये जिनमें 'वीरदत्त' सबसे छोटा होने पर भी एक सुयोग्य दार्शनिक था। 'वीरदत्त' की स्त्री का नाम 'गौरी' था। 'दण्डी' इन्हीं के पुत्र थे। बचपन में ही इनके माता-पिता दिवंगत हो गये थे। ये काञ्ची में निराश्रय ही रहते थे। एक बार जब काञ्ची में विप्लव उपस्थित हुआ, तब ये काञ्ची छोड़कर जङ्गलों में इधर-उधर भटकते फिरे थे। अनन्तर शहर में शान्ति होने पर ये फिर पल्लव-नरेश की सभा में आ गये और वहीं रहने लगे। 'अवन्ति सुन्दरी कथासार' की इस उद्भावना के अतिरिक्त और कोई भी परिचय कवि दण्डी का किसी ग्रन्थ के आदि में नहीं दिया गया है जब कि 'बाण' ने अपनी दोनों गद्य कृतियों में अपने वंश का वर्णन दिया है। यदि आख्यायिका का एक लक्षण मानकर दण्डी ने इसमें इसका प्रयोग किया; यह सोचा जाये तो 'पद्यमय' होने के कारण इस तथ्य में विचिकित्सा होने लगती है। साथ ही यह प्रश्न भी उठ सकता है कि यदि दण्डी की यह कृति ही वास्तविक है तो यह उतनी प्रसिद्धि को न प्राप्त होकर 'दशकुमारचरित' और काव्यादर्श' क्यों हुये। 'अवन्ति सुन्दरी कथा' 'दशकुमार' के पूर्वार्द्ध में वर्णित कथा के अनुरूप है अतः कथा को दण्डी की असली रचना मानने से दशकुमार के पूर्वार्द्ध में सन्देह होने लगा है।

Kirtikant Sharma Collection, Najafgarh

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

आचार्य बलदेव उपाध्याय के अनुसार यह सन्देह 'आज का नहीं है। बहुत पहले विल्सन तथा 'चिपणूलकर शास्त्री' (संस्कृत-कवि पञ्चक—पृ० २२६-२२७) को भी शब्दों की निरुक्ति तथा कथा के पूर्वापर के कई अंशों में निरोध होने से यह सन्देह होने लगा था कि उत्तर-पीठिका तो वास्तव में असली है परन्तु पूर्वपीठिका नहीं। के० बी० लक्ष्मण राव का कहना है कि वास्तविक रचना कथा ही है (दण्डी ची अवन्तिसुन्दरी कथा विविध ज्ञान विस्तार, वर्ष ५४, अङ्क ८, अगस्त १९२३) परन्तु समयानंतर किसी कारण से वह शीघ्र ही लुप्त हो गई और उसी कथा के आधार पर किसी ने पीछे से पूर्वपीठिका जोड़कर समग्र कथा का सिलसिला जारी रखा।' उक्त विवरण देते हुए आ० बलदेव उपाध्याय ने 'अवन्तिसुन्दरी कथा' को दण्डी की मूल रचना माना है तथा प्रायः सभी संस्कृत साहित्य के इतिहासकारों ने उसे दण्डी की रचना माना है।

सबसे अधिक मत भेद दण्डी की तीसरी रचना के सन्दर्भ में है। डा० पिशेल ने 'मृच्छकटिक' का लेखक दण्डी को बताया है किन्तु अनुसन्धानों से यह तथ्य निर्मूल सिद्ध हो चुका है। पीटर्सन तथा याकोबी ने 'छन्दोविचिति' को तीसरी रचना माना है परन्तु "सा विद्या नौर्विवक्षूणाम्" में छन्दोविचिति' को दण्डी ने ही 'विद्या' कहा है, ग्रन्थ नहीं। अतएव यह ग्रन्थ न होकर छन्द-शास्त्र का द्योतक है (डा० बेल्वेलकर—नोट्स ऑन काव्यादर्श)। इसी प्रकार कलापरिच्छेद को भी ग्रन्थ मानना उचित नहीं। भोजराज की 'शृङ्गार प्रकाशिका' में 'दण्डी' के 'द्विसन्धान' नामक काव्य से निम्न श्लोक उद्धृत किया है—

उदारमहिमारामः प्रजानां हर्षवर्द्धनः।
धर्मप्रभव इत्यासीत् ख्यातो वराहपूर्वजः॥

इसी काव्य को जो सम्भवतः महाकाव्य था दण्डी की रचना मानने में अधिकांश आलोचकों का आग्रह है।

कृतियों के सन्दर्भ में कवि दण्डी का प्रायः समग्र कर्त्तव्य सन्दिग्ध है इन अर्थों में कि एक ही व्यक्ति 'दण्डी' था अथवा इतिहास में एक से अधिक दण्डी

Kirtikant Sharma Collection, Najafgarh

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

थे, इसलिये 'दशकुमारचरित' के रचयिता के विषय में जो कुछ भी कहा जा सकता है वह उस कृति में अनुस्यूत है तथा यदि विशुद्ध दृष्टि से देखा, जाए 'दशकुमार-चरितम्' की संस्कृति एक ऐसे समाज एवं सभ्यता की कहानी प्रस्तुत करती है जो पश्चिम की भोगवादी संस्कृति के अत्यधिक निकट है इसीलिये यूरोपीय विद्वानों ने दण्डी के यथार्थ चित्रण के साहस की भूरि-भूरि प्रशंसा की है। इस तथ्य से कवि के व्यक्तित्व की यह विशेपता परिलक्षित है कि उसने जीवन की वास्तविकता, व्यावहारिकता और जनसामान्य की नैसर्गिक प्रवृत्ति को पहिचाना है और उसे विना अतिरेक के, विना परिष्कार के अभिव्यक्त करने में न केवल सिद्धहस्त है अपितु उसका वहिष्कार करने के पक्ष में भी नहीं है। जो एक ऐसे निर्भीक, स्वतंत्रचेता, समाज पर्यवेक्षक हैं जिनसे भारतीय आदर्शवाद- की भावना को भले ही आघात लगा हो उस काल के सजीव चिन्तन को मूर्त्त रूप प्राप्त हुआ है। दण्डी का जीवन भी यायावर का जीवन रहा जिसने उन्हें लोकानुभव संगृहीत करने का यथासम्भव अवसर प्रदान किया, राजकुमारों, राजकीय कर्मचारियों तथा धनाढय कुलों में व्याप्त ऐश्वर्य एवं कामिनी का विलास उन्होंने निकट से देखा था, राजघरानों में राज्यलिप्सा, एवं भोगलिप्सा ने राजाओं, रानियों एवं मन्त्रियों को किस सीमा तक निरंकुश वना दिया था यह सब भी उन्होंने अपनी सांसारिक बुद्धि से समझा था, इसीलिये उन्होंने काव्य के व्याज से उस 'विष' को जो भारतीय समाज में मानवीय दुर्बलताओं के कारण फैलता जा रहा था उसे इस प्रकार नग्न कर रखा जिससे उसके बीभत्स रूप से सुधी समाज सजग हो सके। 'वैदर्भी के प्रति अनुराग उनका दाक्षिणात्य होना सिद्ध ही करता है साथ ही वैदर्भी का प्रयोग पाण्डित्य प्रदर्शन के प्रति उनकी अरुचि व्यक्त करता है वे सहज गति में जीवन की सहजता में विश्वास करते थे कृत्रिमता उनके व्यक्तित्व के विकास के मार्ग को अवरुद्ध नहीं कर सकी थी।

दशकुमार-चरित का साहित्यिक मूल्याङ्कन

'सहितयोःभावः साहित्यम्' शब्द तथा अर्थ की सहितता ही काव्य है।

Kirtikant Sharma Collection, Najafgarh

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

शब्दार्थौं सहितौ काव्यम्, आदि परिभाषाओं से भी काव्य के शब्द और अर्थ के रमणीय साहचर्य का ही बोध होता है। किसी भी कृति का साहित्यिक मूल्यांकन करने के लिये उसमें प्रयुक्त मञ्जुल शब्दार्थ का ही विवेचन करना होता है। साथ ही उस विधा पर विचार करना होगा जिसमें वह कृति लिखी गई है क्योंकि समग्र साहित्यशास्त्र इसीलिये अस्तित्वमय है कि उसने काव्यों का वर्गीकरण किया उनके कलातत्व एवं भावतत्व की पृथक्-पृथक् प्रत्यभिज्ञा करने के लिये रूपरेखायें बनाईं, उनके अन्तर और बहिर्विश्लेषण के लिये, साङ्गोपाङ्ग विवेचन के लिये काव्य तत्वों को विविध संज्ञायें प्रदान कीं-- इसलिये 'दशकुमारचरित' की साहित्यिक समीक्षा करने के लिये हम निम्न तत्त्वों के आधार पर उसका अध्ययन करेंगे।

दशकुमारचरित की विधा :--संस्कृत में गद्य-पद्य साहित्य में कोई मौलिक भेद नहीं है, गद्य भी काव्य कहा जाता है और पद्य भी। इसी कारण समस्त आलङ्कारिक काव्यों का वर्गीकरण करते हुए सर्वप्रथम उसे श्रव्य' तथा 'दृश्य' दो भागों में विभक्त करते हैं जिससे 'रूपकों' की शाखा पृथक् विस्तार को प्राप्त होती है। श्रव्य काव्य के अन्तर्गत प्रबन्ध, खण्ड, तथा मुक्तक ये तीन मुख्य भेद होते हैं। प्रबन्ध काव्य केवल भाषा की दृष्टि से तीन रूपों में दृश्यमान है। पद्यमय, गद्यमय तथा गद्य-पद्य मिश्रित चम्पू काव्य। पद्यमय प्रबन्ध काव्य महाकाव्य कहलाये तथा गद्यमय आख्यायिका, कथा तथा गद्यकाव्य नाम से अधिक जाने गये। काव्यादर्शकार दण्डी के समय गद्यकाव्य में गद्य की ये दोनों विधायें पृथक्-पृथक् प्रतिष्ठित की जा रही थीं। इनके पूर्व कथा और आख्यायिका में कोई मौलिक भेद नहीं स्वीकार किया जाता था। 'दण्डी' ने आख्यायिका और कथा का लक्षण न बताकर दोनों में भेद बताने वाले जैसे सर्गबन्ध महाकाव्य में काव्य की अन्य छोटी विधायें अन्तर्भूत रहती हैं वैसे ही आख्यान के अन्य भेद--खण्डकथा, सकल-कथा, परिकथा, आख्यान, निदर्शन, प्रवह्लिका, मतल्लिका मणिकुल्या, उपकथा, वृहत्कथा आदि---भी कथा और आख्यायिका में ही अन्तर्भूत हो जाते हैं।

Kirtikant Sharma Collection, Najafgarh

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

कथा 'दण्डी' की अधिक अभिमत विधा है। उन्होंने आख्यायिका का पूर्वपक्ष की भाँति पहले निरूपण कर बाद में कथा में उत्तरपक्ष की भाँति आख्यायिका के लक्षणों की उपस्थिति बतलाकर दोनों की एकता स्थापित की है और कथा को आख्यायिका से भिन्न नहीं माना है। आख्यायिका का केवल संस्कृत में लिखा जाना उसका राजचरित से सम्बद्ध होना था। इसलिये स्वभावतः आख्यायिका लिखने वाले का सम्मान राज सभा में होता था और कथा लिखने वाले लोक में आदृत होते थे। परन्तु इस कोटि की पहली विधा कथा ही थी, उसी के अनुकरण पर इतिहास या राजचरित को लेकर आख्यायिकाओं की रचना का आरम्भ हुआ, जैसे पुराण के राजचरितों को लेकर महाकाव्य का प्रणयन किया गया। राज्याश्रित विद्वानों का स्वभावतः पक्षपात आख्यायिका के प्रति रहा होगा और वे कथा से उसे भिन्न मानकर उसके लिये विशेष नियमों और रूढ़ियों को अपेक्षित बताने लगे होंगे जो दण्डी को अच्छा नहीं लग रहा था, उनकी स्वाभाविक प्रवृत्ति मनोहारी लोक काव्यों की ओर रही है। उन्होंने संस्कृत के किसी काव्य या कथा का नामतः उल्लेख अपने 'काव्यादर्श' में नहीं किया है किन्तु प्राकृत एवं 'भूतभाषा' की कृतियों-- 'सेतुबन्ध' एवं 'बृहत्कथा' का उल्लेख आदर के साथ करते हैं।

भूतार्थशंसी वक्ता नायक द्वारा अपने गुणों और अपनी जीवन घटनाओं के वर्णन की परम्परा 'पुराण' और 'इतिहास' से ही ग्रहण की गई है। पुराणों में विशेषतः महाभारत में वक्ताओं की दीर्घ परम्परा का उल्लेख मिलता है, उन्होंने किस प्रकार कहाँ कहाँ पहुँच कर कैसे दूसरे वक्ता से उसे सुना और ग्रहण किया और फिर कहाँ जाकर किस सत्र की सभा में स्वयं सुनाया इसकी चर्चा उनके पीछे आने वाला वक्ता करता है। इतिहास में घटी हुई घटनायें ही ऐसे वक्ता कहा करते थे, कल्पित नहीं था जो सुना रहता था उसे कहते थे--उसी अर्थ में दण्डी ने उन्हें भूतार्थशंसी कहा है। को उत्तर दिया है और इस अभेद को स्थापित करने में ही उनके प्रमुख लक्षण निरूपित हो गये हैं वे उनकी अभेद प्रतिष्ठा इस प्रकार करते हैं :-

Kirtikant Sharma Collection, Najafgarh

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

अपादः पदसन्तानो गद्यमाख्यायिका कथा ।
इति तस्य प्रभेदौ द्वौ तयोराख्यायिका किल ।।
नायकेनैव वाच्यान्या नायकेनेतरेण वा ।
स्वगुणाविष्क्रिया दोषो नात्र भूतार्थशंसिनः ।।
अपि त्वनियमो दृष्टस्तत्राप्यन्यैरुदीरणात् ।
अन्यो वक्ता स्वयं वेति कीदृग्वा भेदकारणम् ।।
वक्त्रं चापरवक्त्रं च सोच्छ्वासत्वं च भेदकम् ।
चिह्नमाख्यायिकायाश्च प्रसङ्गेन कथास्वपि ।।
आर्यादिवत् प्रवेशः किं न वक्त्रापरवक्त्रयोः ।।
भेदश्च दृष्टो लम्भादिरुच्छ्वासो वास्तु किं ततः ।
तत् कथाख्यायिकेत्येका जातिः संज्ञा ह्यांकिता ।।
अत्रैवान्तर्भविष्यन्ति शेषाश्चाख्यानजातयः ।।
कन्याहरण-संग्राम -- विप्रलम्भोदयादयः ।
सर्गवन्धसमा एव नैते वैशेषिका गुणाः ।।
कविभावकृतं चिह्नमन्यत्रापि न दुष्यति ।
मुखमिष्टार्थसंसिद्धौ किं हि न स्यात् कृतात्मनाम् ।।

काव्यादर्श १।२४-३०

'कथा' तथा 'आख्यायिका' के भेदक तत्त्वों का एकत्र संन्निवेश कर दण्डी ने दोनों को एक ही माना है केवल संज्ञायें पृथक्-पृथक् होने से ही इनका द्वैधीभाव है। इस निष्कर्ष को स्थापित किया है।

संस्कृत के अन्य आलङ्कारिकों एवं लक्षणशास्त्रों के अनुसार आख्यायिका तथा कथा के भेद के निम्न निष्कर्ष हैं।

Kirtikant Sharma Collection, Najafgarh

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

आख्यायिका	कथा
१. संस्कृत में लिखी जाती है।	१. संस्कृत के अतिरिक्त प्राकृत ए[वं] अपभ्रंश में भी लिखी जाती है।
२. इसमें यत्र-तत्र भावी घटनाओं के सूचक वक्त्र-अपरवक्त्र छन्दों का प्रयोग होता है।	२. वक्त्र-अपरवक्त्र छन्दों का समावेश नहीं होता।
३. इसमें इति वृत्ति का विभाग उच्छ्वासों में होता है।	३ विभाग लम्भकों में होता है।
४. इसमें नायक स्वचरि का स्वयं वर्णन करता है।	४. नायक स्वचरित का वर्णन स्वयं नहीं करता, कथात्मक शैली में वर्णन होता है।

कथा के प्रति अपना आग्रह दिखाकर दण्डी ने लोककाव्य को प्रोत्साहन देने का सराहनीय कार्य किया है, नहीं तो पिछले महाकाव्य जिस प्रकार राजचरितों के गुण वर्णन में निष्प्राण होते गये, कथा और उसकी समान्तर विधा आख्यायिका की भी वही दशा होती। लोककाव्य मूलतः प्रणय की सीमाओं में पल्लवित और कुसुमित होता है, महाकाव्यों के राजचरितों से आक्रान्त हो जाने पर उसके निष्प्राण होने के साथ उसके इसी कलेवर में प्रणय का लोककाव्य किस प्रकार आ गया और अत्यन्त प्रथित हुआ, जिसका उदाहरण 'गीत-गोविन्द' है। 'मेघदूत' महाकाव्य के उदय-काल की लोक की प्रणयात्मक काव्य रचना है। तथा 'गीतगोविन्द' महाकाव्य के ह्रास काल का प्रणयात्मक लोक काव्य। 'मेघदूत' लोककाव्य के मूल कलेवर में है और 'गीतगोविन्द' ने दहते हुए महाकाव्य का स्थान ले लिया है। किन्तु 'दण्डी' का 'कथा' के प्रति जो आग्रह बढ़ा स्यात् उसका उल्टा प्रभाव पड़ा। 'आख्यायिका' की विधा के प्रति विद्वानों का आदर बढ रहा था, लोक भूमि से पल्लवित काव्य विधायें अपना अस्तित्व अलग स्थापित कर रही थीं। अतः दण्डी की अभेद स्थापना के विपरीत भामह ने आख्यायिका के स्वरूप को कथा से अधिक भिन्न प्रतिष्ठित किया—यही नहीं

Kirtikant Sharma Collection, Najafgarh

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

आख्यायिका के लिये उन्होंने दण्डी से आगे बढ़कर उन विशेषताओं को प्रतिष्ठापित करने का प्रयास किया, जो महाकाव्य में होती थीं—मनोहारी, सुनने योग्य शब्द-अर्थ एवं पदवृत्ति तथा उदात्त विषय।

'काव्यादर्श' के आलोक में 'कथा' एवं आख्यायिका के उक्त विवेचन के आधार पर हम कह सकते हैं कि 'दशकुमारचरित' न पूर्णतया आख्यायिका है और न पूर्णतया 'कथा'। स्वरूप को देखकर एक बार उसे 'आख्यायिका' तो कहा जा सकता है किन्तु केवल 'स्वरूप' के आधार पर 'कथा' कथमपि नहीं कहा जा सकता। वस्तुतः जैसे काव्यादर्शकार 'दण्डी' कथा एवं आख्यायिका में मौलिक भेद नही मानता वैसे ही 'दशकुमारचरित' का रचयिता दण्डी भी गद्यकाव्य की व्यापकता में ही विश्वास रखता है दशकुमारचरित के स्वरूप की व्याख्या करते हुए निम्न तथ्य दृष्टव्य हैं—

१. इसका विभाजन उच्छ्वासों में हुआ है, साथ ही 'पूर्व-पीठिका' और 'उत्तरपीठिका' तथा संक्षिप्त उत्तर-पीठिका इस प्रकार का विभाजन दशकुमार-चरित में है। पूर्वपीठिका के लिये विद्वानों का अनुमान है कि 'अवन्ति-सुन्दरी कथा' ही पूर्वपीठिका है जो पाँच उच्छ्वासों में विभक्त है इसका प्रारम्भ मंगलाचरण से हुआ है जिसमें वामनरूपधारी विष्णु के द्वितीय 'चरणदण्ड' की आराधना है। आराधना, की शैली नाटकों की नान्दी के अनुरूप है। 'उत्तर पीठिका' (जो पुनः 'प्रथम उच्छ्वास' से प्रारभ होती है) में पूर्व-पीठिका के सन्दर्भ से कथा प्रारम्भ की गई है यहाँ तक कि अवन्तिसुन्दरी की आधी कथा पूर्वपीठिका के पञ्चम उच्छ्वास में है और आगे की उत्तरपीठिका के प्रथम उच्छ्वास में। राजवाहन जो दशों कुमारों का अग्रणी तथा मुख्य नायक है उसका चरित भी इसी प्रकार पूर्वपीठिका से प्रारम्भ होकर उत्तर पीठिका के प्रथम दो उच्छ्वासों में विस्तार को प्राप्त होता है। इसलिये दण्डी ने पूर्व-पीठिका और उत्तर पीठिका यह विभाजन किया है इस तथ्य में संन्देह के पर्याप्त आधार हैं।

२. कथा प्रारम्भ होती है वर्णनात्मक शैली में और प्रवाह को प्राप्त है आत्मसंस्मरणात्मक शैली में। मगधराज का वर्णन और दसों कुमारों की प्राप्ति

Kirtikant Sharma Collection, Najafgarh

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

शिक्षा,-दीक्षा आदि का वर्णन तो कवि कथात्मक शैली से करता है तथा बाद का अर्थात् कुमारों का अपना-अपना अनुभव सुनाने का वृत्तान्त आत्मसंस्मरण प्रस्तुत करने की शैली में इसका औचित्य सिद्ध है। दशकुमारचरित का रचयिता स्वाभाविकता में तथा यथार्थता में आस्था रखता है इसलिये जगत् के व्यवहार के अनुरूप कथा को प्रस्तुत करना उसने श्रेयस्कर समझा।

३. मङ्गलाचरण के स्रग्धरा के अतिरिक्त पूरे दशकुमार चरित में दो अन्य आर्यायें हैं जो उत्तर पीठिका के द्वितीय तथा षष्ठ उच्छ्वास में हैं ये आर्यायें भी भावी घटनाओं की सूचना देने वाली नहीं हैं। वक्त्र तथा अपरवक्त्र छन्दों का प्रयोग भी नहीं हुआ है।

४. कथा का मूल उत्पाद्य है। वैसे बृहत्कथा में तथा हितोपदेश में इस प्रकार के नामों के राजकुमारों की कथायें हैं किन्तु 'दशकुमार चरित' का उपजीव्य बृहत्कथा नहीं है। आख्यायिका की कसौटी पर भी इसे नहीं रखा जा सकता क्योंकि आख्यायिका में राजचरित ऐतिहासिक होना चाहिये फिर भी राजचरित यथावत् वर्णित है इसलिये काल्पनिक होते हुए भी भूतार्थशंसी है।

५. कन्याहरण, संग्राम, वियोग आदि यथास्थान प्रसङ्गानुसार वर्णित हैं उनके प्रति विशेष आग्रह कथाकार का नहीं है।

६. किसी प्रकार के कवि का अभिप्राय विशेष व्यक्त करने वाले चिह्न प्रत्येक उच्छ्वास में नहीं है।

इस प्रकार हम देखते हैं कि आख्यायिका और कथा में से किसी के भी लक्षणों का एकान्ततः पालन न करते हुए कवि ने केवल गद्य-काव्य के तत्वों पर ध्यान रखा है। जो आधुनिक विधा गद्यकाव्यात्मक उपन्यास के नाम के अधिक अनुरूप है क्योंकि इसमें 'उपन्यास' (जोकि संस्कृत में १९ वीं शदी के अन्त तक उन्हीं अर्थों में व्यवहृत नहीं था जिन अर्थों में हिन्दी में है) के सभी तत्व सरलता से ढूँढ़े जा सकते हैं। खड़ी बोली के पूर्णविकास के पहले प्रारम्भिक उपन्यास कुछ-कुछ इसी आख्यान शैली पर लिखे गये जिसमें 'दशकुमारचरित' है। यह अवश्य है कि भाषा एवं काव्य की दृष्टि से दोनों में कोई तुलना नहीं है। 'उपन्यास' की आधुनिक परिभाषाओं के आधार दश-

Kirtikant Sharma Collection, Najafgarh

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

कुमार चरित की समीक्षा करने पर पुनः निम्न तथ्य दर्शनीय हैं—

पण्डित अम्बिका दत्त व्यास प्रतिभाशाली आलङ्कारिक एवं समीक्षक भी थे। अपनी गद्यकाव्य मीमांसा नामक कृति में उन्होंने गद्यकाव्य सम्बन्धी प्राचीन सिद्धान्तों की समीक्षा करते हुए गद्यकाव्य किसी कारण विशेष से (सम्भवतः बंगला और अँग्रेजी उपन्यासों के प्रभाव से) 'उपन्यास' शब्द में रूढ़ हो गया है। वस्तुतः उपन्यास वर्तमान काल में उन अर्थों में प्रयुक्त विधा बन चुका है जिसके तात्पर्य में संस्कृत के प्रबन्ध काव्य अथवा महाकाव्य प्रणीत होते थे। अन्तर केवल इतना है कि एक छन्दोबद्ध रचना है तथा दूसरी गद्यमयी। एक अभिव्यक्ति की कलात्मकता पर बल देता है तो दूसरा अभिव्यक्ति की यथार्थता एवं स्पष्टता पर। 'गद्यकाव्य' को उपन्यास के इस सन्दर्भ में देखने पर 'दशकुमारचरित' को सहज ही प्रस्तुत किया जा सकता है। इसीलिये काव्यादर्शकार दण्डी ने भी कथा, आख्यायिका के एकत्व को स्थापित करते हुए अन्य विशेषताओं सहित उस सर्गबन्ध काव्य की कोटि में रख दिया है। किन्तु जैसा कि पहले भी अनेकशः स्पष्ट किया जा चुका है कि काव्यादर्श के रचयिता और दशकुमारचरित के रचयिता दो भिन्न 'दण्डी' हैं। इसीलिये जहाँ शिल्प की दृष्टि से दशकुमारचरित के गद्यकाव्य को रखा जा सकता है वहीं 'वस्तु', पात्र एवं चरित्र-चित्रण की दृष्टि से नहीं। महाकाव्य का नायक 'धीरोदात्त' ही हो सकता था जब कि 'दशकुमारचरित' के नायक भारतीय सामाजिक एवं सांस्कृतिक आदर्शों के लिये खुली चुनौती हैं, जहां उस परम्परा में 'शिवेतरक्षति' काव्य का मुख्य प्रयोजन था वहाँ दशकुमारचरित में शिवेतर का दिग्दर्शन है—क्या सामाजिक के हृदय में उसकी कुरूपता जन्य विरक्ति है तुक अथवा सत्यमात्र के उपासनार्थ ?। सम्भवतः सन्दिग्ध लेखकत्व इस कृति में विधा की सन्दिग्धता भी घुणाक्षरन्याय से अन्वित है।

इसीलिये विभिन्न आलोचकों ने इसे केवल 'गद्य-रचना' 'गद्य-काव्य' तथा किसी-किसी ने आख्यायिका समझा है। वस्तुस्थिति यह है कि यह गद्य की किसी पारम्परिक विधा में नहीं लिखा गया यह एक अपने प्रकार का अनूठा ही प्रयोग था जिसका परिवेश 'भाणों' का शिल्प 'गद्यकाव्य' का, आवरण

Kirtikant Sharma Collection, Najafgarh

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

'आख्यायिका' का, कथा-शैली पुराणों एवं इतिहास की तथा वस्तु एवं पात्र अतिसाधारण अपितु निम्नगामी समाज को प्रस्तुत करते हैं, जहाँ धर्म, काम एवं अर्थ का अनुचर है।

कथावस्तु--भारतीय संस्कृति में आदर्शवाद की प्रमुखता का उद्घोष भारतीय-साहित्य के द्वारा जितना किया गया उतना विश्व के किसी साहित्य द्वारा किसी संस्कृति का न किया गया होगा। विशेष कर प्राचीन साहित्य तो आदर्श के प्रचार के हेतु ही लिखा गया ऐसी प्रतीति होती है। यद्यपि 'मृच्छकटिक' 'दशकुमारचरित' जैसी नितान्त यथार्थवादी रचनायें भी विश्व-विश्रुत हुई और पाश्चात्य रुचि के अनुरूप होने के कारण विश्वव्यापी ख्याति भी अर्जित की। दशकुमारचरित की कथावस्तु ही वास्तव में उस चमत्कार का केन्द्र है जिसका विन्यास अत्यन्त कौशल के साथ किया गया है। कथा-वस्तु लक्षण ग्रन्थों में प्रवन्ध काव्य की कथा वस्तु के लिये निर्देश थे कि इसका निवन्धन इतिहास–महाभारत, रामायण आदि अथवा अन्य कथाओं के आश्रय से निष्पन्न सत्य वृत्तान्त को लेकर होता है। उस सत्य वृत्तान्त का लक्ष्य चतु-वर्ग धर्म, अर्थ, काम, मोक्ष की प्राप्ति होती है उसका केन्द्रविन्दु कोई चतुर तथा उदात्त नायक होता है।

'इतिहास-कथोद्भूतमितरद्वा सदाश्रयम् ।
चतुर्वर्गफलायत्तं चतुरोदात्तनायकम् ।

काव्यादर्श १।१५

इस दृष्टि से देखा जाये तो दशकुमारचरित की कथा वस्तु न तो इतिहास, पुराण, महाभारत अथवा वृहद् कथा आदि से ली गई और न ही उसका उद्देश्य चतुवर्ग की प्राप्ति है। जैसा कि पहले भी कहा गया कि लोक जीवन से लोक काव्यों का प्रणयन हुआ और विद्वानों के एक वर्ग का आग्रह परम्परा-बद्ध काव्यों की अपेक्षा लोक काव्य की ओर उन्मुख था–सम्भवतः इसी के परिणाम स्वरूप 'दशकुमारचरित' भी लोक जीवन की झाँकी प्रस्तुत करता है–'A New History of Sanskrit Literature' में कृष्ण चैतन्य लिखते हैं–

Kirtikant Sharma Collection, Najafgarh

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

'It is not the courtly world of elegant kings and aristocrats; the familiar characters of the kavys that we meet here, the world of Mriccbakalik and the Buans comes to life again and we rub shoulders with bawds, courtesans, unfaihful wives, crooked priests, bypoorifical ascefies unscrouplous rogues, incorrigible rakes, light hearled idlers."

दशकुमारचरित की कथावस्तु का शिल्प विन्यास भी अनूठा है--विद्वानों की असंदिग्ध मान्यता है कि पूर्वपीठिका जिसमें कथा का उपोद्घात है, प्रस्तुतीकरण है, अंग्रेजी में जिसे 'Frame work' कह सकते हैं वह प्रक्षिप्त है और उसी प्रकार अन्तिम भाग जहाँ कथा का उपसंहार है वह भी वाद में जोड़ा गया अंश है--ये निष्कर्ष दशकुमारचरित के वर्त्तमान रूप की तुलनात्मक समीक्षा के फलस्वरूप निकले हैं। इस मत को मान लेने पर दो कठिनाइयाँ आती हैं एक तो यह कि मूल चरित-भाग प्रारम्भ तथा अन्त दोनों से अधरा प्रतीत होता है उसके अवशिष्ट अंश कहाँ हैं ? और दूसरा यह कि मूलभाग इतना ही है तो इसका नाम अष्टकुमारचरितम् क्यों न हुआ ? वर्त्तमान दशकुमारचरित' की कथा इस प्रकार है।

मंगलाचरण के अनन्तर कादम्बरी की शैली में कथा का प्रारम्भ है। मगध देश की पुष्पपुरी नामक नगरी में राजहंस नामक राजा था, उसकी पत्नी का नाम वसुमती था, कुल परम्परागत धर्मपाल, पद्मोद्भव एवं सितवर्मा तीन उसके सचिव थे। उनमें से सितवर्मा के सुमति और सत्यवर्मा, धर्मपाल के सुमन्त्र सुमित्र एवं कामपाल तथा पद्मोद्भव के सुश्रुत और रत्नोद्भव नाम के पुत्र हुए। उनमें से धर्मपरायण सत्यवर्मा संसार की असारता को समझ कर तीर्थयात्रा की इच्छा से देशान्तर चला गया, कामपाल अनाचारी हो गया, रत्नोद्भव वाणिज्य में निपुण होने के कारण सामुद्र व्यवसाय में संलग्न हुआ। शेष मंत्रि-पुत्र अपने पिताओं की भाँति मंत्रि-पद पर आसीन हुए। मगधेश्वर राजहंस ने मानसर के मालवा में बढ़ते प्रताप को न सहते हुए से प्रबल सेना सहित उस पर आक्रमण किया दोनों पक्षों में घमासान युद्ध हुआ विजयी

Kirtikant Sharma Collection, Najafgarh

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

मगधराज राजहंस ने विजित मानसार को पुनः उसके सिंहासन पर आरूढ़ कर दिया और स्वयं निःसन्तान होने के कारण भगवान् नारायण की सेवा करने लगा, कालान्तर में वसुमती ने गर्भ धारण किया किन्तु इसी समय कुचले हुए शत्रु मानसार ने सैन्य नियोजन कर लिया था अबकी बार युद्ध मालवेश्वर की ओर से प्रारम्भ किया गया था और साधना से अर्जित दिव्य साधनों के साथ अतः पराक्रमी एवं साधना सम्पन्न होते हुए भी मगधराज राजहंस परास्त हुए। वन में खोजे जाने पर भी राजा को न पाकर रानी वसुमती सती होने को उद्यत हुईं किन्तु अमात्यों ने उन्हें पुत्र-जन्म से आश्वस्त होने और शत्रु से प्रतिशोध लेने का परामर्श देकर जीवन धारण को रहने की प्रार्थना की। दैवयोग से थोड़े ही समय में उन्हें पति एवं पुत्र की प्राप्ति हुई। समस्त संस्कारों को सम्पन्न करा कर उसका नाम राजवाहन रखा गया। उसी समय सुमति, सुमन्त्र, सुश्रुत मन्त्रियों के भी प्रमति, मित्रगुप्त एवं विश्रुत नाम रखे गये। राजवाहन अपने मित्र मन्त्रिपुत्रों के साथ खेलता हुआ बढ़ने लगा। दैववशात् अपने अभिभावकों से वियुक्त सोमदत्त, पुष्पोद्भव अर्थपाल नाम के मन्त्रिपुत्र तथा अपहार वर्मा एवं उपहार वर्मा नाम राजहंस के मित्र प्रहारवर्मा के जुड़वां पुत्र भी विविध माध्यमों से राजहंस के पास पहुँचाये गये। ये दशकुमार एक साथ सुशिक्षित हुए। एक दिन महर्षि वामदेव (जिनके पास राजहंस मालवेश्वर से प्रतिशोधार्थ परामर्श ए सहायता लेने गया था) इस कुमार समूह के पास आए और राजा से कहा कि अनुकूलमित्र राजवाहन अब सब प्रकार से समर्थ हो गया है इसे सहचरों के साथ दिग्विजय करने के लिये भेजिए। कुमार राजवाहन भी उत्साहित होकर मित्रों के साथ निकल पड़ा और सर्वत्र प्रताप फैलाता हुआ विन्ध्याटवी पहुंचा। वहाँ उसने विचित्र रूपधारी ब्राह्मण देखा, परिचय जानने के प्र उसके आमंत्रण पर वह रात्रि को मित्रों को बताये बिना ब्राह्मण मातङ्ग के साथ पाताललोक के राज्य प्राप्ति की आशा में आ गया। मित्र-वर्ग ने प्रातः काल राजवाहन को न पाकर उसे आस पास ढूंढा फिर भी न मिलने खिन्न हो मतकर पुनः एकत्र मिलने के लिये संकेत स्थान बना कर पृ

Kirtikant Sharma Collection, Najafgarh

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

पृथक् दिशाओं में उसे ढूंढने निकल पड़े। राजवाहन ने मातङ्ग की सहायता से पाताल लोक तथा पाताललोक सुन्दरी असुरराज कन्या कालिन्दी पर अपना आधिपत्य किया। मातङ्ग की अनुमति से कालिन्दी से विवाह कर तथा रसातल का राज्य पाकर आनंदित राजवाहन अपने मित्रों को ढूंढने के लिये पृथ्वी पर आया। चलते समय कालिन्दी ने भूख प्यास न लगने वाली एक मणि उसको दी। किन्तु भूमितल पर आकर भी मित्रों को न पाकर वह भूमण्डल में घूमने लगा। घूमते-२ विशालापुरी में उसने वियुक्त मित्र सोमदत्त को पाया। सोमदत्त ने अपते भ्रमण के वृत्तान्त को राजवाहन को बताया इसी प्रकार पुष्पोद्भव भी मिला और उसने भी अपने वृत्तान्त को सुनाया राजवाहन ने भी अपने अनुभव उन दोनों को सुनाये जिनमें अवन्तिसुन्दरी के प्राप्त होने, उसे सभी प्रकार के कौशलों से हस्तंगमित करने की कथा है। इसी प्रकार क्रमशः अपहार वर्मा, उपहार वर्मा, अर्थपाल, प्रमति, मित्रगुप्त, मन्त्रगुप्त तथा विश्रुत सभी घूमते-घूमते राजवाहन से मिलते हैं और अपने यात्रा के अनुभवों को उपलब्धियों के साथ बतलाते हैं। इन कुमारों की उपलब्धियाँ थीं सुन्दरी तरुणियाँ, प्रभाव, राज्य एवं ऐश्वर्य जो इन्होंने सब प्रकार की नीतियों से प्राप्त किये थे। अन्त में पुनः सबने मिल कर मालवेश्वर पर चढ़ाई की और खोये हुए राज्य को प्राप्त कर लिया।

उक्त कथा का विवेचन कर यह सहज ही कहा जा सकता है कि प्रबन्ध-काव्यों की भाँति इसमें कथा का निर्वाह किया गया है। राजवाहन मुख्य नायक है तथा अन्य नौ कुमार सह-नायक, अतः राजवाहन की कथा आधिकारिक कथा है तथा सोमदत्त आदि की कथाएँ (पताका) प्रासङ्गिक कथायें हैं। इसके अतिरिक्त प्रत्येक पताका कथा के साथ एक अथवा एक से अधिक प्रकरी कथाएं भी हैं। इतनी कथाओं, घटनाओं तथा पात्रों के होते हुए भी दण्डी के कथा विन्यास में कहीं भी शिथिलता नहीं है। प्रत्येक घटना तथा कथा मुख्य आधिकारिक कथा के सूत्र में पिरोयी हुई प्रतीत होती है। आ० बलदेव उपाध्याय के अनुसार :—

"कथा वैचित्र्य इस चरित में बहुत ही मनोरञ्जक है। इनकी कथाओं

Kirtikant Sharma Collection, Najafgarh

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

की जान इनकी विचित्रता है।"

प्रो० कृष्ण चैतन्य ने कथा विन्यास की निम्न रूप में आलोचना की है–

"While the frame is rather static in the other cycles, he there is progression in the framə–story too, for the now concludes with Raj-Vahan reqaining his kingdome with th help of his friends."

'अद्‌भुत भारत' नामक ग्रन्थ में ए० एल० वाराम ने दशकुमारचरित कथा शिल्प की सराहना करते हुए लिखा है कि–

दण्डी का दशकुमार चरित भावोत्तेजक तथा चातुर्यपूर्ण कहानियों संग्रह ग्रंथ है। वे कहानियाँ कथा निर्माण द्वारा सब एक साथ प्रस्तुत हुई और महान् चातुर्य द्वारा सब अन्तर्ग्रंथित हैं।

चरित्र-चित्रण :–उपन्यासों में चरित्र-चित्रण का महत्त्व सम्भवतः सर्वा शायी है इसलिये दण्डी की प्रतिभा का आकलन उनकी चरित्र-चित्रण कला से सहज ही हो सकेगा। किसी भी साहित्यकार का साहित्य जीवन समाज के प्रति उसकी निजी प्रवृत्तियों, स्वप्नों एवं आस्थाओं का ही प्र फलन होता है, जिसे वह अपने पात्रों द्वारा मूर्त्त करता है। कि दण्डी के विषय में विशेष कर 'दशकुमारचरित' के सन्दर्भ में उनके पात्रों भूमिका संस्कृत साहित्य की परम्परा के विपरीत नितान्त यथार्थवादी दृ कोण में सिद्ध होती है। उनके पात्र महाकाव्यों के पात्रों की भाँति महास तो हैं। किन्तु गम्भीर नहीं उनमें मर्यादा के नाम पर स्वनिर्मित शास्त्रीय हैं, पर स्त्रीगमन, हत्या, षड्यन्त्र, कपट, चोरी, मिथ्या सम्भाषण, द्यूत अ के अपराध भी नायकोचित हैं।

इन पात्रों के माध्यम से दण्डी ने अपने युग के समाज में व्याप्त भ्रष्टा राजकीय विलास, कूट व्यापार, षड्यन्त्र, संधि, विग्रह तथा असीम भोग तृ का अनावृत नर्त्तन प्रस्तुत किया है। सफलता येन केन प्रकारेण उपलब्ध वरेण्य है, नारी पात्रों में भी 'सौन्दर्य' के अतिरिक्त कोई अन्य मानवीय गरिमा तथा औदात्त्य ढूंढने से भी नहीं उपलब्ध होता। देवी वसुमती का के साथ सती होने के लिये प्रवृत्त होना तथा गोमिनी का सुलक्षण होना

Kirtikant Sharma Collection, Najafgarh

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

दो स्थानों पर नारी के प्रति आस्था व्यक्त की गई अन्यथा सर्वत्र कुटनी, व्यभिचारिणी, कामान्ध, वित्तलोलुप, तथा सभी प्रकार से निकृष्ट नारी पात्रों की उद्भावना कवि ने की है। अपने पति को कुंये में ढकेल कर आर्थिक सहायता के लिये अपंग को कन्धे पर लाद कर चलने वाली धूमिनी पतिव्रता का पाखण्ड रचाती है, मात्र दैहिक सौन्दर्य के वशीभूत रानी अपने प्रेमी की सहायता से अपने पति की हत्या कराती है, राजकुमारियाँ तथा धनिकों की पुत्रियाँ विवाह से पहले माता वन कर पुत्र को मृत घोषित करने में सफल हो जाने पर वुद्धिमती कहलाती हैं और इसी प्रकार के न जाने कितने स्त्री पात्रों से दशकुमारचरित भरा पड़ा है। यहाँ वेश्यायों की प्रतिष्ठा है, उनका पृथक् जीवन दर्शन है, वे राजदरबारों तथा महर्षियों के आश्रमों सर्वत्र मुखर स्वर में अविकार व्यक्त करती हैं।

इस प्रकार के चरित्रों के कुचक्रों, अनैतिकताओं एवं चरम भोग लिप्तता यथार्थ के प्रति कुरूपता का वोध कराती है। अवन्तिसुन्दरी कथा के प्रस्तावना में दण्डी ने इतना तो स्वीकार किया है कि युवावस्था में वे जंगलों में इधर से उधर भटकते रहे किन्तु उन्होंने ऐसा वीभत्स स्त्री तथा पुरुष समाज भी देखा इसका अनुमान हमें दशकुमारचरित से ही मिलता है।

The characters are wise to all the fricks Queen vasundhara finds a brilliant way of spreading a false rumour. She inirtes the oldest of the citizens and the highest of ministers to a secret meetting at which under the most solener pledge of secrecy she reveals the canard.

फिर भी पात्रों की नैतिकता को छोड़कर उनके साहस, शौर्य, संकल्प, वुद्धि एवं मित्रों के पारस्परिक प्रेम की सराहना की जा सकती है। वे सुशिक्षित हैं, अपनी सफलता के लिये स्वयं मार्ग बना लेने में सिद्धहस्त। उसी प्रकार स्त्रियाँ भी शोषित होने योग्य निर्बल नहीं हैं उनमें प्रत्युत्पन्नमतित्व, साहस, निष्ठुरता, दृढ़ता, स्थिरता आदि अस्त्रियोचित गुण भी विद्यमान हैं। प्रेम के प्रति अवश्य ही न स्त्री और न पुरुष का उदात्त दृष्टिकोण है; संस्कृत

Kirtikant Sharma Collection, Najafgarh

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

कवियों में भौतिक रूप मात्र के प्रति नारी की इतनी आसक्ति यहाँ अनठी एवं पहली है उसी प्रकार यौवन के मद में समस्त अपचारों की उपासना भी यहीं प्राप्त होती है।

अस्तु, चरित्र चाहे जैसे भी हों उनका चित्रण व्यञ्जना गर्भित वैदर्भी शैली में होने के कारण स्वाभावोक्ति के सौन्दर्य को मूर्त्त कर देता है। संक्षेप में अधिक कह देने की क्षमता भी दण्डी की चरित्र-चित्रण कला का ही अंग है। आचार्य राम जी उपाध्याय के अनुसार--

"सारे विधान अद्भुत हैं किन्तु उनकी संघटना इस कुशलता से की गई है कि सब कुछ विश्वसनीय प्रतीत होता है। यही दण्डी की कला है"

पाश्चात्य आलोचना दण्डी का चरित्र चित्रण अत्यन्त प्रशस्त माना गया क्योंकि अरस्तु साहित्य यथार्थ की प्रमुखता पर बल देता है उसके अनुसार वास्तविक जीवन के पात्र ही अनुरूप एवं अनुकूल साहित्यिक प्रभाव छोड़ने में सक्षम होते हैं। शास्त्रीय नायिका भेद के आधार पर दशकुमार-चरित की नायिकाओं में मुग्धा, प्रगल्भा स्वकीया, परकीया, ऊढा, अनूढा, स्वयंदूती, प्रोषितपतिका आदि प्राय: मुख्य सभी प्रकार की हैं। दण्डी ने उनका चरित्र चित्रण भी उस रूप में किया है जिससे उनके तद्-तद् रूप उद्भावित होने में अतीव सफलता प्राप्त हुई है।

वर्णन कला अथवा वस्तु प्रस्तुतीकरण:—गद्य में वैदर्भी का प्रयोग करने वाले दण्डी का आदर्श 'ओज: समा सभूयस्त्वमेतद् गद्यस्य जीवितम्' नहीं था क्योंकि उनके समक्ष जितना प्रचुर वर्ण्य था उसके उपयुक्त वैदर्भी रीति ही थी। पारम्परिक गद्य(सुबन्धु एवं बाण के गद्य को यदि छोड़ भी दिया जाये तो)अत्यधिक अलङ्कृत था उसमें वर्ण्य खो कर रह जाता था, दण्डी का यह अभिप्रेत नहीं था उनके लिये 'चरित' प्रधान था कला गौण। जो कि स्वयं कला है तथापि अलङ्करण, रीति, गुणों एवं कवि रूढ़ियों सभी का प्रयोग साधन रूप में है। सौन्दर्य के प्रति (नारी सौन्दर्य ही वर्णित है) परिष्कृत एवं वैभवमयी सुरुचि व्यक्त है। यौवन के गुण से शारीरिक सौन्दर्य का परिपूर्ण होना कालिदास की भाँति दण्डी के सौन्दर्य दर्शन में भी लक्षित है। बाण की भाँति स्त्री का नख शिख

Kirtikant Sharma Collection, Najafgarh

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

सौन्दर्य का उद्घाटन दण्डी ने भी किया है किन्तु अत्यन्त संक्षिप्त एवं ध्वन्यात्मक है, उनके सौन्दर्य चित्रण में उपमान अथवा अप्रस्तुत सर्वथा नवीन हैं। सौन्दर्य आह्लादक नहीं उत्तेजक है–उसका निर्माण ही काम के विविध उपादानों से हुआ है, दण्डी की दृष्टि में नारी पूर्णतया 'कामिनी' है, 'मोहिनी' है उसके रूप का मोह पाश 'काम' पुरुषार्थ है उसकी उपासना वरेण्य है–दण्डी के वर्णन शिल्प में सौन्दर्य के ये सभी तत्व उद्घाटित हो गये हैं।

अन्य वर्ण्य हैं अरण्य, मार्ग, भवन, वृक्ष, वाटिका आदि । घटनाओं की क्षिप्रता एवं प्रचुरता के कारण सुबन्धु एवं बाण की भाँति उपादानों को सजाकर प्रस्तुत करने का अवकाश दण्डी के पास नहीं था फिर भी वातावरण की सृष्टि के लिये सभी वर्ण्य पर्याप्त ध्वन्यात्मकता के साथ निखरे हैं। दण्डी का यथार्थवादी जीवन दर्शन वस्तुओं के अतिशयोक्ति रहित चित्रण में व्यक्त हुआ है। वस्तुगत वैचित्र्य भी वर्णन शैली के कारण सहज गतिमय प्रतीत होता है।

मानवीय प्रवृत्तियों, चेष्टाओं, धूर्त्तताओं एवं कुचक्रों का वर्णन अत्यन्त निर्भीकता के साथ परिपूर्ण रूप में किया गया है। व्यक्तिगत मान्यताओं को शास्त्रीय समर्थन प्राप्त कराते हुये जहाँ आलंकारिक सौन्दर्य दर्शनीय है वहीं काव्यवचन भी पुष्ट हुआ है। कपट योजनायें, कुचक्र तथा षडयन्त्र कितने ही गम्भीर एवं दीर्घ क्यों न हों भाषा के प्रवाह तथा शब्दों के उपयुक्त प्रयोग के कारण संश्लिष्ट नहीं हुये हैं।

रसाभिव्यञ्जना :–जैसा कि प्रबन्ध काव्यों में प्रायः दृश्यमान है कि नवो रसों की यथास्थान अभिव्यक्ति होती है, नाटक के जीवन का आद्योपान्त चित्रण होने के कारण जीवन की सुख-दुःखमयी स्थितियों तथा अनुभूतियों का यथा तथा चित्राङ्कन काव्य में विभिन्न रसों का प्रयोजक बनता है। दशकुमारचरित में भी न्यूनाधिक रूप में सभी प्रकार के भावों को सहृदयसंवेद्य बनाया गया है किन्तु प्रधानता तीन ही रसों की है 'शृङ्गार' 'वीर' एवं 'अद्भुत'। राजवाहन से लेकर अपहारवर्मा, उपहार वर्मा, अर्थपाल, प्रमति, मित्रगुप्त, मन्त्रगुप्त, विश्रुत, सोमदत्त तथा पुष्पोद्भव सभी ने जब दिग्विजय के लिये

Kirtikant Sharma Collection, Najafgarh

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

प्रस्थान किया तभी से तीनों लौकिक पुरुपार्थों धर्म, अर्थ, काम के अभ्युदय हेतु कृत संकल्प थे। इनमें से भी धर्म की उपासना वृद्धावस्था के लिये छोड़कर अर्थ एवं काम सञ्चय में यथाशक्ति संलग्न हो गये थे। ये दोनों ही पुरुषार्थ पौरुष से प्राप्य थे अतएव एक से एक साहसिक, रोमाञ्चक कृत्यों से 'वीर' रस की अभिव्यंजना हुई है। ये एक-एक कुमार अपने बुद्धि वैभव तथा शारीरिक बल से बड़े-बड़े संगठित राज्यों को हस्तगमित करने में सफल हुए उनमें राजन्योचित शौर्य एवं पराक्रम कवि की अद्भुत वर्णन शैली में अभिव्यक्त हुआ है। उत्कलिका शैली में युद्ध तत्पर मानसार का उत्साह व्यक्त किया गया है—

"ततः कदाचिन्नानाविधमहदायुधनैपुण्यरचितागण्यजन्यराजन्यमौलिपालिनिहितनिशितसायको मगधनायको मालवेश्वरं प्रत्यग्रसङ्ग्रामघस्मरं समुत्कटमानसारं मानसारं प्रति सहेलं न्यक्कृतजलधिनिर्घोषाहङ्कारेण भेरीझाङ्कारेण हठिकाकर्णनाक्रान्तभय चण्डिमानं दिग्दन्तावलवलयं विघूर्णयन्निजभरनमन्मेदिनीभरेणायस्तभुजगराजमस्तकबलेन चतुरङ्गबलेन संयुतः संग्रामाभिलाषेण रोषेण महताविष्टो निर्ययौ।"......

तयोरथ रथतुरगखुरक्षुण्णक्षोणीसमुद्भूते करिघटाकटस्रवन्मदधाराधौतमूले नव्यवल्लभवरणागतदिव्यकन्याजनजवनिकापटमण्डप इव वियत्तलव्याकुले धूलीपटले दिविषदध्वनिधिक्कृतान्यध्वनिपटहध्वानबधिरिताशेष दिगन्तरालं, शस्त्राशस्त्रि हस्ताहस्ति परस्पराभिहतसैन्यं जन्यमजनि।

भाषा भाव की प्रवाहिका है इसलिए भावानुसार गुणों एवं अल्पवृत्ति अथवा समस्तपदी का प्रयोग श्रव्यकाव्यों में 'रस' के सन्दर्भ में विशेष प्रयोजक होता है। दण्डी 'रस' की इस संप्रेषणशीलता के प्रति सजग थे इसीलिये वैदर्भी के उपासक होते हुए भी उन्होंने 'वीर', रौद्र तथा 'अद्भुत' रस के सन्दर्भ में गद्य की उत्कलिका शैली तथा विकटाक्षरबन्ध का आश्रय लिया है। बाण के काव्य की भाँति दण्डी के काव्यों में भी 'रस' की स्फुट स्थिति साध्य है।

Kirtikant Sharma Collection, Najafgarh

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

शृङ्गार के सन्दर्भ में दण्डी ने संयोग शृङ्गार की पराकाष्ठा तक अभिव्यक्ति की है। मगधेश्वर राजहंस का पत्नी वसुमती के साथ सात्विक दाम्पत्य से प्रारम्भ कर उपहार वर्मा की परस्त्रीरति तक 'रति' स्थायी भाव अपने उदात्त-तम तथा निकृष्टतम रूप में स्फुटित हुआ है। दैहिक एवं ऐन्द्रिय आसङ्ग में आकण्ठ निमग्न दण्डी के पात्र कालिदास अथवा बाण के पात्रों की भांति अलौकिक प्रेम की अनुभूति भले न करते हों वे कामोत्कण्ठा जन्य उत्तेजना में समस्त भौतिक भोग की उपलब्धि कर लेते हैं। काम की दसों दशायें स्त्री पात्रों में संकेतित हैं। शृङ्गार का अनावृत चित्रण करने में दण्डी उस सीमा तक मुक्त हैं जहाँ अश्लीलता भी अभिव्यङ्ग्य हो गई है इसी तथ्य को ध्यान में रखते हुए तत्वमर्मज्ञ विद्वानों ने काव्यादर्शकार दण्डी और दशकुमारचरितकार 'दण्डी' में विभेद स्थापित किया है। संयोग शृङ्गार के चित्रण में दण्डी का स्थान नैषधीयचरित के प्रणेता श्रीहर्ष अथवा कुमारसम्भव के कालिदास से भी अग्रगण्य है। ऐन्द्रिय उत्तेजना, तृप्ति एवं मुक्ति का जैसा स्पष्ट एवं विशद चित्रण दशकुमारचरित में मिलता है वैसा परवर्त्ती काल में अमरूकशतक, शृङ्गारशतक जैसे लोककाव्य में ही देखने को मिला है। 'राजवाहन' एवं 'अवन्तिसुन्दरी' का पारस्परिक राग किस प्रकार अभिव्यक्त होकर पूर्णकाम हुआ इसका चित्रण संक्षिप्त किन्तु ध्वन्यात्मक है :—

"अम्बुजासनास्तनतटोपभुक्तमुरःस्थलं चेदमालिङ्गयितुम्" इति प्रियोरसि प्रावृडिव नभस्युपास्तीर्णगुरुपयोधरमण्डला प्रौढ़कन्दलीकुड्मलमिव रूढरागरूषितं चक्षुरुल्लासयन्ती वर्हिवर्हवलीविडम्बयता कुसुमचन्द्रकशारेण मधुकरकुलव्याकुलेन केशकलापेन स्फुरदरुणकिरणकेसरकरालं कदम्बमुकुलमिव कान्तस्याधरमणिमधीरमाचुचुम्ब।

—दशकुमारचरित पृ० १३०-१३१

इस प्रकार के अथवा इससे भी अधिक स्पष्ट रति के चित्रण दशकुमारचरित में बहुलता से प्राप्त होते हैं— 'रस' की सामाजिक में अभिव्यक्ति के दृष्टिकोण से यदि देखा जाये तो इस प्रकार के चित्रण कामोत्तेजक तो हो सकते हैं किन्तु प्रेम की स्थायी तथा उदात्त अभिव्यञ्जना कथमपि नहीं

Kirtikant Sharma Collection, Najafgarh

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

कर सकते ।

दशकुमारचरित में सर्वाधिक प्रकृष्ट अभिव्यञ्जना एवं व्यापक प्रभावशील रस अद्भुत है, जो एक ओर कथा के कौतूहल में अभिवृद्धि करता है तो दूसरी ओर पाठक को चमत्कृत किए बिना नहीं रहता । विचित्ररूपधारी द्विज मातङ्ग, ७ क्षपणक दिगम्बर जैन साधु, ऐन्द्रजालिक आदि विशिष्ट पात्र तथा बहुत से राजाओं का ही विकट वेश विन्यास के आद्भु ुत्य को व्यक्त करने में सक्षम है । अद्भुत दृश्य की उद्भावना तथा अवतारणा करने में दण्डी की कला का दिग्दर्शन हमें कई स्थलों में होता है–राजवाहन की सहायता के लिये ऐन्द्रजालिक जो खेल दिखाता है उसमें तरह–तरह के वाद्यों से पहले रोमाञ्चक वातावरण की सृष्टि की गई जिसमें वेश्यायों के मधुर गायन के साथ मोर के पंखों को घुमा-घुमा कर सामाजिकों की चित्तवृत्ति को पूर्णतया सम्मोहित कर लिया गया । इसके बाद वह चुपचाप बैठ गया और उसके अन्य साथी उसके चारों ओर घूमने लगे जिससे बड़े-बड़े फनवाले बहुत से सांप निकलते दिखाई पड़े । वे अपने मुख से भयानक विष उगल रहे थे और उनके मस्तक के मणि उस राजमन्दिर के आंगन को देदीप्यमान कर रहे थे। उसी समय बहुत से गीध आये और उन बड़े-बड़े सांपों को अपनी चोंच में दबाकर आकाश में उड़ने लगे । इसके बाद उस ब्राह्मण ने नृसिंह भगवान् के द्वारा हिरण्यकशिपु की छाती फाड़ने का विस्मयजनक अभिनय दिखलाया। और अन्त में राजा से कहा–राजन् ! अब खेल के अन्त में एक शुभसूचक खेल देखना उचित है । मैं आपकी कन्या के आकार की एक तरुणी का सर्वलक्षणोपेत एक राजकुमार से विवाह कराऊंगा' उसने तत्काल समस्त जनसमुदाय को मोहित करने वाला एक विशेष अञ्जन अपनी दोनों आखों में लगा कर चारो तरफ देखा और वैवाहिक मंत्रों के उच्चारण के साथ अग्नि को साक्षी कर पहले से ही आई हुई अवन्तिसुन्दरी (वास्तविक) का विवाह राजवाहन से करवा दिया" ।

इस प्रकार अद्भुत कर्म से अद्भुत परिणाम की संयोजना यद्यपि पूर्णतया काल्पनिक ही हो सकती है तथापि अद्भुत रस की सर्जना में कृतकर्मा है ।

Kirtikant Sharma Collection, Najafgarh

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

उसी प्रकार उपहारवर्मा का विकटवर्मा की पत्नी तथा राज्य को प्राप्त करने के लिए 'चित्र' के अनुरूप उसे वना देने के व्याज से अंधरी रात में यज्ञाग्नि में जीवित जला देने का दृश्य कारूणिक न होकर अद्भुत की ही सृष्टि करता है। कारुणिक स्थलों की अवतारणा अपेक्षाकृत न्यून है यद्यपि वस्तु में उसके उपयक्त पर्याप्त संकेत प्राप्त होते हैं, कुमार अर्थसिद्धि तथा कामसिद्धि के लिए अनेक हत्यायें करते हैं किन्तु ये हत्यायें वह प्रभाव छोड़ती हैं जो अन्याय, अनाचार तथा कुत्सित कार्यों की समाप्ति की व्यञ्जना कराता है। फलतः नायक गत उत्साह की अभिव्यक्ति होती है। मृत के प्रति करुणा का सञ्चार नहीं। केवल मगधेश्वर राजहंस के मालव नरेश मानसार से युद्ध के अनन्तर की आपत्ति वसुमती का विलाप तथा द्विजों एवं अमात्यों के सान्त्वना वचनों में करुणा के उपयुक्त पृष्ठभूमि है, कुमार जो मन्त्रिपुत्र थे उनके अपने अभिभावकों से वियुक्त होकर तथा दैवयोग से अनेक आपदायें पार करके जिस प्रकार धात्रियों, सेविकाओं, सखियों द्वारा राजा के पास लाये गये वे भी करुण रस की अभिञ्जना करने में समर्थ स्थल है। दण्डी का जीवन दर्शन भोगवादी रहा है इसीलिए संसार को आशावादी दृष्टिकोण से देखा गया है जहाँ विषाद के लिए विलाप का प्रश्रय नहीं दिया गया है।

'हास्य' रस की स्फुट अभिव्यक्ति अनेक स्थलों पर हुई है, चौरकर्म द्यूतक्रीड़ा षडयन्त्र धूर्त्तता, तरह-तरह के व्याज से अभीप्सित स्त्रियों से मिलना आदि अनेक प्रसंगों में हास्य रस को पर्याप्त अवसर प्राप्त हुआ है। इन्द्रजाल के खेल के साथ राजवाहन एवं अवन्ति सुन्दरी का विवाह हो जाना सुरङ्ग द्वारा से कन्यान्तः पुर में पहुंच जाना, राजकुमार अपहारवर्मा की चोरी की निपुणता, वेश्याओं की विविध कल्पनाओं का ऊहापोह विशेष कर काम मञ्जरी का महर्षि को मूर्ख बनना, स्त्रीवेश में कुमार का राजकुमारी के अन्तःपुर में रहना आदि नाना प्रसङ्ग हास्यरस की प्रकृष्ट अवतारणा करने में सफल हुये हैं।

इन रसों के अतिरिक्त रौद्र, वीभत्स भयानक तथा शान्त रसों की यथावसर अभिव्यक्ति हुई है। वीभत्स रस का संप्रेषण युद्ध स्थलों में सावसर

Kirtikant Sharma Collection, Najafgarh

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

कराया जा सकता था किन्तु दण्डी को युद्ध के बाद के उत्साह के समक्ष उसका बीभत्स रूपधारी परिणाम नगण्य लगा। वस्तुतः कवि का सारा ध्यान श्रृङ्गारिक तथा वीररस का उद्रेक कराने वाली घटनाओं में केन्द्रित रहा है। इसलिए अन्यभावों को गौण स्थान ही उपलब्ध हो सका।

रीति—'रीतिरात्मा काव्यस्य' कहने वाले आचार्यों में काव्यादर्श प्रणेता दण्डी का भी प्रमुख नाम है। इसे 'मार्ग' तथा यहाँ तक कि 'काव्य' जैसा उदात्त अर्थ भी आचार्यों ने दिया है। इसलिये किसी कृति की समीक्षा करने में उसमें प्रयुक्त 'रीति' का विवेचन अपरिहार्य हो जाता है। भाषा के प्रयोग-कर्त्ता जनों की व्युत्पत्ति को लक्ष्य कर वाणी के विचित्र मार्गों की रचना विधि का शास्त्रीय निबन्धन विद्वानों ने किया है। वाणी के अनेक मार्ग हैं। और जिनमें परस्पर व्यवहारगम्य प्रयोग लक्ष्य भेद हैं। उनमें वैदर्भ तथा गौड़ीयमार्ग का भेद बहुत स्पष्ट है। अन्य पाञ्चाल तथा लाट मार्ग इन्हीं की मिली जुली विशेषताओं से बने हैं।

श्लेष, प्रसाद, समता, माधुर्य, सुकुमारता, अर्थव्यक्ति, उदारत्व, ओज, कान्ति तथा समाधि ये दस गुण वैदर्भ मार्ग के प्राण हैं। वैदर्भ का नाम दाक्षिणात्य भी है

किन्त गौड़ मार्ग में इन दशों गुणों का विपर्यय देखा जाता है। कुछ का बिल्कुल अभाव है, कुछ का अंशतः ग्रहण और कुछ का ग्रहण। गौड़ मार्ग को पौरस्त्य काव्य पद्धति भी कहते हैं।

वैदर्भ और गौड़ के भी अपने उपभेद हैं, जो उनके अनुगामी प्रत्येक कवियों के अपने हो सकते हैं। ईख, दूध, गुड़, शर्करा—सभी के स्वाद में जो मधुरता है उसे एक समान नहीं कहा जा सकता, एक दूसरे की मधुरता में परस्पर महान् अन्तर है इसी प्रकार विविध कवि मार्गों की शोभा एवं चमत्कार भी पृथक्-पृथक् कोटि का होता है, जो उसकी विशिष्टता का परिचायक होता है। हिन्दी अलोचना में इसे 'शैली' कहा जाता है, 'शील' एवं 'शैली' कवि का अपना अपना कवित्व, लेखकत्व जो अपनी विशिष्टता को काव्यशास्त्र में वर्णित रेखाओं के आधार पर भी पृथक् रूप से व्यक्त कर देता

Kirtikant Sharma Collection, Najafgarh

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

है वही उसकी 'रीति' अथवा 'शैली' है। अंग्रेजी में इसीलिये शैली की परिभाषा करते हुए कहा गया है–

Man is himself is style.

Murry. the Style.

'दशकुमारचरित' में दण्डी की 'रीति' का विवेचन करते हुए हम निम्न निष्कर्षों में पहुँचे हैं।

१. दण्डी ने 'गद्यकाव्य' में भी ओजस् जो समस्तपदी में सिद्ध होता है उसकी अवहेलना की है जो गद्य-काव्यकारों की परम्परा के विपरीत था।

२. कालिदास के वैदर्भमार्ग की लोकप्रियता को देखते हुए उससे प्रभावित होकर उन्होंने वैदर्भ मार्ग को श्रेष्ठ स्वीकार किया है और उसी का प्रयोग दशकुमारचरित है।

३. दण्डी के समय तक काव्य के दश से भी अधिक गुण प्रसिद्ध थे जिनमें श्लेष, समता, प्रसाद 'माधुर्य, ओजस्, कान्ति, समाधि, अर्थव्यक्ति, उदारत्व तथा सुकुमारता के अन्तर्गत समस्त काव्य शरीर की शोभा का अन्तर्भाव माना जाता था। दशकुमारचरित में श्लेष, अर्थव्यक्ति, प्रसाद, माधुर्य, कान्ति एवं ओज गुणों का भावानुसार प्रयोग है। वैदर्भीरीति की परिभाषा करते हुए आचार्य ने लिखा है––

माधुर्यव्यञ्जकैर्वर्णैः रचना ललितात्मिका ।
अल्पवृत्तिरल्पवृत्तिर्वा वैदर्भी रीतिरिष्यते ।।

अर्थात् वैदर्भी रीति वह है जिसमें अधिकाधिक माधुर्यगुण के व्यञ्जक वर्णों का संन्निवेश हो तथा काव्य रचना में शब्द तथा अर्थ का ललित सामञ्जस्य हो, भाषा में समास अत्यल्प हों अथवा समासों का नितान्त अभाव हो। इस परिभाषा के अनुसार दशकुमारचरित को पूर्णतया वैदर्भी रीति में नहीं बाँधा जा सकता क्योंकि जहाँ 'रचना' शब्दों में ललितात्मिका है वहाँ भाव सर्वत्र ललित नहीं हैं, उसी प्रकार जहाँ युद्ध, सेना आदि के वर्णन हैं वहाँ समस्तपदी का बहुल प्रयोग है। माधुर्य व्यञ्जक हो नहीं प्रसाद एवं ओज

Kirtikant Sharma Collection, Najafgarh

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

व्यञ्जक वर्णों का भी प्रायशः प्रयोग है। यह अवश्य है कि पदों का लालित्य, माधुर्य, अर्थ-व्यक्ति, प्रसाद एवं सुकुमारता गुणों ने दशकुमारचरित के पद सौष्ठव में चरमसीमा तक अभिवृद्धि की है। दण्डी की इस वैदर्भी रीति का ही महत्त्व है जिससे इनकी गणना 'वाण' जैसे 'शेमुषीसम्पन्न' गद्यसम्राट् के समकक्ष की जाती है अन्यथा भाव समृद्धि एवं रसाभिव्यज्जना में दण्डी एवं बाण की कोई तुलना नहीं थी।

"दण्डी का गद्य अपनी विशेषता रखता है। सुवन्धु के गद्य के समान न तो यह 'प्रत्यक्षर श्लेषमय' है और वाणभट्ट के गद्य के बराबर सरस स्वर वर्षपद से सुशोभित तथा साहित्यिक गद्य का आदर्श है। यह प्रतिदिन के काम में लाने लायक 'व्यावहारिक' गद्य का नमूना है। यह शैली 'दशकुमार' की कथा के वर्णन के लिये खूब ही उपयुक्त है। पदों में लालित्य भी है। वर्णन भी लम्बे-लम्बे समासों में नहीं है। वाक्य प्रायः छोटे-छोटे हैं।"

आ० वलदेव उपाध्याय "संस्कृत सुकवि समीक्षा" पृष्ठ २९५।

"His phrases are easy and graceful and alliteration, often employed by him using sweet and soft words -adds a yaculior charm to his style"

Dr. Neeta Sharma "Literary Study of Baubhatta"

page 222.

"The style is sensitive and can capture the beauty of down and dusk of spring of woman in play and repose.' Dandi can not restrain himself from slwwing off his technical brilliance. Tuis style does not lose its confidence when the tone shifts to the sondre;;

Prof krishna cuattarya. A; new history of sanskrit fiteratur

page 381

दण्डी की शैली पर विद्वानों के उक्त विचारों को देखते हुए 'दशकुमार चरित' में उनकी शैली की विविधता, भावानुरूप भाषा का प्रयोग, पद-लालित्य

Kirtikant Sharma Collection, Najafgarh

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

('पद' अर्थात् 'शब्द' का रमणीय अर्थ के प्रतिपादन में क्षमता सम्पन्न होना) साथ ही मनोहर एवं सुरुचिपूर्ण शब्द प्रयोग, सुगमता, सरसता, प्रवाह- तथा अनरणनात्मकता आदि गुण सहज ही लक्षित किये जा सकते हैं । भाषा पर उनके सशक्त अधिकार का इससे बड़ा उदाहरण क्या हो सकता है कि पूरा सप्तम उच्छ्वास ओष्ठ्यवर्ण रहित रचा गया है क्योंकि वक्ता मन्त्रगुप्त का अधर प्रिय के दंतदंश से क्षत था तथापि उक्त उच्छ्वास काव्यत्व, रस, प्रकृति-चित्रण तथा भावाभिव्यक्ति की यथार्थता आदि किसी क्षेत्र में भी हीनमहत्त्व नहीं है ।

गुण :--रीति विवेचन के अन्तर्गत यद्यपि उसके गुणों का अभिधान हो चुका है किन्तु काव्य गुणों का स्वरूप, उनकी परिभाषा सहित पृथक्-पृथक् उदाहरण प्राप्त कर दशकुमारचरित में उनके यथादेश निवसन का मूल्याङ्कन अभीष्ट है । जैसा कि मम्मट के काव्यप्रकाश में सबसे अधिक स्पष्ट रूप से जाना गया कि 'गुण' काव्य के लिये अपरिहार्य तत्त्व हैं उन्होंने काव्य का स्वरूप निर्धारित करते हुए लिखा है--

'तददोषौ शब्दार्थौ सगुणावनलंकृती पुनः क्वापि' अर्थात् दोष रहित वही शब्दार्थ काव्य हो सकता है जो गुण सम्पन्न हो एक बार चाहे अलङ्कार न हों तब भी, क्यों कि 'गुणों' की काव्य में वही स्थिति है जो रमणी में उसके कान्ति, लावण्य, दीप्ति आदि की जब कि अलङ्कार उसके शरीर पर स्थित बाह्य सौन्दर्याधायक साधन हैं वे उसकी शोभा की अभिवृद्धि तो कर सकते हैं । किन्तु उसमें शोभा का आधान करने वाले 'गुण' ही हैं । वरञ्च दण्डी ने तो यहाँ तक कहा है--

काश्चिन्मार्ग विभागार्थमुक्ताः प्रागप्यलंक्रियाः ।
साधारणमलंकारजातमन्यत् प्रदर्श्यते ॥

काव्यादर्श २।३

अर्थात् गुण मार्ग (काव्य) के अलङ्कार हैं विशिष्ट काव्य (मार्ग) की विशिष्ट अलंक्रिया । इसके पूर्व के भावयुक्त साधारण काव्य के साधारण

Kirtikant Sharma Collection, Najafgarh

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

उपमा आदि दूसरे हैं।

दश गुणों की उनकी परिभाषा सहित दशकुमारचरित में तत्तद उदा- हरण दृष्टव्य हैं।

श्लेष--जब पदावली बीच-२ में महाप्राण अक्षरों और संयुक्त वर्णों से युक्त होती है तब उसमें श्लेष गुण होता है। श्लेष का अर्थ है रचना में शैथिल्य का अभाव और पूर्णबन्ध।

"सोऽपि परमानन्देन पल्लवितचेता विकसिताननारविन्दः। मम स्वामी सोमकुलावतंसो विशुद्ध यशोनिधी राजवाहन एषः"

–दशकुमार चरित यू० पी० पृ० ६२

प्रसाद--प्रसिद्ध अर्थ वाले पदों के प्रयोग से वाणी जहाँ अनायास ही अर्थ का बोध करा देती है वहाँ प्रसाद गुण होता है।

पूर्वमेव कृतरणनिश्चयो मानी मानपालः संनद्धयोधो युद्धकामो भूत्वा निःशङ्कं निरगात्। वही पृ० ७१

समता--आदि से अन्त तक एक समान पद संघटना को समता कहते हैं। वर्णों का बन्ध या संघटना तीन प्रकार की होती है। मृदु (ट–वर्ग रहित, असंयुक्त) विकट (ट–वर्ग युक्त, संयुक्त अक्षर), तथा उभयात्मक विकट एवं मृदु दोनों वर्णों से युक्त।

मृदु बन्ध--'तस्य वसुमती नाम सुमती लीलावती कुलशेखरमणी रमणी बभूव'।

विकटबन्ध------वीरभटपटलोत्तरङ्गतुरङ्गकुञ्जरमकरभीषणसकलरिपुगण-कटकजलनिधिमथनमन्दरायमाणसमुदण्डभुजदण्डः, पुरन्दरपुराङ्गणवनविहरण-परायणतरुणगणिकागण जेगीयमान.........

उभयात्मक---:राजहंसो नाम घनदर्पकन्दर्पसौन्दर्यसोदर्यहृद्यनिरवद्यरूपो भूपो बभूव।

यही नहीं पूरा दशकुमारचरित इसी गुण की विविध बानगियों स्वरूप लिखा प्रतीत होता है।

माधुर्य :---माधुर्य गुण गुणों एवं स्वयं काव्य का प्राणस्वरूप है। दण्डी

Kirtikant Sharma Collection, Najafgarh

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

का कहना है कि माधुर्य गुण से वाक्य में रसवत्ता आती है। अर्थात् वाणी तथा अर्थ की 'रसवत्ता' ही माधुर्य है।

मधुरं रसवद्वाचि वस्तुन्यपि रसस्थितिः ।
येन माद्यन्ति धीमन्तो मधुनेव मधुव्रताः ॥

काव्यादर्श १।५१

यहाँ 'रस' का वह अर्थ ग्राह्य नहीं है जो नाट्यशास्त्रियों ने नौ प्रकार के रसों की व्याख्या करते हुए की है। अपितु 'रस' एक सामान्य कथन है, वाणी में रसवत्ता होने का तात्पर्य है-'श्रुति मधुर संगीतमय पदों का प्रयोग'। वस्तु अथवा अर्थ में रसवत्ता का तात्पर्य है काव्य अथवा कथा में आनन्ददायी प्रकरण का सन्निवेश। 'दण्डिनः पदलालित्यं' के रूप में दण्डी की पदललितता इसी माधुर्य गुण के प्रयोग की पर्याय है। वस्तुतः दशकुमारचरित' मे पदों की सरस शय्या वस्तु के मधुर अर्थ की अभिव्यञ्जना कराने में सर्वथा सक्षम है। अवन्तिसुन्दरी के सौन्दर्य चित्रण में पद तथा भाव का माधुर्य दर्शनीय है। वसन्त के वर्णन में भी उभय माधुर्य गुण सहजलक्षित किया जा सकता है--

अथ मीनकेतनसेनानायकेन मलगिरिमहीरुहनिरन्तरावासिभुजंगाभिभुक्ता वशिष्टेनेव सूक्ष्मतरेण धृतहरिचन्दन··· ···मानिनीमानसोत्कलिकामुपनयन् माकन्दसिन्दुवाररक्ताशोककिंशुकतिलकेषु कलिकामुपपादयन्··········मदनमहोत्सवाय रसिकमनांसि समुल्लासयन वसन्तसमयः समाजगाम।

माधुर्य गुण में पद की रसवत्ता का स्पष्टीकरण यद्यपि आचार्यों ने पृथक्-पृथक् रूप में किया है किन्तु सबका सार अथवा उद्देश्य एक ही है। अग्राम्यता माधुर्य रस के लिये अनिवार्य है अर्थात् ऐसे शब्दों का प्रयोग न किया जाये जिनका अव्यवहित श्रवण (एक साथ पढ़ने या सुनने पर) नये पद के रूप में अश्लील (असभ्य) अर्थ का वाचक बन जाय तथा ऐसे शब्दों का प्रयोग भी न किया जाय जो लोक में अपशब्द अथवा फूहड़ अर्थों में प्रसिद्ध हो-दण्डी ने इसका उदाहरण दिया है भार्या के लिये 'कन्ये' सम्बोधन। दशकुमारचरित में यदि सूक्ष्मतया देखा जाये तो अश्लीलता बोधक शब्दों का प्रयोग नहीं हुआ है

Kirtikant Sharma Collection, Najafgarh

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

किन्तु सम्भोग शृङ्गार का चित्रण इस प्रकार किया है जो कि पाठक को उद्वेजक प्रतीत होता है जैसे राजवाहन आदि का सुरत के पश्चात् की क्लान्ति का वर्णन, दारुवर्मा का वासना की प्रबलता से बालचन्द्रिका के प्रति कामान्ध होने का वर्णन । सोती हुई राजकुमारी को देखकर अपहारवर्मा का कामोत्तेजक सुरत के लिये स्पष्ट आमन्त्रण के लिये प्रयुक्त 'आर्या' आदि की भाँति के नाना प्रसङ्गों से अश्लील अर्थ की व्यञ्जना होती है। सम्भवतः इसी प्रकार के चित्रणों को देखकर कहा गया है कि 'दशकुमारचरित' उस दण्डी की रचना नहीं है कि जिसकी रचना काव्यादर्श है ।

सुकुमारता :—इसका तात्पर्य है कि 'परुष' तथा संयुक्ताक्षरों का एकत्र प्रायः प्रयोग न हो, एकान्ततः इस प्रकार के वर्णों का अभाव भी न होना चाहिये वैदर्भी शैली के निष्णात दण्डी की रचना में यह गुण दुष्कर नहीं है।

चिरविलसनखेदनिश्चलां शरदम्भोधरोत्सङ्गशायिनीमिव
सौदामनीं राजकन्यामपश्यम् ।

अर्थव्यक्ति :—रचना में पदों का ऐसा सम्यक् प्रयोग, जिनके कारण अध्याहार आदि कष्ट-कल्पना के बिना ही अनायास अर्थ का बोध हो जाता है, अर्थ-व्यक्ति नाम का गुण है। 'अर्थव्यक्ति' गुण गद्य मयी रचना के लिये अपरिहार्य है । क्योंकि कि छन्दादिक बन्धन न होने के कारण यहाँ कवि को किसी भी अर्थ की स्पष्टा सुबोध अभिव्यक्ति के लिये उपयुक्ततम शब्द देने के लिये अवकाश रहता है । 'दशकुमारचरित' इस गुण का निदर्शन कहा जा सकता है कोई काव्यात्मक सौन्दर्य खोये विना इसमें वर्णन सुस्पष्ट है । गद्य काव्यों में इसीलिये इसे सरलतम कहा गया है। 'बाण' ने हर्षचरित की प्रस्तावना में 'आख्यायिका' के लिये जो 'सुखप्रबोध ललिता' विशेषण दिया है उससे इसी गुण के लिये उन्होंने संकेत किया है ।

उदारत्व :—जहाँ वाक्य द्वारा वर्णनीय वस्तु के किसी विशेष उत्कर्ष की अभिव्यक्ति हो वहाँ उदारगुण होता है ।

दशकुमारचरित में अलङ्करण, वर्णन तथा रूप चित्रण इसी 'गुण'

Kirtikant Sharma Collection, Najafgarh

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

कारण संक्षिप्त किन्तु ध्वन्यात्मक है। जिनसे कथित से अधिक अकथित है। 'कल्पसुन्दरी' का चित्रगत पुरुष सौन्दर्य को आत्मसात् कर उसके लिये कामना कीभाषाभिव्यक्ति अधिक नहीं है किन्तु उससे उसकी काम की दशों दशाओं का जो संकेत मिल गया है वह इसी उदारत्व गुण का चमत्कार है—

'अम्ब किं ब्रवीमि। शरीरं हृदयं जीवितमिति सर्वमिदमल्पमनर्हं च। ततो न किंचिल्लप्स्यते। न चेदयं विप्रलम्भस्तस्यामुष्य दर्शनानुभवेन यथेदं चक्षुश्चरितार्थं भवेत्तथानुग्रहः कार्यः' इति।

ओजस् :—'ओजः समासभूयस्त्वम्। बहुलता से समस्त पदों का प्रयोग ओज गुण है। दण्डी ने काव्यादर्श में इसे गद्य का प्राण बताया है। बाण तथा सुबन्धु का गद्य काव्य इसके निदर्शन हैं किन्तु दशकुमारचरित में सर्वत्र ही इस प्रकार की शैली का प्रयोग नहीं है। यह ओजस् गुण दो प्रकार से देखा जाता है—उल्बण अर्थात् गुरु तथा संयुक्त वर्णों का विकटपदबन्ध और अनुल्बण अर्थात् लघु वर्णों की प्रचुरता। दशकुमारचरित में अनुल्बण ओजस् ही दृश्यमान है। युद्धादिक के वर्णनों में इस प्रकार का प्रयोग भावानुरूप होने के कारण प्रशस्त माना जाता है। अतएव दण्डी ने भी केवल उन्हीं स्थानों पर इस प्रकार की पदावली का प्रयोग किया है।

कान्ति :—पदों का ऐसा अर्थ-विधान जो लोक प्रसिद्ध अर्थ का परित्याग न करे और स्फुट चमत्कार से अबोध से लेकर विदग्ध जन तक को चमत्कृत करे, कान्ति गुण है। इसका सम्बन्ध लोक व्यवहार से है जैसा कि स्पष्ट है। 'दशकुमारचरित' में लोक-व्यवहारोपयोगी भाषा की अपेक्षा वस्तु को है एतद् हेतु 'कान्तिगुण' की वहाँ महती उपादेयता स्वयंसिद्ध है।

समाधि :—लोक व्यवहार को पालन करने वाला कवि जब पदों में किसी अप्रस्तुत के धर्म का प्रस्तुत के अर्थ में व्यवहार करता है तब ऐसी रचना समाधि गुण में होती है।

चिरविलजन-खेदनिश्चलां शरदम्भोधरोत्सङ्गशायिनीमिव सौदामनीं राजकन्यापश्यम्।

यहाँ चिरविलसन खेद अप्रस्तुत सौदामनी के साथ प्रस्तुत राजकन्या

Kirtikant Sharma Collection, Najafgarh

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

की क्रीडा की क्लान्ति को गौण वृति से प्रस्तुत कर रहा है।

उक्त दश गुणों में–श्लेष, प्रसाद, समता, माधुर्य, सुकुमारता, अर्थव्यक्ति ओज–ये सात तो स्पष्ट ही अक्षर और पद के चमत्कार पर आश्रित हैं। शेष तीन गुणों––उदारत्व कान्ति तथा समाधि–का चमत्कार अर्थगत मानकर भी उनकी परिभाषाओं में पद प्रयोग की विशिष्टता पर बल दिया गया। इस प्रकार ये दश गुण काव्य में शब्दगत सौष्ठव से उसके अर्थ में भी सहायक होते हैं।

वस्तुतः काव्य में गुणों की स्थिति तादात्म्य की होती है। जैसे धर्म को धर्मी से पृथक् कर समझना कठिन है वैसे ही काव्य गुण को काव्य से पृथक् कर समझना। सम्भवतः यही कारण है कि 'गुण' की परिभाषा के विषय में अधिकांश आलङ्कारिक उदासीन रहे। उन्होंने श्रेष्ठ काव्य में दश गुणों की स्थिति की व्याख्या की तदनुसार दशकुमारचरित की काव्यकला की दृष्टि से समीक्षा करने पर श्रेष्ठ काव्यों की परम्परा में मुख्य स्थान सहज ही दिया जा सकता है।

अलङ्करण :—

काव्यशोभाकरान् धर्मान् अलंकारान् प्रचक्षते।
ते चाद्यापि विकल्प्यन्ते कस्तान् कार्त्स्न्येन वक्ष्यति।

अर्थात् काव्य के शोभा-कारक धर्मों को अलङ्कार कहते हैं। अमरकोश में शोभा शब्द कान्ति, द्युति और छवि के अर्थ में है। और परम शोभा को सुषमा कहते हैं। निरुक्त में शुभम् शब्द जल का पर्याय है। यदि शोभा की व्युत्पत्ति 'शुभ' से अन्वित की जाये तो शोभा का अर्थ सरसता होगा। कुन्तक ने अलङ्कार के प्रसङ्ग को लेकर शोभा का अर्थ कान्ति किया है। काव्य के विषय में कान्ति और सरसता का ग्रहण वस्तु का चमत्कार-पूर्ण अर्थ-बोध तथा उसके साथ होने वाली भावानभूति है और इनका कारक धर्म है अलङ्कार। काव्यालंकार सूत्रवृत्ति में वामन ने लिखा है–

काव्याशोभायाः कर्तारो धर्मा गुणाः। तदतिशयहेतवस्त्वलङ्काराः

Kirtikant Sharma Collection, Najafgarh

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

अर्थात् काव्य में शोभा को उत्पन्न करने वाले धर्म तो गुण हैं किन्तु उस शोभा में अभिवृद्धि करने वाले धर्म अलङ्कार हैं। रीतिकालीन काव्यों में अलङ्कारों की यही भूमिका रही है। 'दशकुमारचरित' में अलङ्कारों की समीक्षा करते हुये भी अलङ्कार विषयक इसी धारणा को आधार बनाना होगा। काव्यादर्श में दण्डी ने अलङ्कारों को दो कोटियों में रखा है। पहली 'स्वाभावोक्ति' तथा दूसरी 'वक्रोक्ति'। मम्मट ने 'काव्यप्रकाश' में 'शब्दालङ्कार' तथा 'अर्थालङ्कार' दो वर्गों में विभाजित किया। शब्दालङ्कारों के अन्तर्गत--

१. वक्रोक्ति २. अनुप्रास ३. यमक ४. श्लेष ५. चित्रालङ्कार तथा पुनरुक्तवदाभास अलङ्कार रखे हैं तथा साधर्म्य मूलक उपमा आदिक अलङ्कारों को अर्थालङ्कार के अंतर्भूत माना है।

'दशकुमारचरित में अलङ्कार योजना को समझने के लिये प्रो० कृष्ण चैतन्य का निम्न कथन उद्धरणीय है--

"Dandin does not renounce ornament but he uses it in just measure and avoids laboured conceits compared to Subandhu, he emerges as the master of vigourous and elegant sanskrit prose."

दण्डी के प्रिय अलङ्कार हैं अनुप्रास, यमक, उपमा, रूपक, उत्प्रेक्षा तथा दीपक। किन्तु इन अलङ्कारों का प्रयोग भी सायास नहीं किया गया है। वे 'गुणों' की भांति 'रस' के ही प्रयोजक बने हैं। वर्णन की संक्षिप्त, ध्वन्यात्मकता एवं पूर्णता के साधन स्वरूप प्रयुक्त उपमा, यमक, अनुप्रासादिक अलङ्कारों के द्वारा वाणी में ओज एवं माधुर्य का समावेश हुआ है। कुछ उद्धरण दृष्टव्य हैं। अनुप्रास तथा यमक प्रायः संश्लिष्ट रूप में प्रयुक्त हैं–

१. तत्र प्रख्यातयोरेतयोरसंख्ये वर्त्तमाने सुहृत्साहाय्यकं कुर्वाणो निजबले सति विदेहे विदेहेश्वरः प्रहारवर्मा जयवता रिपुणाभिगृह्य कारुण्येन पुण्येन ··
·········दशकुमारचरित पूर्वपीठिका प्रथम उच्छ्वास।

२. वैलक्ष्यलक्ष्यहृदयो वीतदयो महाकालनिवासिनं कालनिवासिनमनश्वरं महेश्वरं समाराध्य तपःप्रभावसंतुष्टादस्मादेकवीराराति घ्नीं भयदां गदां

Kirtikant Sharma Collection, Najafgarh

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

लब्ध्वात्मानमप्रतिभटं मन्यमानो महाभिमानो भवन्तमभियोक्तमुद्युङ्क्त ।

दशकुमारचरित पूर्वपीठिका—पृ० १७

३. रोषरूक्षेण निटिलाक्षेण भस्मीकृतचेतने मकरकेतने तदा भयेना वद्या वनितेति मत्वा तस्य रोलाम्वावली केशजालम् । प्रेमाकरो राजनीक विजितारविन्दं वदनम् । जयध्वजायमानो मीनो जायायुतोऽक्षि युगलम् ।

'Though Dandin also ues rhetorial ornaments but th are always kept under moderate poundds.'

डा० नीता शर्मा के उक्त आलोचनात्मक शब्दों से दण्डी के यमक त अनुप्रास प्रयोग का लालित्य स्पष्टतः लक्षित किया जा सकता है । उत्प्रे का एक उदाहरण दृष्टव्य है—

अथ तन्मनश्च्युततमःस्पर्शभियेवास्तं रविरगात । ऋषिमुक्तश्च रागः संध्य त्वेनास्फुरत् । तत्कथादत्तवैराग्याणीव कमलवनानि समकुचन् । अनुमतमु शासनस्त्वहममुनैव सहोपास्य सध्यामनुरूपाभिः कथाभिस्तमनुशय्य नीतरा प्रत्युन्मिषत्युदयप्रस्थादावकल्पे कल्पद्रुमकिसलया वधीरिण्यरुणार्चिषि नमस्कृत्य नगरायोदचलम् । दशकुमारचरित उत्तरपीठिका पृ० १७७

उपमामूलक अलङ्कारों का सौन्दर्य उसकी स्फुटता एवं साधारण धर्म स्पष्ट करने की क्षमता में निहित होता है । कालिदास की भांति दण्डी उपमाओं में यह सौन्दर्य विद्यभान है जो प्रकृत वस्तु को उसके सम वैशिष्टयों के साथ उन्मीलित करने में समर्थ होता है ।

आमीलितलोचनेन्दीवरम्..........

'चिरविलसनखेदनिश्चलां शरदम्भोधरोत्संगशायिनीमिव सौदाम राजकन्यामपश्यम् । दशकुमारचरित, उत्तरपीठिका पृ० २४१

'तदपि शीतलोपचरणं सलिलमिव तप्ततैले तदङ्गे दहनमेव समन्ता विश्चकार'—... ... ..

तप्त तेल में पानी की बूंद जिस प्रकार शीतलता के स्थान पर अधिक उद्वेजित करती है उसी प्रकार शीतलता पहुचानें वाले उपकरण तप्ताङ्गी के लिये और अधिक उद्वेजक प्रतीत हुए । पीड़ानुभूति तथा

Kirtikant Sharma Collection, Najafgarh

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

संताप की सर्वथा नवीन उद्भावना इस उपमा द्वारा व्यक्त होती है ।

'प्रियसखि कामः कुसुमायुधः पञ्चबाण इति नूनमसत्यमुच्यते । इयमहम-योमयैरसंख्यैरिषुभिरनेन हन्ये । सखि चन्द्रमसं वडवानलादतितापकरं मन्ये । यदस्मिन्नन्तःप्रविशति शुष्यति पारावारः सति निर्गते तदैव वर्द्धते । दोषा-करस्य दुष्कर्म किं वर्ण्यते मया । यदनेन निजसोदर्याः पद्मालयाया गेहभूतमपि कमलं विहन्यते ।'

प्रस्तुत अनुच्छेद में पूर्वराग की कामदशाओं के चित्रण में जिस प्रकार अपह्नुति, विषम, काव्यलिङ्ग, अप्रस्तुतप्रशंसा तथा श्लेष आदि अलङ्कारों के माध्यम से हृदयावर्जकता प्रभावोत्पादक है ।

इस प्रकार दण्डी के अलङ्कार प्रयोग के विषय में यदि हम संस्कृत साहित्य में दूसरा समानधर्मा कवि ढूंढे तो वह कालिदास ही हैं । वस्तुतः कालिदास और दण्डी दोनों ही वैदर्भी शैली के आचार्य हैं । इसीलिये माधुर्य गुण की सृष्टि में सहायक इनकी भाषा में उपमामूलक अर्थालङ्कार गद्यानुरूप ओजस्विता के हेतुभूत यमक, अनुप्रास आदि अलङ्कारों का यथा स्थान समावेश हो गया है ।

दशकुमारचरित में प्रकृतिचित्रण

संस्कृत साहित्य में दण्डी—कालिदास, भवभूति तथा बाणभट्ट जैसे प्रकृति कवियों की गणना में नहीं आते हैं तथापि प्रसङ्गानुसार, प्रबन्धकाव्य की मर्यादा के अनुरूप दशकुमारचरित में प्रकृति की भूमिका मनोहारी हैं । अलङ्करण की भांति ही 'प्रकृति' भी साध्य न हो कर सशक्त 'साधन' बन कर प्रयुक्त हुई है । वस्तुतः 'दशकुमारचरित' में इतिवृत्त के विस्तृत एवं प्रधान होने के कारण गद्यकाव्यकला से लेकर सौन्दर्याधायक सभी तत्त्व गौण हो गये हैं; संक्षेप में कथा की सत्वरता, कल्पनावैचित्र्य, अनेक पात्रों की कथाओं का संकलन और सबका एक सूत्र में अनस्यूत होना, राजनैतिक, सामाजिक, सांस्कृतिक गतिविधियों की संश्लिष्टता आदि अनेक तत्त्व दशकुमारचरित में काव्य के परम्परावादी तत्त्वों के अपकर्षक हो गये हैं इसीलिये

Kirtikant Sharma Collection, Najafgarh

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

चित्रकार की प्रतिभा से सम्पन्न होते हुए भी कवि को लेखनी के सम 'तूलिका' को तिरस्कृत करना पड़ा है।

दण्डी के प्रकृति चित्रण में भी उनका यथार्थवादी दृष्टिकोण ही मुख्य है प्रकृति के नाना उपादानों को नैसर्गिक क्रियाकलापों को उन्होंने स्थूल चर्म चक्षुओं से ही देखा है तथा उत्प्रेक्षा आदि अलङ्कारों के साहाय्य से उसे प्रभावो त्पादक बनाया है। सूर्यास्त का एक चित्रण दृष्टव्य है—

'अस्तगिरिशिखरगैरिकतटसाधारणच्छायतेजसि, अचलराजकन्यकाकद नायन्तरिक्षाख्येन शंकरशरीरेण संसृष्टायाः सन्ध्याङ्गनायाः रक्तचन्द चर्चितएकस्तनकलशदर्शनीये दिनाधिनाथे........................ ...'

उत्तरपीठिका पृ० ४८

प्रसिद्ध उपमानों की अपेक्षा दण्डी के उपमान चयन में नवीनता व वैचित्र्य है यहाँ अस्ताचलगामी सूर्य को सध्याङ्गना के रक्तचन्दन चर्चित ए स्तन के रूप में देखना अभूत पूर्व है। उसी प्रकार वर्ण संयोजन में भी द की शैली पारम्परिक शैली से भिन्न है—

नक्षत्रसंतानहारयाकृष्टयग्रथितरत्नम्, क्षणदान्धकारगन्धहस्तिदारणं केसरिणम्, कनकशैलश्रृङ्गरङ्गलास्यलीलानटम्, गगनसागरघनतरङ्गरा लङ्घनैकनक्रम्, सहस्रार्चिषं सहस्राक्षदिगङ्गनाङ्गरागरागायितकिरणजा रक्तनीरजाञ्जलिनाराध्य · ··· ···············

उत्तरपीठिका पृ० ४८

सूर्योदय के उक्त चित्रण में न केवल वर्णसंयोजनजन्य चमत्कार हैं अ मानवीय क्रियाकलाप के सन्दर्भ में उसका तारतम्य भी दृष्टव्य है।

प्रकृति केवल वस्तु जगत को वर्ण्य होकर ही नहीं प्रयुक्त है अपितु मान भावों के संदीपन में उसका योगदान दण्डी की भौतिकता प्रधान दृष्टि से अनदेखा नहीं रहा है। पुष्पधन्वा के धनुप से नायिका के 'भ्रू पताक, की उ तो सर्वत्र श्रुत है किन्तु 'नखशिख' चित्रण में भी मात्र कामदव के वि उपकरण समर्थ हो सकें यह कल्पना सर्वथा नवीन है।

या वसन्तसहायेन समुत्सुकतया रतेः केलीशालभञ्जिकाविधित्सया क

Kirtikant Sharma Collection, Najafgarh

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

नारीविशेषं विरच्यात्मनः क्रीडाकासारशारदारविन्दसौन्दर्येण पादद्वयम्, उद्यान-वनदीर्घिकामत्तमरालिकागमनरीत्या लीलालसगतिविलासम्, तूणीरलावण्येन जङ्घे, लीलामन्दिरद्वारकदलीलालित्येन मनोज्ञमूरुयुगम्, जैत्ररथचातुर्येण घनं जघनम्, किञ्चिद्विकसल्लीलावंतसकह्लारकोरककोटरानुवृत्या, गंगावर्त-सनाभिं नाभिम्, सौधारोहणपरिपाट्या वलित्रयम् मौर्वीमधुकरपंक्तिनीलिम-लीलया रोमावलिम्, पूर्णसुवर्णकलशशोभया कुचद्वन्दं, लतामण्डपसौकुमार्येण बाहू, जयशङ्खाभिख्यया कण्ठम्, कमनीयकर्णपूरसहकारपल्लवरागेण प्रति-बिम्बीकृतबिम्बरदनच्छदम्, बाणायमानपुष्पलावण्येन शुचिस्मितम् ......समस्त मकरन्दकस्तूरिकासम्मितेन मलयजरसेन प्रक्षाल्य कर्पूरपरागेण संमृज्य निर्मितेव रराज ।

दशकुमारचरित पूर्वपीठिका पञ्चमोच्छ्वास पृ० १०१–१०२

सम्पूर्ण अयवय समस्त प्रसाधन एलं अशेष मण्डन सामग्री प्रकृति के विविध उपादानों में बिखरी पड़ी है जिसके एकत्र सन्निवेश से अवन्तिसुन्दरी का निर्माण हो सका ।

प्रकृति का उद्दीपक रूप वसन्तचित्रण में इस प्रकार अभिव्यक्त हुआ है कि वह काम का सक्रिय सहायक सा प्रतीत होता है ।

'अथ मीनकेतनसेनानायकेन मलयगिरिमहीरुहनिरन्तरावासिभुजंगमभुक्ताव-शिष्टेनेव सूक्ष्मतरेण घृतहरिचन्दनपरिमलभरेणेव मन्दगतिना दक्षिानिलेन वियोगिहृदयस्थं मन्मथानलमुज्ज्वलयन्, सहकारकिसलयमकरन्दास्वादनरक्त-कण्ठानां मधुकरकलकण्ठानां काकलीकलकलेन दिक्चक्रं वाचालयन् मानिनी-मानसोत्कलिकामुपनयन्, माकन्दसिन्धुवाररक्ताशोककिंशुकतिलकेषु कलिका-मुपपादयन् मदनमहोत्सवाय रसिकमनांसि समुल्लासयन् वसन्तसमयः समा जगाम ।

दशकुमारचरित, पूर्वपीठिका पृ० ९९

सूर्योदय, सूर्यास्त, प्रातः, सन्ध्या के आकाशाश्रयी दृश्यों के संयोजन में तथा उपवन आदि के चित्रण में स्थलीय शोभा की ओर कवि का ध्यान विशेषेण

Kirtikant Sharma Collection, Najafgarh

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

अभिमुख है । उसी प्रकार ऋतुओं के चित्रण में मानवीय भावों के उद्दीपन की ओर दृष्टि है तथा समान रूप से पशुपक्षिजगत भी प्रभावित प्रदर्शित है। जैसा कि प्रबन्ध काव्यों में अभीष्ट है, इति वृत्त के अनुरूप प्रकृति चित्राङ्कन शैली होती है । दण्डी के प्रकृति चित्रों में संक्षिप्ति ध्वन्यात्मकता तथा प्रभावोत्पादकता प्रधान है विस्तार, अनेक उपमाओं से एक उपमेय को पुनः पुनः विविधता देने के प्रयासों से बचा गया है । यही कारण है कि पाश्चात्य आलोचकों को दण्डी का यथार्थवाद अधिक रुचिकर प्रतीत हुआ है ।

Kirtikant Sharma Collection, Najafgarh

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

दशकुमारचरितम्

Kirtikant Sharma Collection, Najafgarh

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

Kirtikant Sharma Collection, Najafgarh

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

दशकुमारचरितम्

पूर्वपीठिका

प्रथमोच्छ्वासः

मङ्गलाचरणम्

ब्रह्माण्डच्छत्रदण्डः शतधृतिभवनाम्भोरुहो नालदण्डः
क्षोणीनौकूपदण्डः क्षरदमरसरित्पट्टिकाकेतुदण्डः ।
ज्योतिश्चक्राक्षदण्डस्त्रिभुवनविजयस्तम्भदण्डोऽङ्घ्रिदण्डः
श्रेयस्त्रैविक्रमस्ते वितरतु विबुधद्वेषिणां कालदण्डः ।।

अन्वय—ब्रह्माण्डच्छत्रदण्डः शतधृतिभवनाम्भोरुहः नालदण्डः क्षोणीनौकूपदण्डः क्षरदमरसरित्पट्टिकाकेतुदण्डः ज्योतिश्चक्राक्षदण्डः त्रिभुवनविजयस्तम्भदण्डः विबुधद्वेषिणां कालदण्डः त्रैविक्रमः अंघ्रिदण्डः ते श्रेयः वितरतु ।

शब्दार्थ—ब्रह्माण्डच्छत्रदण्डः=ब्रह्माण्डरूपी छत्र का दण्ड, शतधृतिभवनाम्भोरुहः=ब्रह्मा के उत्पत्तिस्थान कमल का, नालदण्डः=नालदण्ड, क्षोणीनौकूपदण्डः=पृथ्वीरूपी नाव का कूपदण्ड (मस्तूल), क्षरदमरसरित्पट्टिकाकेतुदण्डः=वहती हुयी आकाशगंगारूपी पताका का ध्वजदण्ड, ज्योतिश्चक्राक्षदण्डः=ग्रह तथा नक्षत्रों के मण्डलरूपी रथचक्र (रथ के पहियों) का अक्षदण्ड (धुरा), त्रिभुवनविजयस्तम्भदण्डः=तीनों लोकों की विजय (को सूचित करने वाला) स्तम्भ (खूँटा), विबुधद्वेषिणां=देवताओं या विद्वानों के द्रोहियों (असुरों) का, कालदण्डः=विनाश करने वाला दण्ड, त्रैविक्रमः=तीन पाद-विन्यासों में तीनों लोकों को नाप लेने वाले भगवान् वामन का, अंघ्रिदण्डः=चरणदण्ड, ते=तुम्हारा, श्रेयः=कल्याण, वितरतु=करे ।

हिन्दी-अनुवाद—ब्रह्माण्डरूपी छत्र का दण्ड अर्थात् समस्त ब्रह्माण्ड का

Kirtikant Sharma Collection, Najafgarh

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

आधार, ब्रह्मा के उत्पत्तिस्थान कमल के नालदण्ड अर्थात् ब्रह्मा तथा उनके उत्पत्तिस्थान कमल (भवन) के भी आश्रय, पृथ्वीरूपी नौका का कूपदण्ड (मस्तूल) अर्थात् पृथ्वी को स्थिर रखने एवं नियमित रूप से चलाने का आधार, ग्रहनक्षत्र-मण्डलरूपी चक्र का अक्षदण्ड (धुरा) अर्थात् ग्रहनक्षत्रों के सञ्चरण का आधार, तीनों लोकों की विजय को सूचित करने वाला स्तम्भदण्ड, देवताओं या विद्वानों के द्वेषी अर्थात् असुरों का नाश करने वाला (यमदण्ड) भगवान् त्रिविक्रम (वामन) का चरणदण्ड तुम्हें कल्याण दे अर्थात् तुम्हारा कल्याण करे।

संस्कृत-व्याख्या—अथ तत्रादौ तत्रभवान् श्रीमान् संस्कृतसाहित्यसागरपोत-दण्डी महाकविर्दण्डी निर्विघ्नं प्रारिप्सितपरिसमाप्तिकामः 'निर्विघ्नपरिसमाप्ति-कामो मङ्गलमाचरेत्' इति शिष्टानुशासनमनुसरन् सर्वविधविघ्नव्रातविघात-भगवतो वामनरूपधारिणो विष्णोः पादपद्मं ब्रह्माण्डेत्यादिना प्रणमति। ब्रह्माण्डेति-ब्रह्माण्डच्छत्रदण्डः=ब्रह्माण्डमखिलं विश्वं तदेव छत्रमातपत्रं तस्य दण्डः-आधारभूतस्तम्भः, शतधृतिभवनाम्भोरुहः=शतधृतेः पितामहस्य भवनमिति शतधृतिभवनम्, शतधृतिभवनञ्च तदम्भोरुट् कमलमिति शतधृतिभवनाम्भोरुट् तस्य, नालदण्डः=वृन्तभूता, क्षोणीनौकूपदण्डः=क्षोणी पृथ्वी 'क्षोणी ज्या काश्यपी क्षितिः' इत्यमरः, एव नौः तरणिः तस्याः कूपदण्डः गुणवृक्षः, क्षरदम-सरित्पट्टिकाकेतुदण्डः=क्षरन्ती-वहन्ती या अमरसरित् देवनदी–सा एव पट्टिका-पताका तस्याः केतुदण्डः-ध्वजदण्डः, ज्योतिश्चक्राक्षदण्डः=ज्योति-ग्रहनक्षत्रमण्डली एव चक्रं-रथाङ्गं तस्य अक्षदण्डः-मध्यस्थितकाष्ठदण्डविशेष त्रिभुवनविजयस्तम्भदण्डः=त्रिभुवनस्य-त्रिलोकस्य विजयः-जयः तस्य स्तम्भ-दण्डः-स्तम्भदण्डभूतः, विबुधद्वेषिणां=सुरद्वेषिणां बुधद्वेषिणां वा 'अमरा निर्जरा देवास्त्रिदशा विबुधाः सुराः' इत्यमरः 'विबुधो ज्ञे सुरे' इति मेदिनी दैत्यानां कालदण्डः=यमदण्डः, त्रैविक्रमः=त्रिविक्रमस्य अयमिति अण्-त्रैविक्रमः विष्णुसम्बन्धी 'पद्मनाभो मधुरिपुर्वासुदेवस्त्रिविक्रमः' इत्यमरः, अंघ्रिदण्डः=चरणदण्डः 'पादः पदंघ्रिश्चरणोऽस्त्रियाम्' इत्यमरः, ते=तुभ्यं श्रेयः=कल्याणं वितरतु=ददातु। एवमुक्तगुणविशेषविशिष्टः शौरेः चरणदण्डः तुभ्यं कल्याणं ददातु इति भावः। अत्र 'अंघ्रिदण्डः ते श्रेयः वितरतु' इत्यर्थेन नमस्कार आशी

Kirtikant Sharma Collection, Najafgarh

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

प्यते, एवं तं प्रति प्रणत इत्यर्थो हि लभ्यते। अनेन विष्णोः त्रिभुवनस्याधारभूतत्वं ध्वनितम्। इत्थं कवेः भक्तिभावः सम्यग् दरीदृश्यते। उक्तञ्च दर्पणे-'सञ्चारिणः प्रधानानि देवादिविषया रतिः। उद्बुद्धमात्रः स्थायी च भाव इत्यभिधीयते ।। अत्र रूपकालङ्कारस्य संसृष्टिः। रूपकं तावत्-'रूपकं रूपितारोपो विषये निरपह्नवे।' संसृष्टिश्च-'मिथोऽनपेक्षयेतेषां स्थितिः संसृष्टिरुच्यते'। यमकं च--सत्यर्थे पृथगर्थायाः स्वरव्यञ्जनसंहतेः। क्रमेण तेनैवावृत्तिर्यमकं विनिगद्यते। अनुप्रासश्च-'अनुप्रासः शब्दसाम्यं वैषम्येऽपि स्वरस्य यत्'। अत्र 'त्रिविक्रमस्ते श्रेयो वितरतु' इत्येवं न कथयित्वा 'त्रैविक्रमोऽङ्घ्रिदण्डः ते श्रेयो वितरतु' इत्येवं कथितमस्ति। यद्यपि त्रिविक्रमस्यांघ्रिदण्डः त्रिविक्रमान्न भिन्नः, तथापि स हि श्रेयः कार्ये असाधारणकारणत्वेनोपन्यस्तो यतो हि चरणदण्डः कल्याणसाधने समर्थः, असुराणां कालदण्डत्वात् यथा तेन बलिनियमनादिः; एवमत्र वस्तुध्वनिः। अलंकारध्वनिः रसध्वनिश्च अत्र। इत्थमत्र वस्त्वलंकाररसभेदेन त्रिधा ध्वनिः। गुणश्चात्र प्रसादः-चित्तं व्याप्नोति यः क्षिप्रं शुष्केन्धनमिवानलः। स प्रसादः समस्तेषु रसेषु रचनासु च ।। पाञ्चाली रीतिः-वर्णैः शेषैः पुनर्द्वयोः। समस्तपञ्चषपदो बन्धः पाञ्चालिका मता। स्रग्धरा वृत्तम्-"म्रभ्नैर्यानां त्रयेण त्रिमुनियतियुता स्रग्धरा कीर्तितेयम्"। इति तल्लक्षणात्।

टिप्पणी--ब्रह्माण्डच्छत्रदण्डः-ब्रह्माण्डमेव छत्रं ब्रह्माण्डच्छत्रम् (कर्मधारय) ब्रह्माण्डच्छत्रस्य दण्डः=ब्रह्माण्डच्छत्रदण्डः (तत्पुरुष)। छत्रम्=छादयतीति-छद्+णिच्+ष्ट्रन् तथा ह्रस्व। दण्डः-'दण्डो यमे मानभेदे लगुडे दमसैन्ययोः। व्यूहभेदे प्रकाण्डेऽश्वे कोशमन्थानयोरपि। अभिमाने ग्रहे दण्डचण्डांशोः पारिपार्श्विके ।।" इति विश्वः। शतधृतिभवनाम्भोरुहः=शतधृतेः भवनमिति शतधृतिभवनम् (तत्पुरुष) शतधृतिभवनञ्च तदम्भोरुट् शतधृतिभवनाम्भोरुट् तस्य (कर्मधारय)। अम्भोरुहम्-अम्भसि रोहति इति 'बिसप्रसून-राजीवपुष्कराम्भोरुहाणि च' इत्यमरः। क्षोणीनौकूपदण्डः=क्षोणी एव नौः क्षोणीनौः (कर्मधारय), तस्य कूपदण्डः (तत्पुरुष)। क्षोणी-क्षौति इति ' 'टुक्षु' शब्दे' धातु से बाहुलकात् नि प्रत्यय तथा ङीप् अथवा क्षै+डोनि=क्षोणि+ङीप्। 'धरा धरित्री धरणी क्षोणी ज्या काश्यपी क्षितिः'

Kirtikant Sharma Collection, Najafgarh

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

इत्यमरः, क्षरदमरसरित्पट्टिकाकेतुदण्डः=क्षरन्ती च सा अमरसरित् क्षरदमरसरित् (कर्मधारय) सा एव पट्टिका (कर्मधारय) तस्याः केतुदण्डः (तत्पुरुष) क्षरत्–क्षर्+शतृ । ज्योतिश्चक्राक्षदण्डः=ज्योतिषां चक्रं ज्योतिश्चक्रम् (तत्पुरुष) तस्य अक्षदण्डः (तत्पुरुष) । ज्योतिस्–द्योतते इति द्युत्+इसिन् दस्य जादेशश्च । 'ज्योतिरग्नौ दिवाकरे । पुमान्, नपुंसकं दृष्टौ स्यान्नक्षत्रप्रकाशयोः ।' इति मेदिनी । त्रिभुवनविजयस्तम्भदण्डः–त्रयाणां भुवनानां समाहारः त्रिभुवनम् (द्विगु), तस्य विजयः तस्य स्तम्भदण्डः (तत्पुरुष) । विबुधद्वेषिणाम्–विबुधान् द्विषन्तीति विबुधद्वेषिणः तेषाम् (उपपदसमास, कृदन्त)। विबुध+द्विष्+णिनि (इन्) । विबुधः–विशिष्टो बुधो येषाम्, विशेषेण बुध्यन्ते वा; वि+बुध्+क=विबुध । 'विबुधो ज्ञे सुरे' इति मेदिनी । विबुध शब्द देवता तथा विद्वान् अर्थ का वाचक है । त्रैविक्रमः–त्रयः विक्रमाः यस्य सः= त्रिविक्रमः (बहुव्रीहि) तस्यायम् । त्रिविक्रम+अण्=त्रैविक्रम । अंघ्रिदण्डः–अंघ्रिः दण्ड इव=अंघ्रिदण्डः (उपमित कर्मधारय) । 'पादः पदंघ्रिश्चरणोऽस्त्रियाम्' इत्यमरः । ते–युष्मद् शब्द की चतुर्थी विभक्ति के एकवचन 'तुभ्यम्' का दूसरा रूप । यह वक्ता तथा श्रोता का उपलक्षक है क्योंकि उन्हीं को सम्बोधित कर रहा है । सम्बोध्य पदार्थ की उपस्थिति में युष्मद्=तुम या आप का प्रयोग होता है । कहा भी गया है–"सम्बोधनसारो हि युष्मदर्थः" । श्रीमद्भागवत महापुराण की कथा है कि वामनावतार में भगवान् विष्णु ने अपने चरण के द्वारा त्रिलोक को नाप डाला था । प्रस्तुत मङ्गलाचरण में उसी चरण की महिमा गायी गयी है । यहाँ यह बतलाया गया है कि भगवान् विष्णु का चरण समस्त ब्रह्माण्ड, ब्रह्मा, ब्रह्मा का भवन, पृथ्वी, गगन, ग्रह, नक्षत्र, तथा आकाश गङ्गा आदि समस्त पदार्थों का आधार है । उसने समस्त त्रिलोक को नापकर विजय को प्राप्त किया है । वह सभी का नियामक है तथा असुरों के लिए कालदण्ड के तुल्य है । उसके द्वारा ही बलि आदि दैत्यों का निग्रह हुआ है । इससे यह स्पष्ट होता है कि वह सत्पदार्थों का संस्थापक तथा असत् का विनाशक है । श्रीमद्भागवत में कहा गया है–"क्षितिं पदैकेन बलेर्विचक्रमे नभः शरीरेण दिशश्च बाहुभिः । पदं द्वितीयं क्रमतस्त्रिविष्टपं न वै तृतीयाय तदीयमण्वपि ॥"

Kirtikant Sharma Collection, Najafgarh

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

यहाँ 'त्रिविक्रम तुम्हारा कल्याण करें' ऐसा न कहकर 'त्रिविक्रम का चरण-दण्ड तुम्हारा कल्याण करे' ऐसा कहा गया है। यद्यपि त्रिविक्रम का चरणदण्ड उनसे भिन्न नहीं है तथापि वह कल्याण के कार्य में असाधारण कारण रूप से प्रस्तुत है, क्योंकि चरणदण्ड कल्याण करने में समर्थ है। वह असुरों के लिए कालदण्ड के तुल्य है। देवोद्धार तथा वलिनियमनादि उसके कार्य व्यापार हैं। इस प्रकार यहाँ वस्तुध्वनि है। ध्वनि की व्याख्या करते हुए आचार्य आनन्द-वर्धन इस प्रकार कहते हैं—

यत्रार्थः शब्दो वा तमर्थमुपसर्जनीकृतस्वार्थौ ।
व्यङ्क्तः काव्यविशेषः स ध्वनिरिति सूरिभिः कथितः ।।

अर्थात् जहाँ अर्थ अपने आपको अथवा शब्द अपने अर्थ को दबाकर प्रतीय-मान अर्थ को अभिव्यक्त करता है, उस काव्य-विशेष को विद्वान् लोग 'ध्वनि' संज्ञा से अभिहित करते हैं।

'भगवान् विष्णु का चरणदण्ड कल्याण करे' इस कथन से विष्णु के प्रति नमस्कार आक्षिप्त होता है, क्योंकि जब हम उन्हें प्रणाम करेंगे तभी वे हमें कल्याण प्रदान करेंगे। इस प्रकार विष्णु के प्रति प्रेम होने से भक्तिभाव स्पष्ट है। दर्पणकार का कथन है—'सञ्चारिणः प्रधानानि देवादिविषया रतिः। उद्‌बुद्धमात्रः स्थायी च भाव इत्यभिधीयते ।।"

यहाँ रूपक अलंकार की संसृष्टि है। ब्रह्माण्ड, पृथ्वी तथा आकाशगंगा पर छत्र, नौका तथा पताका का क्रमशः आरोप प्रस्तुत किया गया है और यह आरोप भगवान् त्रिविक्रम के चरण में दण्ड, कूपदण्ड तथा ध्वजदण्ड के आरोप का कारण है; अतएव यहाँ परम्परित रूपक है अन्यत्र निरङ्ग रूपक है। इन सभी रूपकों की स्थिति परस्पर निरपेक्ष है, अतः रूपकालंकार की संसृष्टि है। लक्षण इस प्रकार हैं—रूपक—'रूपकं रूपितारोपो विषये निरपह्नवे'। संसृष्टि—'मिथोऽनपेक्षयेतेषां स्थितिः संसृष्टिरुच्यते'। विबुध शब्द में श्लेष है। यह देवता तथा विद्वान् का वाचक है। श्लेष का लक्षण इस प्रकार है—'श्लिष्टैः पदैरनेकार्थाभिधाने श्लेष इष्यते'। अनुप्रास की भी स्थिति है। लक्षण—'वर्णसाम्यमनुप्रासः'। प्रसाद नामक गुण है। लक्षण—चित्तं व्याप्नोति यः क्षिप्रं शुष्केन्धनमिवानलः। स प्रसादः समस्तेषु रसेषु रचनासु च ।।

Kirtikant Sharma Collection, Najafgarh

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

पाञ्चाली रीति है। लक्षण–वर्णैः शेषैः पुनर्द्वयोः। समस्तपञ्चषपदो बन्ध पाञ्चालिका मता ॥

यहाँ 'दण्ड' शब्द का कई बार प्रयोग हुआ है। यह अत्यन्त व्यञ्जक है। यह सत् का संस्थापक तथा असत् का विघातक है–यही इसकी व्यञ्जकशक्ति है। दण्ड शब्द का कई बार प्रयोग कर महाकवि दण्डी ने अपने नाम के प्रति प्रेम प्रकट किया है–कुछ समालोचकों का ऐसा विचार है। कतिपय विद्वान् पूर्वपीठिका को दण्डी की रचना नहीं मानते हैं। उनका विचार है कि पूर्वपीठिका के रचयिता ने दण्डी को लक्ष्यकर 'दण्ड' शब्द का अनेक बार प्रयोग किया है। अन्य विद्वानों का विचार है कि महाकवि दण्डी का वास्तविक नाम कुछ और रहा होगा परन्तु इस श्लोक में उनके 'दण्ड' शब्द के प्रयोग से प्रभावित होकर लोग उन्हें 'दण्डी' कहने लग गये थे और वे 'दण्डी' के नाम से इतने अधिक प्रसिद्ध हुये कि लोग उनके वास्तविक नाम को ही विस्मृत कर गये। प्रामाणिक सामग्री के अभाव में उपर्युक्त मतों की सम्पुष्टि कर सकना कठिन है।

ग्रन्थ के निर्विघ्न रूप में समाप्त होने के लिए ग्रन्थकार ने मङ्गलाचरण किया है। मङ्गलाचरणविधान शिष्टाचार परम्परा प्राप्त है। महाभाष्यकार का कथन है–"मङ्गलादीनि हि शास्त्राणि प्रथन्ते वीरपुरुषाणि च भवन्ति, आयुष्मत्पुरुषाणि च अध्येतारश्च सिद्धार्थाः यथा स्युः।" माङ्गलिक श्लोक के साथ ही साथ प्रारम्भ में आया हुआ 'ब्रह्म' शब्द मङ्गलवाची है। मगण का प्रयोग भी माङ्गलिक है, कहा गया है–'मो भूमिः श्रियमातनोति।' स्रग्धरा छन्द का प्रयोग हुआ है जिसका लक्षण इस प्रकार है–

म्रभ्नैर्यानां त्रयेण त्रिमुनियतियुता स्रग्धरा कीर्तितेयम्।

पाटलिपुत्रवर्णनम्

अस्ति समस्तनगरीनिकषायमाणा शश्वदगण्यपण्यविस्तारितमणिगणादिवस्तुजातव्याख्यातरत्नाकरमाहात्म्या मगधदेशशेखरीभूता पुष्पपुरी नाम नगरी।

हिन्दी–अनुवादः–(संसार की) समस्त नगरियों की (श्रेष्ठता को परखने की) कसौटी के समान सर्वदा असंख्य विक्रेय वस्तुओं के रूप में फैलाई हुयी

Kirtikant Sharma Collection, Najafgarh

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

विभिन्न मणि आदि वस्तुओं के समूह से समुद्र के समान (अपने) माहात्म्य को प्रकट करने वाली मगध देश की शिरोमणि (राजधानी) पुष्पपुरी (पाटलिपुत्र, पटना) नामक नगरी है ।

संस्कृत-व्याख्या—समस्तनगरीनिकषायमाणा समस्ताः सकलाश्च ताः नगर्यः पुर्यः तासां निकषः आदर्शः, गुणपरीक्षास्थानं वा स इवाचरतीति । 'शाणस्तु निकषः कषः' इत्यमरः । शश्वदगण्यपण्यविस्तारितमणिगणादिवस्तुजातव्याख्यातरत्नाकर-माहात्म्या=शश्वत्-निरन्तरम् अगण्यैः—गणनातीतैः पण्यैः-विक्रेयवस्तुभिः विस्तारितैः—प्रसारितैः मणिगणादिवस्तुजातैः—मणिगणादिवस्तुसमूहैः व्याख्यातं—प्रकटीकृतं रत्नाकरस्य=समुद्रस्य इव माहात्म्यं-महिमा यस्याः सा तथाभूता विविधविधमणि-गणप्रपूरितापणेति भावः । 'रत्नाकरो जलनिधिर्यादःपतिरपाम्पतिः' इत्यमरः । मगधदेशशेखरीभूता=मगधदेशस्य=मगधाख्यदेशस्य शेखरीभूता=शिरोभूषण-रूपा पुष्पपुरी=एतदाख्या, नाम संज्ञका "नाम कोपेऽभ्युपगमे विस्मये स्मरणेऽपि च । सम्भाव्य-कुत्साप्राकाश्यविकल्पेष्वपि दृश्यते ॥" इति मेदिनी । नगरी=पुरी, अस्ति=वर्तते ।

टिप्पणी—समस्तनगरीनिकषायमाणा-समस्ताश्च ताः नगर्यः (कर्मधारय) तासां निकषः (तत्पुरुष) स इव आचरतीति । निकषायमाणा-निकष+क्यङ्+शानच्+टाप् । 'शाणस्तु निकषः कषः' इत्यमरः । शश्वदगण्यपण्यविस्तारितमणिगणादिवस्तुजातव्याख्यातरत्नाकरमाहात्म्या-शश्वत् अगण्यपण्यविस्तारितानि च तानि मणिगणादिवस्तुजातानि तैः व्याख्यातं रत्नाकरस्य इव माहात्म्यं यस्याः सा तथाभूता (बहुव्रीहि) । पण्य—पण्+यत् । विस्तारित—वि+स्तृ+णिच्+क्त । व्याख्यात=वि+आ (आङ्) +ख्या+क्त। रत्नाकर—रत्नानाम् आकरः (तत्पुरुष) 'रत्नाकरो जलनिधिर्यादःपतिरपाम्पतिः' इत्यमरः । मगधदेशशेखरीभूता—मगधदेशस्य शेखरीभूता (तत्पुरुष) । शेखरीभूता—शेखर+च्वि+भू+क्त+टाप् । शेखर-शिङ्खति इति 'शिखि गतौ' धातु से बाहुलक से अर तथा 'आगमशास्त्रस्यानित्यत्वान्न नुम्' । "शिखास्वापीडशेखरौ" इत्यमरः । नाम=नामकोपेऽभ्युपगमे विस्ये स्मरणेऽपि च । सम्भाव्यकुत्साप्राकाश्यविकल्पेष्वपि दृश्यते ।" इति मेदिनीकोष । अस्ति—'अस् भुवि सत्तायाम्' धातु लट् लकार

Kirtikant Sharma Collection, Najafgarh

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

प्रथम पुरुष एकवचन ।

पुष्पपुरी नामक नगरी में असंख्य मणि आदि पदार्थ समूह विक्रय के लि विखरे हुये थे, अतएव वह नगरी रत्नाकर के समान प्रतीत हो रही थी । नगरी पर रत्नाकर की सम्भावना होने से यहाँ उत्प्रेक्षालङ्कार है। उत्प्रेक्षा का लक्ष इस प्रकार है–'सम्भावनमथोत्प्रेक्षा प्रकृतस्य समेन यत्,' । नगरी की अद्भु सम्पत्ति तथा वैभव की समुपस्थिति से यहाँ उदात्त नामक अलंकार भी है उदात्त का लक्षण इस प्रकार है–'उदात्तं वस्तुनः सम्पत्' इति मम्मटः । न, तथा ण, ण आदि वर्णों का अनुप्रास भी है । उक्त वर्णन से पुष्पपुरी नाम नगरी की समृद्धि अभिव्यञ्जित हो रही है ।

मगधराजराजहंसवर्णनम्

तत्र वीरभटपटलोत्तरङ्गतुरङ्गकुञ्जरमकरभीषणसकलरिपुगणकटकजलनिधिम नमन्दरायमाणसमुद्दण्डभुजदण्डमण्डलः, पुरन्दरपुराङ्गणवनविहरणपरायणतरुण णिकागणजेगीयमानयाऽतिमानया शरदिन्दुकुन्दघनसारनीहारहारमृणालमरालसु गजनीरक्षीरगिरिशाट्टहासकैलासकाशनीकाशमूर्त्या रचितदिगन्तरालपूर्ति कीर्त्याभितः सुरभितः……।

हिन्दी–अनुवादः–वहाँ (उस पुष्पपुरी नामक नगरी में) वीर योद्धाओं समूहरूप उत्ताल तरंगों वाले (हिलोरें लेने वाले), अश्व एवं गज रूपी मकर (नाकों) से भयङ्कर, समस्त शत्रुसमूह के सैन्यरूप समुद्र के मन्थन के लि मन्दराचल के समान विशाल भुजदण्डयुगल वाले; इन्द्र की नगरी (अमरावती के नन्दनवन में विहार करने वाली युवती वेश्याओं के समूह के द्वारा पुनःपुन गायी जाने वाली और अधिक परिमाणों वाली, शरच्चन्द्र, कुन्द-कुसुम, कपूर हिम (वर्फ), हार (मोतियों की माला), मृणाल (कमल-नाल), हंस, ऐरावत जल, दुग्ध, शिव का अट्टहास, कैलास (पर्वत) तथा काश (काश का फूल के समान (श्वेत एवं निर्मल) स्वरूप को धारण करने वाली और सर्व दिशाओं के मध्य भाग को परिपूर्ण करनेवाली कीर्ति के द्वारा चारों ओर सुगन्धित………

संस्कृत-व्याख्याः–तत्र=तस्यां पुष्पपुर्याम्, (राजहंसो नाम भूपो बभूव) राजहंसं वर्णयति–वीरभटपटलोत्तरङ्गतुरङ्गकुञ्जरमकरभीषणसकलरिपुगणकट

Kirtikant Sharma Collection, Najafgarh

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

कजलनिधिमथनमन्दरायमाणसमुद्दण्डभुजदण्डमण्डलः—वीराः शूराश्च ते भटाः तेषां पटलेन—समूहेन उत्तरंगाः—उद्गतकल्लोलाः तुरंगाः—घोटकाः कुञ्जराः—हस्तिनश्च ते मकराः—नक्राः तैः भीषणाः—भयङ्कराः, सकलाः समस्ताश्च ये रिपवः अरयः तेषां गणाः—समूहाः तेषां कटकं—सैन्यं जलनिधिः —सागर इव तस्य मथने विलोडने मन्दरायमाणं—मन्दराख्याद्रिरिवाचरत् समुद्दण्डं—समुन्नतं भुजदण्डमण्डलं दोर्दण्डयुगलं यस्य सः । 'भुजबाहू प्रवेष्टो दोः' इत्यमरः । पुरन्दरपुराङ्गणवनविहरणपरायणतरुणगणिकागणजेगीयमानया—पुरन्दरस्य—पाकशासनस्य पुरं—नगरं तस्य अङ्गणवने—नन्दनवने विहरणे—विहारे परायणानां—तत्पराणां तरुणीनां—नवयुवतीनां गणिकानां—अप्सरसां गणैः—समूहैः, जेगीयमानया—पुनः पुनः कीर्त्यमानया । अतिमानया—अतिशयितं मानं यस्याः सा तया । शरदिन्दुकुन्दघनसारनीहारहारमृणालमरालसुरगजनीरक्षीरगिरिशाट्टहासकैलासकाशनीकाशमूर्त्या—शरदिन्दुः—शरत्सुधांशुः च कुन्दं—एतदाख्यं पुष्पञ्च घनसारः चन्दनरसश्च नीहारः—तुषारश्च हारः—मौक्तिकमाला च मृणालं—बिसञ्च मरालः—हंसश्च सुरगजः ऐरावतश्च नीरं—सलिलञ्च क्षीरं—दुग्धञ्च गिरिशाट्टहासः—शिवहास्यविशेषश्च काशः—काशकुसुमञ्च तैः नीकाशा—तुल्या मूर्तिः—स्वरूपं यस्याः सा तया । रचितदिगन्तरालपूर्त्या—रचिता—विहिता दिगन्तरालानां—दिङ्मध्यभागानां पूर्तिः—पूरणं यया तया, कीर्त्या—यशसा, अभितः—समन्तात् सुरभितः—सुगन्धितः ।

टिप्पणी—तत्र—तत्+त्रल् । वीरभट ···समुद्दण्डभुजदण्डमण्डलः—वीराश्च ते भटा इति वीरभटाः तेषां पटलः, तेन उत्तरङ्गाः तुरंगाश्च कुञ्जराश्च ते मकरा इव तैः भीषणं सकलरिपुगणकटकं तत् जलनिधिः इव तस्य मथने मन्दरायमाणं समुद्दण्डं भुजदण्डमण्डलं यस्य सः (बहुव्रीहि) । 'रत्नाकरो जलनिधिर्यादःपतिरपाम्पतिः' इत्यमरः । जलनिधिः—'जलानि निधीयन्तेऽत्र' इस विग्रह से 'जल+नि+धा' से 'कर्मण्यधिकरणे च' इस सूत्र से 'कि' प्रत्यय होकर 'जलनिधि' शब्द बनता है । मन्दरायमाण—मन्दर+क्यङ्+शानच् । 'भुजबाहू प्रवेष्टो दोः स्यात्' इत्यमरः । पुरन्दर···जेगीयमानया—पुरन्दरस्य यत् पुरांगणवनं तस्मिन् विहरणे परायणानांतरुणगणिकानां गणैः जेगीयमाना तया (तत्पुरुष)।

Kirtikant Sharma Collection, Najafgarh

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

पुरन्दर–पुरोऽरीणां दारयतीति पुर्+दृ+णिच्+खच् तथा मुम् का आगम। 'वृद्धश्रवाः सुनासीरः पुरुहूतः पुरन्दरः' इत्यमरः । गणिका–'गणः समूहोऽस्त्यस्या भर्तृत्वेन' इस अर्थ में गण+ठन् अथवा गणयति इति गण्+ण्वुल् । 'वारस्त्री गणिका वेश्या रूपाजीवा' इत्यमरः । जेगीयमानया–यङन्त गै (गा) धातु- जेगीय+शानच्+टाप्–जेगीय माना तृ० ए० व० जेगीयमानया। शरदिन्दु कुन्द......मूर्त्या–शरदिन्दुश्च कुन्दञ्च घनसारश्च नीहारश्च हारश्च मृणालञ्च मरालश्च सुरगजश्च नीरञ्च क्षीरञ्च गिरिशाट्टहासश्च कैलासश्च काशश्च तैः नीकाशा मूर्तिः यस्याः सा तया (बहुव्रीहि) । गिरिशाट्टहासः गिरिशस्य अट्टहासः (षष्ठी तत्पुरुष) । गिरिशः–'गिरिराश्रयत्वेनास्यास्तीति' इस अर्थ में गिरि शब्द से 'लोमादि–नियम के द्वारा 'श' होता है । अथवा 'गिरौ कैलास- पर्वते शेते' इस अर्थ में गिरि+शी+ड । 'भूतेशः खण्डपरशुर्गिरीशो गिरिशो मृडः' इत्यमरः । मूर्तिः–मूर्च्छति इति 'मुर्च्छा मोहसमुच्छ्राययोः' से क्तिच् प्रत्यय। 'कायो देहः क्लीबपुंसोः स्त्रियां मूर्तिस्तनुस्तनूः' इत्यमरः । कीर्त्या–कीर्त्यते इति कृत्+क्तिन् । 'यशः कीर्तिः समज्ञा च' इत्यमरः । 'वीरभट मण्डलः' में रूपक तथा अनुप्रास । 'पुरन्दर जेगीयमानया' में अनुप्रास की छटा । 'शरदिन्दु मूर्त्या' में उपमा तथा अनुप्रास । प्रस्तुत सन्दर्भ में महाराज राजहंस के विशाल बाहुदण्डों की प्रशंसा की गयी है । उनके करकञ्ज विशुद्ध यशसमूह से सुशो- भित हैं–इस कथन से राजा के शौर्य,औदार्य, दाक्षिण्य आदि गुण ध्वनित होते हैं जिनके द्वारा उन्हें अनुपम यशोराशि का लाभ हुआ है ।

... स्वर्लोकशिखरोरुरुचिररत्नरत्नाकरवेलामेखलायितधरणीरमणीसौभाग्य- भोगभाग्यवान्, अनवरतयागदक्षिणारक्षितशिष्टविशिष्टविद्यासंभारभासुरभूसुर- निकरः, विरचितारातिसंतापेन प्रतापेन सतततुलितवियन्मध्यहंसः, राजहंसो नाम घनदर्पकन्दर्पसौन्दर्यसोदर्यहृद्यनिरवद्यरूपो भूपो बभूव ।

हिन्दी-अनुवाद–देवताओं (स्वर्लोक) के मुकुट के बहुमूल्य एवं मनोहर रत्नों वाले समुद्र की तटभूमि (वेला) रूपी करधनी से घिरी हुयी पृथ्वी रूपी कामिनी के सौन्दर्य तथा ऐश्वर्य का उपभोग करने वाले, निरन्तर किये जाने

Kirtikant Sharma Collection, Najafgarh

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

वाले यज्ञों की दक्षिणाओं के द्वारा शिष्ट (सदाचारपरायण) एवं विशिष्ट शास्त्रज्ञान के आधिक्य से तेजस्वी ब्राह्मणों के समूह की रक्षा करने वाले, शत्रुओं को संतप्त करने वाले (अपने) प्रताप से सर्वदा गगन के मध्य में (विराजमान) सूर्य के समान और महाभिमानी कामदेव के सौन्दर्य के समान मनोहर निर्दोष रूप वाले 'राजहंस' नामक राजा हुए ।

संस्कृत-व्याख्या– स्वर्लोकशिखरोरुरुचिररत्नरत्नाकरवेलामेखलायितधरणी-रमणीसौभाग्यभोगभाग्यवान्–स्वः–नाकः लोकः–आश्रयः येषां ते–अमराः तेषां शिखरेषु–चूडासु ऊरूणि–महान्ति रुचिराणि–सुन्दराणि रत्नानि–मणयः यस्य तादृशस्य रत्नाकरस्य–सागरस्य वेला–तीरं तया मेखलायिता–काञ्चीवाचरिता या धरणी–धरा एव रमणी–ललना तस्याः सौभाग्यस्य–सौन्दर्यस्य यः भोगः–तस्मिन् भाग्यवान्–भाग्ययुक्तः । अनवरतयागदक्षिणारक्षितशिष्टविशिष्टविद्या-सम्भारभासुरभूसुरनिकरः–अनवरतं–निरन्तरं यः यागः–यज्ञानुष्ठानं तस्य दक्षिणाभिः–दक्षिणरूपप्रदत्तद्रव्यविशेषैः रक्षितः–परिपालितः शिष्टानां–सज्जन-पुरुषाणां विशिष्टानां–महतां विद्यासम्भारेण–ज्ञानविस्तरेण भासुराणां–प्रदीप्तानां भूसुराणां–विप्राणां निकरः–समूहः । विरचितारातिसंताप-पेन–विरचितः–विहितः अरातीनां–शत्रूणां संताप–खेदः येन तेन तथाभूतेन, प्रतापेन–तेजसा, 'स प्रतापः प्रभावश्च यत्तेजः कोशदण्डजम्' इत्यमरः । सततत्तुलितवियन्मध्यहंसः–सततं–अविरतं तुलितः–समीकृतः वियन्मध्यहंसः–गगन मध्यसूर्यः येन सः, राजहंसो नाम–राजहंस इत्याख्यः । घनदर्पकन्दर्पसौन्दर्य-सोदर्यहृद्यनिरवद्यरूपः–घनः–सान्द्रः दर्पः–मदः यस्य सः–घनदर्पः यः कन्दर्प–मन्मथः तस्य यत् सौन्दर्य–रमणीयता तस्य सोदर्य–सहोदरं हृद्यं–सुन्दरं निरवद्यं–निर्दोषं रूपं–स्वरूपं यस्य स तादृशः, भूपः–नृपतिः, बभूव–अभूत् ।

टिप्पणी–स्वर्लोक···भाग्यवान्–स्वः लोकः येषां ते, तेषां शिखरेषु ऊरूणि रुचिराणि रत्नानि यस्य सः, स चासौ रत्नाकरः, तस्य वेलया मेखलायिता, सा चासौ धरणी, सा एव रमणी तस्याः सौभाग्यस्य भोगः तस्मिन् भाग्यवान् (तत्पुरुष) । स्वः–'स्वरव्ययं स्वर्गनाकत्रिदिवत्रिदशालयाः' इत्यमरः' 'स्वः प्रेत्य व्योम्नि नाके च' इति मेदिनी । रुचिर–रोचते इति 'रुच्' दीप्तावभिप्री-

Kirtikant Sharma Collection, Najafgarh

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

तौ च' से 'इषिमदिमुदि' सूत्र से किरच् (रुच्+किरच्), 'सुन्दरं रुचिरं चा सुषमं साधु शोभनम्' इत्यमरः । मेखलायिता—मेखला+क्यच्+इट्+क्त-टाप् । रमणी—रमयति रम्यते वा रम्+ल्युट् णत्व ङीप्, 'प्रमदा मानि कान्ता ललना च नितम्बिनी । सुन्दरी रमणी रामा' इत्यमरः । भाग्यवान्—भ+ण्यत्=भाग्य+मतुप्=भाग्यवान् । याग—यज्+घञ् (कुत्व) । शिष्ट शास्+क्त । विशिष्टः—वि+शास्+क्त । विद्या—विद्+क्यप्+टाप् । भासु भास्+घुरच् । भूसुरः—भूवो भुवि वा सुर इव । निकरः—नि+कृ+अप् अनवरत···निकरः—अनवरतं यः यागः तस्य दक्षिणाभिः रक्षितः विद्यायाः सम्भा तेन भासुराः शिष्टाश्च ते भूसुराः तेषां निकरः (तत्पुरुष) । विरचितारा संतापेन—विरचितः अरातीनां संतापः येन तेन तादृशेन, अराति—न राति सु मिति 'रा' दाने धातु से क्तिच्, 'अभिघातिपरारातिप्रत्यर्थिपरिपन्थिनः' इत्यम सतत—सम्+तन्+क्त, 'सततानारताश्रान्तसंतताविरतानिशम्' इत्यमरः वियत्—वि विश्वत एति व्याप्नोति (वि+इण्+शतृ), अथवा वियच्छति विरमति (वि+यम्+क्विप् मलोप तथा तुक्; 'वियद्विष्णुपदं वा तु पुंस्य काशविहायसी' इत्यमरः । हंस=सूर्य, हन्ति गच्छति इति 'हन् हिंसागत्यो पचाद्यच् से अच् 'भवेद्वर्णागमाद्धंसः— से सक् अथवा 'वृतृवदिवचिवसिहनि—से प्रत्यय । 'रविश्वेतच्छदौ हंसौ' इत्यमरः 'हंसो विहङ्गभेदे स्यादर्के विष्णौ हयान योगिमन्त्रादिभेदेषु परमात्मन्यमत्सरे । निर्लोभनृपतौ हंसः शारीरमरुदन्तरे इति विश्वः । घनदर्प··· रूपः—घनः दर्पः यस्य सः, सचासौ कन्दर्पः तस्य सौन्दर्य तस्य सोदर्यः हृद्यं निरवद्यं रूपं यस्य स तादृशः । कन्दर्पः—कुत्सितो दर्पोऽस्य कं यद्वा कं सुखं तत्र तेन वा दृप्यति (कम्+दृप्+अच्); 'कन्दर्पो दर्पकोऽनं कामः पञ्चशरः स्मरः' इत्यमरः । सौन्दर्यम्—सुन्दर+ष्यञ् । सोदर्य—सोदर+ यत् हृद्यम्—हृदयस्य प्रियम् इस अर्थ में हृदय शब्द से यत् प्रत्य हृदादेश; 'अभीष्टेऽभीप्सितं हृद्यं दयितं वल्लभं प्रियम्, इत्यमरः, 'हृद्यं धवलजं च हृत्प्रिये हृद्भवेऽपि च । वशकृद्वेदमन्त्रे च हृद्या वृद्ध्याख्यभेषजे ।' इति विश्व भूपः—भुवं पातीति भूपः; 'राज्ञि राट्पार्थिवक्ष्माभृन्नृपभूपमहीक्षितः' इत्यमर बभूव—भू धातु लिट् लकार प्रथम पुरुष एकवचन । यहाँ सर्वत्र अनुप्रास

Kirtikant Sharma Collection, Najafgarh

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

छटा छिटक रही है। 'सर्वलोक··· भाग्यवान्' में रूपक अलंकार है। 'सौभाग्य-भोगभाग्यवान्' आदि में कवि का अनुप्रास प्रेम दिखलाई पड़ता है। 'मध्यहंस राजहंस', 'घनदर्प कन्दर्प', 'सौन्दर्य सोदर्य', 'हृद्य निरवद्य' में यमकालंकार है। प्रस्तुत गद्यखण्ड में महाराज राजहंस के सौभाग्य, सौन्दर्य एवं निरवद्य रूप का वर्णन किया गया है।

राज्ञीवसुमतीवर्णनम्

तस्य वसुमती नाम सुमतिः लीलावतीकुलशेखरमणी रमणी बभूव।

हिन्दी-अनुवाद---उस (राजा) के कामिनी कुल की शिरोमणि अत्यन्त बुद्धिमती वसुमती नामक पत्नी थी।

संस्कृत-व्याख्या---तस्य=पूर्वोक्तस्य राज्ञः, लीलावतीकुलशेखरमणी=लीलावतीनां–ललनानां कुलस्य-वंशस्य शेखरं–शिरोभूषणं तस्य मणिः–रत्नस्वरूपा तादृशी, सुमतिः=सु–शोभना मतिः–मनीषा यस्याः सा तथोक्ता, वसुमती नाम–वसुमतीत्याख्या, रमणी=ललना, बभूव=आसीत्।

टिप्पणी---लीलावतीकुलशेखरमणी–लीलावतीनां कुलस्य यत्शेखरं तस्य मणिः तादृशी (तत्पुरुष)। लीलावती–लीला+मतुप्+ङीप्। लीला–अंगैर्वेषै-रलंकारैः प्रेमभिर्वचनैरपि। प्रीतिप्रयोजितैर्लीलां प्रियस्यानुकृतिं विदुः॥ अर्थात् अनुरागाधिक्य के कारण अंग, वेष, अलंकार तथा प्रेमभरे वचनों से प्रियतम के अनुकरण को 'लीला' कहते हैं। शेखर–शिख्+अरन् पृषोदरादि नियम से सिद्ध होता है। 'शिखास्वापीडशेखरौ' इत्यमरः। सुमतिः–शोभना मतिः यस्याः सा (बहुव्रीहि)। नाम–आख्याह्वे अभिधानं च नामधेयं च नाम च। रमणी–सुन्दरी स्त्री; 'सुन्दरी रमणी रामा' इत्यमरः।

रोषरूक्षेण निटिलाक्षेण भस्मीकृतचेतने मकरकेतने तदा भयेनानवद्या वनितेति मत्वा तस्य रोलम्बावली केशजालम्, प्रेमाकरो रजनीकरो विजितारविन्दं वदनम्, जयध्वजायमानो मीनो जायायुतोऽक्षियुगलम्, सकलसैनिकाङ्गवीरो मलयसमीरो निःश्वासः, पथिकहृद्दलनकरवालः प्रवालश्चाधरबिम्बम्, जयशंखो बन्धुरा लावण्यधरा कन्धरा, पूर्णकुम्भौ चक्रवाकानुकारौ पयोधरौ, ज्यायमाने मार्दवासमाने बिसलते च बाहू, ईषदुत्फुल्ललीलावतंसकह्लारकोरको गंगावर्तस-

Kirtikant Sharma Collection, Najafgarh

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

नाभिर्नाभिः, दूरीकृतयोगिमनोरथो जैत्ररथोऽतिघनं जघनम्, जयस्तम्भभू सौन्दर्यभूते विघ्नितयतिजनारम्भे चोरुयुगम्, आतपत्रसहस्रपत्रं पादद्वय अस्त्रभूतानि प्रसूनानि तानीतराण्यंगानि च समभूवन्निव ।

हिन्दी-अनुवाद—क्रोध से निष्ठुर शङ्कर ने जब कामदेव के चैतन्य को भ कर दिया, तब मानो भय के कारण 'स्त्री निर्दोष होती है' ऐसा मान (उसके सभी साधन अपने-अपने स्वरूप के अनुसार वसुमती रानी के विभि अंग हो गये थे।) उस (कामदेव) की (सेना की) भ्रमरपंक्ति उसका के समूह, प्रेम का आकर (खजाना) चन्द्रमा कमल को भी पराजित करने वा उसका मुख, विजयध्वज बना हुआ मत्स्य (अपनी) पत्नी सहित उसका ने युगल, कामदेव के समस्त सैनिकों में प्रधान योद्धा मलयपवन उसका मुखप (साँस), पथिकों के हृदय को विदीर्ण करने में कृपाण के समान (कार्य क वाले) नवपल्लव उसका अधर बिम्ब, विजयध्वनि करने वाला (कामदेव का शंख उसकी ऊँची-नीची सौन्दर्यशाली ग्रीवा (कन्धरा), जल परिपूर्ण कलश च वाक पक्षी के तुल्य उसके स्तन, (कामदेव के धनुष की) प्रत्यञ्चा कोमलता अद्वितीय कमलनाल के सदृश उसकी दोनों भुजायें, (कामदेव के) विलासभू स्वरूपा थोड़ी खिली हुयी कमल की कलिका गंगा में भँवर के सदृश उस नाभि, योगियों के ध्यान आदि मनोरथ को दूर करने वाले (कामदेव का विजय करने वाला रथ अत्यधिक घने (कड़े तथा सटे हुए) उसके जघन भा (कामदेव के) विजयस्तम्भभूत, सुन्दर तथा योगियों के कार्यों में विघ्न देने वाले दोनों कदलीस्तम्भ उसकी दोनों जाँघें, (कामदेव के) छत्र स कमल उसके दोनों पैर तथा (कामदेव के) अस्त्रभूत पुष्प मानो उसके अ अंग हो गये।

संस्कृत-व्याख्या—रोषरूक्षेण=क्रोधनिष्ठुरेण, निटिलाक्षेण=निटिले मस्त अक्षि नेत्रं यस्य तेन शिवेनेत्यर्थः, भस्मीकृतचेतने=भस्मीकृता विनाशिता चेत चैतन्यं यस्य तस्मिन् तादृशे, मकरकेतने=मदने "मदनो मन्मथो मारः प्रद्यु मीनकेतनः" इत्यमरः, तदा=तस्मिन् काले, भयेन=भीत्या, अनवद्या=निर्दो सर्वाङ्गसुन्दरीति भावः, वनिता=ललना, इति=एवं मत्वा=विचिन्त्य

Kirtikant Sharma Collection, Najafgarh

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

तस्य=कामस्य, रोलम्बावली=भ्रमरपंक्तिः, केशजालं=कुन्तलकलापः, प्रेमाकरः=स्नेहनिधिः, रजनीकरः=चन्द्रः, विजितारविन्दं=न्यक्कृतकमलम्, वदनं=आननम्, जयध्वजायमानः=विजयपताकाध्वजदण्डतुल्यः, मीनः=अण्डजः, जायायुतः=जायया पत्न्या युतः, अक्षियुगलं=नेत्रयुगलम्, सकलसैनिकांगवीरः=सम्पूर्णसैन्यप्रमुखभटः, मलयसमीरः=मलयानिलः, निःश्वासः=श्वासवायुः, पथिकहृद्दलनकरवालः=अध्वनीनमानसविदलनासिरूपः, प्रवालः=नूतनकिसलयः, अधरबिम्बं=ओष्ठविम्बम्, जयशंखः=विजयकम्बुः, वन्धुरा=उन्नतानता, लावण्यधरा=सौन्दर्यपरिपूर्णा, कन्धरा=ग्रीवा, पूर्णकुम्भौ=परिपूर्णकलशौ, चक्रवाकानुकारौ=चक्रवाकसदृशौ, पयोधरौ=कुचौ, ज्यायमाने=प्रत्यञ्चासदृश्यौ, मार्दवासमाने=सौकुमार्य्यातुल्ये, विसलते=मृणालतन्तू, च बाहू=भुजौ, ईषदुत्फुल्ललीलावतंसकल्हारकोरकः=ईषत् स्वल्पम् उत्फुल्लः विकसितः लीलावतंसः क्रीडाभूषणं स चासौ कल्हारकोरकः कमलकुड्मलः, गंगावर्तसनाभिः=गंगायाः भागीरथ्याः आवर्तः जलभ्रमः तस्य सनाभिः सदृशः नाभिः, दूरीकृतयोगिमनोरथः=दूरीकृतः तिरस्कृतः योगिनां सिद्धपुरुषाणां मनोरथः स्पृहा येन स तादृशः, जैत्ररथः=जयशीलरथः, अतिघनं=अत्यन्तनिविडम्, जघनम्=कटिप्रदेशः, जयस्तम्भभूते=विजयस्तम्भस्वरूपे, सौन्दर्यभूते=अधिकरम्ये, विघ्नितयतिजनारम्भे=विघ्नितः विघ्नयुक्तः कृतः यतिजनानां=सिद्धपुरुषाणाम् आरम्भः योगोद्यमः याभ्यां ते, रम्भे=कदल्यौ, च=अपि, ऊरुयुगं=सक्थियुगलम्, आतपत्रसहस्रपत्रं=आतपात्रं छत्रं तत्तुल्यं (मदनस्य) सहस्रपत्रं कमलं, पादद्वयं=चरणयुगलम्, अस्त्रभूतानि=बाणतुल्यानि, तानि=लोकप्रसिद्धानि, प्रसूनानि=कुसुमानि, इतराणि=अन्यानि, अंगानि=अवयवाः, समभूवन्निव=जातानीव ।

टिप्पणी—रोपरूक्षेण=रोपेण रूक्षः रोपरूक्षस्तेन (तत्पुरुष) । निटिलाक्षेण=निटिले अक्षिणी यस्य तेन (बहुव्रीहि), निटिल=मस्तक, निटिलाक्ष=शिव । भस्मीकृतचेतने=भस्मीकृता चेतना यस्य तस्मिन् (बहुव्रीहि) । भस्मीकृत=भस्म+च्वि+कृ+क्त । चेतना–चित्+युच्+टाप् । "बुद्धिर्मनीषा धिषणा धीः प्रज्ञा शेमुषी मतिः । प्रेक्षोपलब्धिश्चित्संवित्प्रतिपज्ज्ञप्तिचेतनाः ॥"

Kirtikant Sharma Collection, Najafgarh

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

इत्यमरः । 'चेतना संविदि स्त्रियाम् । वाच्यवत्प्राणयुक्ते' इति मेदिनी । मकर केतने=मकरः केतने केतनं वा यस्य तस्मिन् । 'पुष्पधन्वा रतिपतिर्मकरध्वज आत्मभूः' इत्यमरः । अनवद्या–न अवद्या=अनवद्या (नञ तत्पुरुष समास) मत्वा–मन्+क्त्वा (त्वा) । रोलम्बावली–रोलम्बानाम् अवली (षष्ठी तत्पुरुष) रोलम्ब=भौंरा, रो+लम्ब्+अच् (अ) । केशजालम्–केशानां जालम् (षष्ठी तत्पुरुष) । "चिकुरः कुन्तलो बालः कचः केशः शिरोरुहः" इत्यमरः । प्रेमाकरः– प्रेम्णः आकरः (षष्ठी तत्पुरुष) । रजनीकरः–करोतीति करः, रजन्याः करः= रजनीकरः । विजितारविन्दम्–विजितम् अरविन्दं येन तत् तथाभूतम् (बहुव्रीहि) । विजित–वि+जि+क्त (त) । अरविन्दम्–अरं शीघ्रं लिप्सां विन्दति अथवा अराकाराणि पत्राणि विन्दति; अर+विद (विद्लृ)+श तथा नुम् का आगम । "वा पुंसि पद्मं नलिनमरविन्दं महोत्पलम्" इत्यमरः । जयध्वजायमानः –जयस्य ध्वजः जयध्वजः (षष्ठी तत्पुरुष) जयध्वज इवाचरतीति जयध्वजायमानः । जयध्वज+क्यच् (य्)+शप् (अ)+मुक् (म्)+शानच् (आन) जायायुतः–जायया युतः (तृतीया तत्पुरुष) । अक्षियुगलम्–अक्ष्णोः युगलम् (षष्ठी तत्पुरुष) । सकलसैनिकांगवीरः–सकलसैनिकेषु अंगवीरः (सप्तमी तत्पुरुष) । मलयसमीरः–मलयस्य समीरः (षष्ठी तत्पुरुष) । "समीरमारुतमरुज्जगत्प्राणसमीरणाः" इत्यमरः । निःश्वासः–निस्+श्वस्+घञ् । पथिकहृद्दलनकरवालः–पथिकानां हृदः (ष० त०) तेषां दलनम् (ष० त०) तस्मिन् करवालः (सप्तमी तत्पुरुष) । पथिक–पथिन्+ष्कन् । दलनम्–दल्+ल्युट् (यु अन) । अधरबिम्बम्–अधरं बिम्बमिव (उपमित कर्मधारय) । जयशंखः–जयस्य शंखः (षष्ठी तत्पुरुष) । जय–जि+अच् (अ) । बन्धुरा–उन्नतावनत, ऊँची नीची, बध्नातीति 'बन्ध्' धातु से 'मद्गुरादयश्च' से 'उरच्' प्रत्यय होता है। 'बन्धुरं तून्नतानतम' इत्यमरः, 'बन्धुरं मुकुटे पुंसि स्त्रीचिह्नतैलकल्कयोः बन्धूके बधिरे हंसे त्रिषु स्याद्रम्यनम्रयोः । बन्धुरा पण्ययोषायां स्त्रियां भूमौ च सक्तुषु' इति मेदिनी, 'बन्धूरबन्धुरौ रम्ये नम्रे, हंसे तु बन्धुरः । बन्धूके विडङ्गे च बन्धुरा पण्ययोषिति, इति विश्वः । लावण्यधरा–लावण्यस्य धरा (षष्ठी तत्पुरुष) । लावण्य–लवणस्य भावः, लवण+ष्यञ् । लावण्य की प

Kirtikant Sharma Collection, Najafgarh

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

भाषा–"मुक्ताफलेषु छायायास्तरलत्वमिवान्तरा । प्रतिभाति यदङ्गेषु तल्लावण्य-मिहोच्यते ॥" चक्रवाकानुकारौ–चक्रवाकम् अनुकुरुतः (कृदन्त उपपद स०)। चक्रवाक+अनु+कृ+अण् । पयोधरौ–धरतीति धरः, धृ+अच्; पयसो धरः पयोधरः तौ पयोधरौ । 'स्त्रीस्तनाब्दौ पयोधरौ' इत्यमरः, 'पयोधरः कोष-कारे नारिकेले स्तनेऽपि च । कशेरुमेघयोः पुंसि' इति मेदिनी । ज्यायमाने–ज्या+क्यङ् (य)+शप्+मुक् (म्)+शानच् (आन) । 'मौर्वी ज्या शिञ्जिनी गुणः' इत्यमरः । मार्दवासमाने–मार्दवे असमाने (सप्तमी तत्पुरुष), बिसलते–बिसस्य लते (षष्ठी तत्पुरुष), 'अथास्त्रियाम् । मृणालं बिसम्······' इत्यमरः । ईषदुत्फुल्ललीलावतंसकल्हारकोरकः–ईषदुत्फुल्ल-श्चासौ लीलावतंसः स चासौ कल्हारकोरकः (कर्मधारय) । कल्हारम्–कस्य जलस्य हार इव अथवा के जले ल्हादते; 'सौगन्धिकं तु कल्हारम्' इत्यमरः, 'कलिका कोरकः पुमान्' इति चामरः । गङ्गावर्त्तसनाभिः–गङ्गायाः आवर्त्तः (ष० त०) तस्य तेन वा सनाभिः (तत्पुरुष) । दूरीकृतयोगिमनोरथः–दूरीकृतः योगिनां मनोरथः येन स तथाभूतः (बहुव्रीहि) । 'इच्छा कांक्षा स्पृहेहा तृड्वाञ्छा लिप्सा मनोरथः' इत्यमरः । जैत्ररथः–जैत्रश्चासौ रथः (कर्मधारय)। जैत्र–जेतृ+अण् (अ) । जयस्तम्भभूते–जयस्य स्तम्भः (षष्ठी तत्पुरुष), तद्रूपे भूतस्तस्मिन् (तत्पुरुष) । सौन्दर्यं–सुन्दरस्य भावः सुन्दर+ष्यञ् । विघ्नितयति-जनारम्भे–यतिजनानामारम्भः–यतिजनारम्भः, विघ्नितः यतिजनारम्भः याभ्यां ते (बहुव्रीहि) । विघ्नित–वि+हन्+क=विघ्न; विघ्न+इतच्=विघ्नित । आतपत्रसहस्त्रपत्रम्–आतपत्रम् तद्रूपं सहस्त्रपत्रम (कर्मधारय) । आतपत्रम्–आतपात् त्रायते इति, आतप+त्रा (त्रैङ्)+क (अ) । 'वा पुंसि पद्मं नलिन-मरविन्दं महोत्पलम् । सहस्त्रपत्रं कमलं शतपत्रं कुशेशयम् ॥' इत्यमरः । प्रसू-नानि–प्रसूयते स्म, प्र+सू+क्त (त) तस्य नत्वम् । 'स्त्रियः सुमनसः पुष्पं प्रसूनं कुसुमं सुमम्' इत्यमरः । समभूवन्–'सम्+भू' धातु लुङ् लकार प्र० पु० ब० व० ।

यहाँ अनुप्रास तथा यमक अलंकार का सुन्दर प्रयोग हुआ है । "भय के कारण कामदेव के साथी महारानी वसुमती को निर्दोष समझकर मानो उसके अवयव बन गये ।" इस हेतु की उत्प्रेक्षा होने के कारण यहाँ पर हेतूत्प्रेक्षा

Kirtikant Sharma Collection, Najafgarh

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

अलंकार है । उक्त उत्प्रेक्षा का आधार पौराणिक कथा है । पुराणों में प्रसि
है कि कामदेव कामवासना का शरीरधारी प्रतिनिधि देवता है जो अत्य
सुन्दर है । इसी कामदेव को शंकर जी ने अपने क्रोधानल से भस्म कर दि
था । इसी पर कवि उत्प्रेक्षा करता है कि कामदेव के भस्म हो जाने पर म
उसके साथियों ने अपनी रक्षा के लिए अनवद्य वपु वाली महारानी वसुमती
विभिन्न अवयवों के रूप में अपने को परिणत कर लिया हो । ऐसा कर
पर फिर उन्हें मारे जाने का डर नहीं रहा, क्योंकि स्त्री अवला होती है, व
उसके शरीर में रहते हुए उन्हें भगवान् शंकर जी भस्म नहीं करेंगे ।

ललनाललाम वसुमती के वर्णन के सन्दर्भ में कवि की भाषा-भामिनी
सुमधुर लालित्य एवं लावण्य से परिपूर्ण है जो कि अपने मन्दस्मित से रसि
के चित्त को चुरा लेती है ।

**विजितामरपुरे पुष्पपुरे निवसता सानन्तभोगलालिता वसुमती वसुम
मगधराजेन यथासुखमन्वभावि ।**

हिन्दी-अनुवाद—अपने वैभव से अमरावती को जीत लेने वाले पुष्प
(पटना) में निवास करते हुए मगधराज (राजहंस) ने शेषनाग के फणों
धारण की गयी पृथ्वी के समान असंख्य भोगों से लालित (दुलरायी गयी)
महारानी वसुमती का सुखपूर्वक अनुभव किया अर्थात् महारानी वसुमती
साथ उपभोग के सुख को प्राप्त किया ।

संस्कृत-व्याख्या—विजितामरपुरे=विजितं तिरस्कृतम् अमरपुरं स्वर्गः
तस्मिन्, पुष्पपुरे= पाटलिपुत्रे, निवसता=निवासं कुर्वता, अनन्तभोगलालिता
अनन्तभोगेन असंख्यसुखेन लालिता पालिता, वसुमतीव=पृथ्वीव सा वसु
=एतदाख्या राजमहिषी, मगधराजेन=एतदाख्येन भूपतिना, यथासुखम्
सुखपूर्वकम्, अन्वभावि=समुपभुक्ता । पृथिवीपक्षे—अनन्तभोगलालिता=अनन्त
एतदाख्यसर्पराजस्य भोगेन फणेन लालिता धृता ।

टिप्पणी—अनन्तभोगलालिता—अनन्तभोगेन लालिता (तृतीया तत्पुरुष)
इस शब्द के दो अर्थ हैं १—रानी वसुमती के पक्ष में—अनन्त (असंख्य) भोगों
लालित (दुलारी गयी) । २—वसुमती (पृथ्वी) के पक्ष में—शेषनाग के

Kirtikant Sharma Collection, Najafgarh

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

पर आश्रित (आधारित)। अनन्त—न अन्तोऽस्येति अनन्तः; 'अनन्तः केशवे शेषे पुमान्निरवधौ त्रिषु। अनन्ता च विशल्यायां शारिवादूर्वयोरपि। कणादुराल-मापथ्यापार्वत्यामलकीषु च। विश्वम्भरागुडूच्योः स्यादनन्तं सुरवर्त्मनि।' इति मेदिनी, 'अनन्तोऽनवधावपि' इत्यमरः। भोगः—भुज्+घञ्; 'भोगः सुखे धने पुन्सि शरीरफणयोर्मतः। पालनेऽभ्यवहारे च निर्वेशे पण्ययोषिताम्।' इति मेदिनी। वसुमतीव=पृथिवी के समान, वसु धनमस्त्यस्याम्; वसु+मतुप्+ङीप्; 'सर्वंसहा वसुमती वसुधोर्वी वसुन्धरा। गोत्रा कुः पृथिवी पृथ्वी क्ष्मावनि-र्मेदिनी मही।" इत्यमरः।

यहाँ यमक तथा श्लेष से अनुप्राणित उपमा अलंकार है।

अमात्यवर्णनम्

तस्य राज्ञः परमविधेया धर्मपालपद्मोद्भवसितवर्मनामधेया धीरधिषणाव-धीरितविबुधाचार्यकार्यसाहित्याः कुलामात्यास्त्रयोऽभूवन्। तेषां सितवर्मणः सुमतिसत्यवर्माणौ, धर्मपालस्य सुमन्त्रसुमित्रकामपालाः, पद्मोद्भवस्य सुश्रुत-रत्नोद्भवाविति तनयाः समभूवन्। तेषु धर्मशीलः सत्यवर्मा संसारासारतां बुद्ध्वा तीर्थयात्राभिलाषी देशान्तरमगमत्। विटनटवारनारीपरायणो दुर्विनीतः कामपालो जनकाग्रजन्मनोः शासनमतिक्रम्य भुवं बभ्राम। रत्नोद्भवोऽपि वाणिज्यनिपुणतया पारावारतरणमकरोत्। इतरे मन्त्रिसूनवः पुरन्दरपुरातिथिषु पितृषु यथापूर्वमन्वतिष्ठन्।

हिन्दी-अनुवाद—उन महाराज राजहंस के अत्यन्त विनीत तथा अपनी गम्भीर बुद्धि से देवगुरु बृहस्पति के द्वारा विचारित कार्यकलाप को भी अनादृत कर देने वाले (अर्थात् अपनी बुद्धि के सामने बृहस्पति की भी बुद्धि को तिर-स्कृत कर देने वाले), कुलक्रमागत धर्मपाल, पद्मोद्भव और सितवर्मा नामक तीन मन्त्री थे। उनमें सितवर्मा के सुश्रुत और सत्यवर्मा, धर्मपाल के सुमन्त्र, सुमित्र और कामपाल तथा पद्मोद्भव के सुश्रुत और रत्नोद्भव ये पुत्र हुए। इन पुत्रों में धर्मशील सत्यवर्मा संसार की असारता को जानकर तीर्थयात्रा की इच्छा से देशान्तर को चला गया। विट (भाँड़), नट तथा वेश्याओं के सम्पर्क में आकर उद्दण्ड कामपाल अपने पिता तथा भाइयों के शासन का अतिक्रमण

Kirtikant Sharma Collection, Najafgarh

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

कर पृथ्वी पर विचरण करने लगा। रत्नोद्भव भी व्यापार कार्य में निपुण होने के कारण समुद्र पार करके द्वीपान्तरों को चला गया। शेष मन्त्रिपुत्र अपने पितृजनों के स्वर्ग का अतिथि बनने पर (अर्थात् उनका देहावसान हो जाने पर) पूर्व की भाँति उनके (अपने पितृजनों के) पदों पर कार्य करने लगे।

संस्कृत-व्याख्या–तस्य=राज्ञः राजहंसस्य, परमविधेयाः=अत्यन्तनम्राः, धर्मपालपद्मोद्भव–सितवर्मनामधेयाः=धर्मपालपद्मोद्भवसितवर्मनामानः, धीरधिषणावधीरितविबुधाचार्यविचार्यकार्यसाहित्याः=धीराभिः गम्भीराभिः धिषणाभिः मतिभिः अवधीरितानि तिरस्कृतानि विबुधाचार्यस्य सुरगुरोः विचार्याणां विचारयोग्यानां कार्याणां कर्मविधीनां साहित्यानि समुदायाः यैः ते, त्रयः कुलामात्याः=त्रयः वंशपरम्परागतमन्त्रिणः, अभूवन्=अभवन्। तेषां=मन्त्रिणां मध्ये, सितवर्मणः=एतदाख्यस्य मन्त्रिणः, सुमतिसत्यवर्माणौ द्वौ सुतौ अभूताम्। धर्मपालस्य=तन्नामकस्य मन्त्रिणः, सुमन्त्रसुमित्रकामपालाः इमे त्रयः सुताः समभूवन्। पद्मोद्भवस्य=एतदाख्यस्य मन्त्रिणः, सुश्रुतरत्नोद्भवौ=सुश्रुतरत्नोद्भवनामानौ द्वौ सुतौ समभूताम्। इति=एते, तनयाः=सुताः, समभूवन्=समभवन्। तेषु=अमात्यसुतेषु, धर्मशीलः=धर्मात्मा, सत्यवर्मा=एतदाख्यः। संसारतां=संसारस्य जगतः असारतां सारशून्यताम्, बुद्ध्वा=मत्वा, तीर्थयात्राभिलाषी=पुण्यभूमियात्रेच्छुकः, देशान्तरं=अन्यं देशं, अगमत्=अगच्छत्। विटनटवारनारीपरायणः=धूर्तशैलूष–वेश्यासक्तः, दुर्विनीतः=अशिष्टः, कामपालः एतदाख्यः, जनकाग्रजन्मनोः=पितु ज्येष्ठसोदरभ्रातुश्च, शासनं=आज्ञाम्, अतिक्रम्य=उल्लङ्घ्य भुवं=पृथ्वीम्, बभ्राम=सञ्चचार। रत्नोद्भवोऽपि=पद्मोद्भवस्य द्वितीयपुत्रोऽपि, वाणिज्यनिपुणतया–व्यापारनिपुणतया, पारावारतरणं–समुद्रपारगमनम् अकरोत्=चकार। इतरे=अन्ये, मन्त्रिसूनवः–अमात्यसुताः, पुरन्दरपुरातिथिषु=स्वर्गस्थेषु सत्सु, पितृषु–जनकेषु, 'तातस्तु जनकः पिता, इत्यमरः, यथापूर्वं=पूर्वमनतिक्रम्य, अन्वतिष्ठन्=मन्त्रिकार्यमकुर्वन्।

टिप्पणी–परमविधेयाः–परमाश्च ते विधेयाश्च (कर्मधारय)। धीरधिषणावधीरितविबुधाचार्यविचार्यकार्यसाहित्याः–धीरधिषणाभिः अवधीरितानि विबुधाचार्यविचार्यकार्यसाहित्यानि यैः ते (बहुव्रीहि)। 'बुद्धिर्मनीषा धिषणा धीः शेमुषी मतिः' इत्यमरः। कार्य–कृ+ण्यत्। अमात्याः–अमा सह समीपेवा

Kirtikant Sharma Collection, Najafgarh

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

अमा+त्यप् । 'मन्त्री धीसचिवोऽमात्यः' इत्यमरः । अभूवन्-'भू' धातु लुङ् लकार प्र० पु० ब० व० । तनयाः=सुत, तनोति कुलम् अथवा तन्यते अनेन, तन्+कयन् । 'आत्मजस्तनयः सूनुः सुतः पुत्रः' इत्यमरः । बुद्ध्वा-बुध्+क्त्वा (त्वा) । अगमत्-'गम्' धातु लुङ् लकार प्र० पु० ए० व० । वारनारी-वेश्या, वारस्य वृन्दस्य स्त्री=वारस्त्री, 'वारस्त्री गणिका वेश्या रूपाजीवा' इत्यमरः । शासनम्-शास्+ल्युट् (यु–अन) । अतिक्रम्य-अति+क्रम्+क्त्वा→ल्यप् । बभ्राम–'भ्रम्' धातु लिट् लकार प्र० पु० ए० व० । वाणिज्यनिपुणतया-वाणिज्ये निपुणता=वाणिज्यनिपुणता तया । वाणिज्य-वणिजां कर्म, वणिज+ष्यञ् । निपुणता-निपुण+तल् । पारावारः-समुद्र, पारमावृणोति, पार+आ+वृ+अण्, 'समुद्रोऽब्धिरकूपारः पारावारः सरित्पतिः' इत्यमरः । तरणम-तृ+ल्युट् (यु) । अन्वतिष्ठन्-'अनु+स्था' धातु लङ् लकार प्र० पु० ब० व० ।

यहाँ अनुप्रास नामक अलङ्कार की छटा दर्शनीय है ।

राजहंसस्य युद्धवर्णनम्

ततः कदाचिन्नानाविधमहायुधनैपुण्यरचितागण्यजन्यराजन्यमौलिपालिनिहितनिशितसायको मगधनायको मालवेश्वरं प्रत्यग्रसङ्ग्रामघस्मरं समुत्कटमानसारं मानसारं प्रति सहेलं न्यक्कृतजलधिनिर्घोषाहङ्कारेण भेरीझाङ्कारेण हठिकाकर्णनाक्रान्तभयचण्डिमानं दिग्दन्तावलवलयं विघूर्णयन् निजभरनमन्मेदिनीभरेण आयस्तभुजगराजमस्तकबलेन चतुरङ्गबलेन संयुतः सङ्ग्रामाभिलाषेण रोषेण महताविष्टो निर्ययौ ।

हिन्दी-अनुवाद–तत्पश्चात् कभी (कालान्तर में) नाना प्रकार के बड़े-२ शस्त्रों के प्रयोग के कौशल से किये गये असंख्य सङ्ग्रामों में क्षत्रिय राजाओं के मस्तकों पर तीक्ष्ण बाणों का प्रहार करने वाले मगध-नायक (मगधाधिपति) राजहंस (शीघ्र ही सम्पन्न हो चुकने वाले) नवीन सङ्ग्राम में शत्रुओं का विनाश करने वाले अत्यधिक अभिमानी मालवेश्वर (मालव-नरेश) मानसार की ओर, बिना प्रयास के ही समुद्र के गम्भीर गर्जन के अहङ्कार को तिरस्कृत करने वाले नगाड़े के शब्दों को सहसा सुनने के कारण भय–त्रस्त दिग्गजों के मण्डल को कँपाते हुए अपने भार से दबी हुयी पृथ्वी के भार से शेषनाग के

Kirtikant Sharma Collection, Najafgarh

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

मस्तकबल को थकाने वाली चतुरङ्गिणी (हाथी, घोड़ा, रथ और पैदल) सेना से युक्त संग्राम करने की अभिलाषा से अत्यन्त क्रोध के साथ निकल पड़े।

संस्कृत-व्याख्या—ततः=तदनन्तरम्, कदाचित्=जातु, नानाविधमहायुध-नैपुण्यरचितागण्यजन्यराजन्यमौलिपालिनिहितनिशितसायकः = नानाविधानां विविधप्रकाराणां महायुधानां विशालशस्त्राणां नैपुण्येन कौशलेन रचितानि विहितानि अगण्यजन्यानि असंख्ययुद्धानि यैः तादृशानां राजन्यानां क्षत्रियाणां मौलिपालिषु मस्तकप्रान्तभागेषु निहितः निक्षिप्तः निशितसायकः तीक्ष्णशरः येन स तादृशः, मगधनायकः=मगधनरेशः, मालवेश्वरं=मालवाधिपतिम्, प्रत्यग्र-संग्रामघस्मरं=प्रत्यग्रः नवीनः यः संग्रामः तत्रः घस्मरः विनाशशीलः तं तथा-भूतम्, समुत्कटमानसारं=समुत्कटः अत्यधिकः मानः गर्वः एव सारः अभिमाना-धिक्यं यस्य तादृशम्, मानसारं प्रति=एतदाख्यं भूपतिं प्रति, सहेलं=सावज्ञं, न्यक्कृतजलधिनिर्घोषाहङ्कारेण=न्यक्कृतः तिरस्कृतः जलधेः सागरस्य निर्घोष-हङ्कारः गम्भीरगर्जनगर्वः येन सः तेन तादृशेन, भेरीझाङ्कारेण=दुन्दुभिनादेन, हठिकाकर्णनाक्रान्तभयचण्डिमानं=हठिकाकर्णनात् सहसागतशब्दश्रवणात् आक्रान्तः प्राप्तः भयस्य भीतेः 'भीतिर्भीः साध्वसं भयम्' इत्यमरः। चण्डिमा प्रचण्डत्वं यस्य तथाभूतम्, दिग्दन्तावलवलयं=दिशाम् आशानां ये दन्तावलाः गजाः तेषां वलयं मण्डलम्, विघूर्णयन्=कम्पयन्, निजभरनमन्मेदिनीभरेण= निजभरेण स्वभारेण नमन्त्याः विनमन्त्याः मेदिन्याः पृथिव्याः भरेण भारेण, आयस्तभुजगराजमस्तकबलेन=आयस्तं सम्पीडितं भुजगराजस्य शेषस्य मस्त-कानां सहस्त्रशिरसां बलं शक्तिः येन सः तेन तादृशेन, चतुरङ्गबलेन चतुरङ्गसैन्येन, संयुतः=सहितः, संग्रामाभिलाषेण=संग्रामस्य युद्धस्य अभिलाषः कामः तेन, महता रोषेण=अत्यधिककोपेन, आविष्टः=युक्तः, निर्ययौ=निर्जगाम।

टिप्पणी—नानाविध……सायकः—महान्ति च तानि आयुधानि महायुधानि, नानाविधानि च तानि महायुधानि इति नानाविधमहायुधानि (कर्मधारय), तेषां नैपुण्यम् (तत्पुरुष), तेन रचितानि तानि च तानि अगण्यजन्यानि (कर्मधारय), तेषु राजन्याः (तत्पुरुष), तेषां मौलिपालयः, तासु निहिताः निशिताः सायकाः येन सः (बहुव्रीहि)। नैपुण्यम्—निपुण+ष्यञ्। रचित—रच्+

Kirtikant Sharma Collection, Najafgarh

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

(त) । जन्य–जननमिति इस अर्थ में 'जनेर्यक्' से यक् (य) प्रत्यय। 'जन्यं हट्टे परीवादे संग्रामे च नपुंसकम् । जन्या मातृवयस्यायां जन्यः स्याज्जनके पुमान् । त्रिषूत्पाद्यजनित्रोश्च नवोढाज्ञातिभृत्ययोः । वरस्निग्धे' इति मेदिनी; 'युद्धमायोधनं जन्यं प्रधनं प्रविदारणम्' इत्यमरः। राजन्य–राज्ञोऽपत्यम् इस अर्थ में राजन् शब्द से 'राजश्वशुराद्यत्' से यत् प्रत्यय; 'मूर्धाभिषिक्तो राजन्यो बाहुजः क्षत्रियो विराट्' इत्यमरः। मौलि–मूलस्य अपत्यम्, मूल+इञ्; 'चूडा किरीटं केशश्च संयता मौलयस्त्रयः, इत्यमरः, 'किरीटे धम्मिल्ले चूडायाम–नपुंसकम् । अशोकपादपे पुंसि' इति मेदिनी। पालिः–पालयति इति पाल्यते अनया वा; 'पाल्+णिच्' धातु से 'अच इः' से 'इ' प्रत्यय। 'पालिः कर्णलताग्रेऽस्त्री पङ्क्तावङ्कप्रभेदयोः। छात्रादिदेये स्त्री पाली यूकासश्म श्रुयोषितोः' इति मेदिनी । निहित–नि+धा (हि)+क्त (त) । नायक–नी+ण्वुल् । प्रत्यग्रसङ्ग्रामघस्मरं–प्रत्यग्रः यः सङ्ग्रामः तस्मिन् घस्मरः तम् (तत्पुरुष)। घस्मर–घसति इति इस अर्थ में घस्लृ (घस्) धातु से 'सृघस्यदः क्मरच्' सूत्र से क्मरच् (मर) प्रत्यय। 'भक्षको घस्मरोऽद्मरः' इत्यमरः। समुत्कटमानसारं–समुत्कटश्चासौ मानश्चेति समुत्कटमानः (कर्मधारय)' समुत्कटमानः एव सारः यस्य तम् (बहुव्रीहि) । मानसारं प्रति–यहाँ प्रति के योग में 'अभितः परितः समयानिकषा हा प्रति योगेऽपि' से द्वितीया होती है। न्यक्कृतजलधिनिर्घोषाहङ्कारेण–जलधेः निर्घोषाहङ्कारः=जलधिनिर्घोषाहङ्कारः; न्यक्कृतः जलधिनिर्घोषाहङ्कारः येन तेन (बहुव्रीहि) । जलधिः–जलानि धीयन्तेऽत्र जल+धा+कि । भेरीझाङ्कारेण–भेर्याः झाङ्कारेण (षष्ठी तत्पुरुष) । हठिका······चण्डिमानम्–हठिकाकर्णनात् आक्रान्तः भयचण्डिमा यं तम् (बहुव्रीहि) । भय–बिभेति अस्मात्; भी+अच् । 'दरत्रासौ भीतिर्भीः साध्वसं भयम्' इत्यमरः। दिग्दन्तावलवलयं–दिशां दन्तावलाः तेषां वलयम् (षष्ठी तत्पुरुष) । दन्तावलः– अतिशयितौ दन्तावस्य इस अर्थं में 'दन्त' शब्द से 'दन्तशिखात् संज्ञायाम्' से वलच् (वल) तथा 'वले' से दीर्घ। 'दन्ती दन्तावलो हस्ती द्विरदोऽनेकपो द्विपः' इत्यमरः। विघूर्णयन्–वि–+घूर्ण्+णिच्+शतृ । आयस्त·········बलेन–भुजगराजस्य मस्तकवलम्=भुजगराज-मस्तकवलम्; आयस्तं भुजगराजमस्तकवलं येन तेन (बहुव्रीहि) । भुजगानां

Kirtikant Sharma Collection, Najafgarh

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

राजा=भुजगराजः (षष्ठी तत्पुरुष) भुजगराजन्+टच्=भुजगराज। चतुरङ्ग बल–"हस्त्यश्वरथपादातं सेनाङ्गं स्याच्चतुर्विधम्" इत्यमरः। आयस्त–आ+यस्+क्त (त)। संयुत–सम्+यु+क्त (त)। संग्रामाभिलाषेण–संग्रामस्य अभिलाषः संग्रामाभिलाषस्तेन (षष्ठी तत्पुरुष)। अभिलाषः–अभिलषणम् इति; अभि+लष्+घञ्। 'इच्छा काङ्क्षा स्पृहेहा तृड् वाञ्छा लिप्सा मनोरथः। कामोऽभिलाषस्तर्षश्च' इत्यमरः। आविष्टः–आ+विश्+क्त (त)। निर्ययौ–'निर्+या' धातु लिट् लकार प्र० पु० ए० व०।

यहाँ अनुप्रास, यमक एवं अतिशयोक्ति अलङ्कार हैं। भाषा सरस, सुन्दर एवं विषयानुकूल है।

मालवनाथोऽप्यनेकानेकपयूथसनाथो विग्रहः सविग्रह इव साग्रहोऽभिमुखीभूय भूयो निर्जगाम। तयोरथ रथतुरगखुरक्षुण्णक्षोणीसमुद्भूते करिघटाकटस्रवन्मद-धाराधौतमूले नव्यवल्लभवरणागतदिव्यकन्याजनजवनिकापटमण्डप इव वियत्तलव्याकुले धूलीपटले दिविषदध्वनि धिक्कृतान्यध्वनिपटहध्वानवधिरिता-शेषदिगन्तरालं शस्त्राशस्त्रि हस्ताहस्ति परस्पराभिहतसैन्यं जन्यमजनि।

हिन्दी-अनुवाद—मालवाधिपति भी असंख्य हाथियों के झुण्ड से सनाथ होकर युद्ध की उत्कट इच्छा से अभिमुख होकर पुनः (अपने नगर से इस प्रकार) निकल पड़ा कि मानो शरीरधारी साक्षात् समर ही हो। इसके पश्चात् उन दोनों (राजहंस और मानसार) में इतना भयंकर युद्ध हुआ कि रथ के पहियों और घोड़ों की टापों से खूँदी हुयी पृथ्वी से उड़ी हुयी धूलि का समूह हाथियों के समूह के गण्डस्थलों से बहने वाले मद की धारा से धुलता जाता था, (वह धूलि पटल) गगनतल में इस प्रकार व्याप्त हो गया कि मानो नवीन पतियों को वरण करने के लिए आयी हुयीं अप्सराओं के लिए परदायुक्त तम्बू (चाँदनी) हो, अन्य सभी ध्वनियों को दबाने वाले नगाड़े का शब्द आकाश में गूँज उठने से सभी दिशायें बहिरी सी हो गयी थीं। शस्त्रों तथा हाथों से किए गए परस्पर प्रहार के कारण दोनों पक्षों के सैनिक मारकाट करने लगे।

संस्कृत-व्याख्या—मालवनाथः=मालवेश्वरः, अनेकानेकपयूथसनाथः=

Kirtikant Sharma Collection, Najafgarh

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

अनेकेषां बहूनाम् अनेकपानां द्विपानां यूथेन समूहेन सनाथः युक्तः, विग्रहः= सङ्ग्रामः, सविग्रह इव=मूर्तिमान् इव, 'शरीरं वर्ष्म विग्रहः' इत्यमरः, साग्रहः= साभिलाषः, भूयः=पुनः, अभिमुखीभूय=सम्मुखीभूय, निर्जगाम=निर्ययौ। अथ=अनन्तरम्, तयोः=राजहंसमानसारयोः, रथतुरगखुरक्षुण्णक्षोणीसमुद्भूते=रथाश्च स्यन्दनानि च तुरगाश्च अश्वाश्च तेषां खुरैः शफैः क्षुण्णा विदीर्णा या क्षोणी धरा तस्याः समुद्भूते समुत्थिते, करिघटाकटस्रवन्मदधाराधौतमूले= करिघटानां हस्तिसमूहानां कटेभ्यः गण्डेभ्यः स्रवन्त्यः क्षरन्त्यः याः मदधाराः दानजलधाराः ताभिः धौतं प्रक्षालितं मूलं मूलभागः यस्य तथाभूते, नव्यवल्लभवरणागतदिव्यकन्याजनजवनिकापटमण्डपे=नव्यवल्लभानां नवदयितानां वरणाय वरणार्थम् आगतानाम् आयातानां दिव्यकन्याजनानाम् अप्सरसां या जवनिका तया युक्तः पटमण्डपः वसनमण्डपः तस्मिन्, इव=यथा, वियत्तलव्याकुले= वियत्तले गगनतले व्याकुले आच्छादिते, धूलीपटले=पांशुसमूहे, दिविषदध्वनि =देवमार्गे, धिक्कृतान्यध्वनिपटहध्वानबधिरिताशेषदिगन्तरालं=धिक्कृतः तिरस्कृतः अन्येषां ध्वनिः ध्वानः यैः तथोक्तैः पटहध्वानैः ढक्कानिनादैः बधिरितं बधिरीकृतम् अशेषदिगन्तरालं समस्तदिग्मध्यभागः येन तत्, शस्त्राशस्त्रि= शस्त्रयुद्धम्, हस्ताहस्ति=हस्तयुद्धम्, परस्पराभिहतसैन्यम्=परस्परेण अभिहतम् आक्रान्तं सैन्यं यस्मिन् तत्, जन्यं=युद्धम्, 'युद्धमायोधनं जन्यम्' इत्यमरः, अजनि=जातम्।

टिप्पणी—अनेका ········सनाथः—अनेकानेकपानां यूथेन सनाथः (तृतीया तत्पुरुष)। अनेकप-अनेकेन करेण मुखेन च पिबति; अनेक+पा+क। 'दन्ती दन्तावलो हस्ती द्विरदोऽनेकपो द्विपः' इत्यमरः। विग्रहः—'विग्रहो युधि विस्तारे प्रविभागशरीरयोः' इति हैमः; विग्रहणमिति; वि+ग्रह्+अप्। निर्जगाम— निर्+गम्' धातु लिट् लकार प्र० पु० ए० व०। अथ—अनन्तर, पश्चात्। 'मङ्गलानन्तरारम्भप्रश्नकार्त्स्न्येष्वथोऽथ' इत्यमरः। रथ··········समुद्भूते— रथाश्च तुरगखुराश्चेति रथतुरगखुराः तैः क्षुण्णा, सा च सा क्षोणी, तस्याः समुद्भूते (तत्पुरुष)। क्षुण्ण—क्षुद्+क्त (त)। क्षोणी—पृथ्वी; क्षौतीति क्षु+नि+ङीष्। 'धरा धरित्री धरणी क्षोणी ज्या काश्यपी क्षितिः' इत्यमरः।

Kirtikant Sharma Collection, Najafgarh

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

करि ··· मूले—करीणां घटा=करिघटाः तासां कटाः तेभ्यः स्रवन्ती सा चा मदधारा तया धौतं मूलं यस्य तस्मिन् (बहुव्रीहि)। करी—करोऽस्यास्ति कर+इनि (इन्)। 'मतङ्गजो गजो नागः कुञ्जरो वारणः करी' इत्यमरः मद–हाथी का मदजल; 'मदो रेतसि कस्तूर्यां गर्वे हर्षेभदानयोः' इति मेदिनी स्रवन्—स्रु+शतृ। नव्य··· मण्डपः······नव्याश्च ते वल्लभाः तेषां वरण आगताः दिव्याश्च ताः कन्यकाः तासां जनः। नव्यवल्लभवरणागतश्चासौ दि कन्याजनः तस्य जवनिका तया युक्तः पटमण्डपः तस्मिन्। दिव्य–दिव+यत् वरण–वृ+ल्युट्। आगतः–आ+गम्+क्त (त)। कन्यका–कनति कन्यते व कन्+यक्+टाप्=कन्या; कन्या+कन् तथा ह्रस्व और टाप्। 'कन्याकु रिकानार्योरौषधिराशिप्रभेदयोः' इति मेदिनी। मण्डपः–मण्डं पातीति; मण्ड-पा+क। 'अथ मण्डपोऽस्त्री जनाश्रयः' इत्यमरः। दिविषदध्वनि—दि सीदन्तीति दिविषदः, तेषाम् अध्वनि (षष्ठी तत्पुरुष)। दिविषद्–दिवि-सद्+क्विप्। "आदितेया दिविषदो लेखा अदितिनन्दनाः। आदित्या ऋभवे स्वप्ना अमर्त्या अमृतान्धसः॥" धिक्कृतान्य······दिगन्तरालम्–धिक्कृतान्यध्वा श्चासौ पटहध्वानः, तेन बधिरितानि अशेषदिगन्तरालानि यस्मिन् तत् ब व्रीहि)। धिक्कृत–धिक्+कृ+क्त। ध्वान–ध्वन्+घञ्। शस्त्राशस्त्रि–शस्त्रै शस्त्रैश्च प्रहृत्य इदं युद्धं प्रवृत्तमिति शस्त्राशस्त्रि (बहुव्रीहि)। हस्ताहस्ति हस्तैः हस्तैश्च प्रहृत्य इदं युद्धं प्रवृत्तमिति हस्ताहस्ति (बहुव्रीहि)। परस्पर भिहतसैन्यम्–परस्परेण अभिहतं सैन्यं यस्मिन् तत् (बहुव्रीहि)। अभिहत अभि+हन्+क्त। जन्यम्=युद्ध।

'सविग्रह इव' यहाँ उत्प्रेक्षालङ्कार है। 'नव्यमण्डप इव में भी उत्प्रेक्षा है अनुप्रास की छटा तो अत्यन्त हृद्य है।

तत्र मगधराजः प्रक्षीणसकलसैन्यमण्डलं मालवराजं जीवग्राहमभिगृ कृपालुतया पुनरपि स्वराज्ये प्रतिष्ठापयामास। ततः स रत्नाकरमेखलामिला नन्यशासनां शासदनपत्यतया नारायणं सकललोकैककारणं निरन्तरमर्चयामास

हिन्दी-अनुवाद—उस संग्राम में मगधनरेश राजहंस ने मालवनरेश मा सार की समस्त सेना नष्ट कर उसे जीवित ही पकड़ लिया परन्तु फिर द

Kirtikant Sharma Collection, Najafgarh

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

लुता से उसे उसी के राज्य पर प्रतिष्ठित कर दिया । तत्पश्चात् मगधाधिपति राजहंस सागरपर्यन्त सम्पूर्ण पृथ्वी पर अकेले ही शासन करते हुए सन्तानरहित होने के कारण समस्त संसार के मूल कारण भगवान् नारायण के निरन्तर पूजन में लग गये ।

संस्कृत-व्याख्या—तत्र = तस्मिन् युद्धे, मगधराजः = मगधाधिपतिः, प्रक्षीणसकलसैन्यमण्डलम् = प्रक्षीणं निःशेपितं सकलं सम्पूर्णं सैन्यमण्डलं चमूसमूहः यस्य तम्, मालवराजं = मालवनरेशम्, जीवग्राहमभिगृह्य = जीवन्तमेव धृत्वा, कृपालुतया = दयालुतया, पुनरपि = भूयोऽपि, स्वराज्ये = स्वकीये राज्ये, प्रतिष्ठापयामास = स्थापयामास । ततः = तदनन्तरम्, सः = मगधराजः, रत्नाकरमेखलाम् = रत्नाकरः सागरः मेखला काञ्ची यस्याः सा ताम्, इलां = पृथ्वीम्, अनन्यशासनाम् = अन्यनृपस्य शासनरहिताम्, शासत् = परिपालयन्, सकललोकैककारणं = सम्पूर्णजगदादिभूतम्, नारायणं = विष्णुम्, निरन्तरं = सर्वदा, अर्चयामास – पूजयामास ।।

टिप्पणी—तत्र–तस्मिन् इति तद् + त्रल् । मगधराजः–मगधस्य राजा (षष्ठी तत्पुरुष) मगधराजन् + टच् । प्रक्षीणसकलसैन्यमण्डलम् = प्रक्षीणं सकलसैन्यमण्डलं यस्य तम् (बहुव्रीहि) । प्रक्षीण–प्र + क्षि + क्त, दीर्घ । मालवराजं–मालवस्य राजा तं (षष्ठी तत्पुरुष) । जीवग्राहम्–जीवस्य ग्राहः यस्मिन् तद् यथा स्यात्तथा । अभिगृह्य–अभि + गृह् + क्त्वा ल्यप् । कृपालुतया–कृपा + ला + डु + तल् + टाप् + कृपालुता तया कृपालुतया । 'स्याद्दयालुः कारुणिकः कृपालुः सूरतः समाः' इत्यमरः । रत्नाकरमेखलां–रत्नाकरः मेखला यस्याः सा ताम् (बहुव्रीहि) । रत्नाकरः–रत्नानामाकरः । रत्नाकरो जलनिधिर्यादः पतिरपाम्पतिः' इत्यमरः । इला = पृथ्वी; 'विपुला गह्वरी धात्री गौरिला कुम्भिनी क्षमा' इत्यमरः । शासत्–शास् + शतृ । नारायण–नराणां समूहः नारम (नर + अण्); नारम् अयनं यस्य सः । "विष्णुर्नारायणः कृष्णो वैकुण्ठो विष्टरश्रवाः । दामोदरो हृषीकेशः केशवो माधवः स्वभूः" इत्यमरः । सकललोकैककारणम् = सकललोकानाम् एककारणम् (षष्ठी तत्पुरुष) । कारणम्–कृ + णिच् + ल्युट्; 'हेतुर्ना कारणं बीजं निदानं त्वादिकारणम्' इत्यमरः ।

Kirtikant Sharma Collection, Najafgarh

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

यहाँ अनुप्रास नामक अलङ्कार है ।

राज्ञ्या गर्भधारणवर्णनम्

अथ कदाचित्तदग्रमहिषी 'देवि देवेन कल्पवल्लीफलमाप्नुहि' इति प्रभातसम सुस्वप्नमवलोकितवती । सा तदा दयितमनोरथपुष्पभूतं गर्भमधत्त । राजा सम्पन्न्यक्कृताखण्डलः सुहृन्नृपमण्डलः समाहूय निजसम्पन्मनोरथानुरूपं देव्याः सीमन्तोत्सवं व्यधत्त ।

हिन्दी-अनुवाद—इसके पश्चात् कालान्तर में एक दिन प्रातःकाल के सम मगधाधिपति की महारानी वसुमती ने एक सुन्दर स्वप्न देखा कि कोई व्यक्ति उनसे कह रहा है—"हे देवि ! तुम अपने पतिदेव से कल्पवृक्ष का फल प्राप्त करो ।" इसके वाद उस रानी ने पति के मनोरथ की प्राप्ति के लिए पुष्प गर्भ को धारण किया । अपनी सम्पत्ति से इन्द्र को तिरस्कृत कर देने वाले रा राजहंस ने मित्र राजाओं के समूह को बुलाकर अपनी सम्पत्ति तथा मनोरथ अनुरूप महारानी का सीमन्तोन्नयन संस्कार किया ।

संस्कृत-व्याख्या—अथ=अनन्तरम्, कदाचित्=जातु, तदग्रमहिषी=तस्य राज्ञः राजहंसस्य अग्रमहिषी पट्टराज्ञी, देवि=भद्रे, देवेन=राजहंसेन, कल्पवल्लीफलम्=कल्पवल्ल्याः कल्पलतायाः फलम्, आप्नुहि=अवाप्नुहि, इति=एवम्, प्रभातसमये=प्रातःकाले, सुस्वप्नं=सुन्दरं स्वप्नम्, अवलोकितवती=अपश्यत् । सा=वसुमती, तदा=तस्मिन् काले, दयितमनोरथपुष्पभूतं=दयितस्य वल्लभस्य यः मनोरथः कामः तस्य पुष्पभूतं कुसुमभूतं गर्भं=भ्रूण अधत्त=दधार । राजापि=भूपतिरपि, सम्पन्न्यक्कृताखण्डलः=सम्पदा वैभवे न्यक्कृतः तिरस्कृतः आखण्डलः मघवा येन स तथोक्तः । सुहृन्नृपमण्डलं=सुहृद मित्राणां नृपाणां राज्ञां च मण्डलं समूहम्, समाहूय=आकार्य, निजसम्पन्मनोरथानुरूपम्=निजस्य स्वकीयस्य सम्पदः लक्ष्म्याः मनोरथस्य कामस्य च अनुरू सदृशम्, देव्याः=वसुमत्याः, सीमन्तोत्सवं=सीमन्तोन्नयनसंस्कारविशेष व्यधत्त=चकार ।

टिप्पणी—तदग्रमहिषी–तस्य अग्रमहिषी (षष्ठी तत्पुरुष) । महिषी

Kirtikant Sharma Collection, Najafgarh

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

पटरानी । मह्यते; 'मह् पूजायाम्' धातु से 'अविमह्योष्टिषच्' से टिषच् प्रत्यय तथा ङीष् । 'कृताभिषेका महिषी' इत्यमरः, 'महिषी नृपयोषिति । सैरिभ्यामौषधीभेदे' इति हेमचन्द्रः । देव–दिव्+अच् । आप्नुहि–आप् धातु लोट्लकार मध्यम पुरुष एकवचन । अवलोकितवती–अव+लोक्+क्तवतु+ङीप् । दयितभूतम्-दयितमनोरथस्य पुष्पभूतं (षष्ठी तत्पुरुष); अभीष्टेऽभीप्सितं हृद्यं दयितं वल्लभं प्रियम्' इत्यमरः । गर्भ–'गर्भो भ्रूण इमौ समौ' इत्यमरः । अधत्त–'धा' धातु लङ्लकार आत्मनेपद प्र० पु० ए० व० । सम्पन्न्यक्कृताखण्डलः–सम्पदा व्यक्कृतः आखण्डलः येन स तथोक्तः । 'संक्रन्दनो दुश्च्यवनस्तुराषाण्मेघवाहनः । आखण्डलः सहस्राक्ष ऋभुक्षा' इत्यमरः । समाहूय–सम्+आ+ह्वेञ्+क्त्वा–ल्यप् । निजसम्पन्मनोरथानुरूपं–निजस्य सम्पदः मनोरथस्य च अनुरूपम् । 'इच्छा काङ्क्षा स्पृहेहा तृड् वाञ्छा लिप्सा मनोरथः'इत्यमरः । व्यधत्त-'वि+धा' धातुलङ् लकार आत्मनेपद प्र० पु० ए० व० ।

एकदा हितैः सुहृन्मन्त्रिपुरोहितैः'सभायां सिंहासनासीनो गुणैरहीनो ललाटतटन्यस्ताञ्जलिना द्वारपालेन व्यज्ञापि–देव ! देवसन्दर्शनलालसमानसः कोऽपि देवेन विरच्यार्चनार्हो यतिर्द्वारदेशमध्यास्ते' इति तदनुज्ञातेन तेन स संयमी नृपसमीपमनायि । भूपतिरायान्तं तं विलोक्य सम्यग्ज्ञाततदीयगूढचारभावो निखिलमनुचरनिकरं विसृज्य मन्त्रिजनसमेतः प्रणतमेनं मन्दहासमभाषत–'ननु तापस ! देशं सापदेशं भ्रमन् भवांस्तत्र भवदभिज्ञातं कथयतु' इति ।

हिन्दी-अनुवाद—एक समय हितकारी, सुहृद्, मन्त्री और पुरोहितों के साथ सभा में सिंहासन पर बैठे हुए अच्छे गुणों से युक्त (राजा राजहंस से) अपने मस्तक पर अञ्जलि रखते हुए अर्थात् हाथ जोड़कर द्वारपाल ने निवेदन किया–हे देव ! आपके द्वारा की जाने वाली पूजा के योग्य संन्यासी आपके दर्शनों की लालसा लेकर द्वारदेश पर बैठा हुआ है । राजा की आज्ञा पाकर द्वारपाल उस संन्यासी को राजा के समीप ले आया । महाराज राजहंस ने आते हुए उस संन्यासी को देखकर उसके गुप्तचर भाव को भलीभाँति समझकर समस्त अनुचरवर्ग को हटाकर मन्त्रिजनों के साथ नमस्कार करने वाले मुस्कराते हुए उस (संन्यासी) से कहा–हे तापस ! कपटवेष के साथ देश में भ्रमण

Kirtikant Sharma Collection, Najafgarh

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

करते हुए आपने जो कुछ जाना हो उसे कहिये ।

संस्कृत-व्याख्या–एकदा = एकस्मिन् काले, हितैः = हितैषिभिः, सुहृन्मन्त्रिपु- हितैः, = मित्रमंत्रिपुरोहितगणैः, सभायां = समज्यायाम् सिंहासनासीनः = भद्रा- नोपविष्टः, गुणैः = दयादाक्षिण्यादिभिः, अहीनः = न रहितः, ललाटतटन्यस्ताञ्ज- लिना, = भालप्रदेशबद्धाञ्जलिना, द्वारपालेन = प्रतीहारेण, व्यज्ञापि = न्यवे- देव ! = महाराज !, देवसन्दर्शनलालसमानसः = देवस्य राज्ञः सन्दर्शने सम्य- अवलोकने लालसा उत्कटेच्छा यस्य तादृशं मानसं चित्तं यस्य स तादृशः, 'कामोऽभि- लाषः तर्षश्च सोऽत्यर्थं लालसा द्वयोः, इत्यमरः, देवेन = तत्रभवता, विरच्यार्चनार्हः विरच्या कर्तव्या या अर्चना पूजा ताम् अर्हतीति तादृशः, कोऽपि = कश्चि- यतिः = मुनिः संन्यासी वा, द्वारदेशं = द्वारप्रदेशं, अध्यास्ते = अधितिष्ठ- इति = एवम, तदनुज्ञातेन = राजहंसानुमतेन, तेन = द्वारपालेन, स संयमी= संन्यासी, नृपसमीपं = भूपतिनिकटम्, अनायि = प्रापितः, भूपतिः = नृपः आयान्तं = आगच्छन्तम, तं = यतिम्, विलोक्य = दृष्ट्वा, सम्यग्ज्ञाततदीयगूढचार- भावः = सम्यग्ज्ञातः सम्यगवगतः तदीयः गूढः गुप्तः चारभावः स्पशभावः ये- स तादृशः, निखिलं = समस्तम्, अनुचरनिकरं = भृत्यसमुदायम्, विसृज्य = मुक्त्वा मन्त्रिजनसमेतः = सचिवजनयुक्तः, प्रणतम् = विनम्रम्, एनं = संन्यासिनम्, मन्द- हासं = मन्दस्मितम, अभाषत = अवदत्–ननु = इति आमन्त्रणे, 'प्रश्नावधारणा- ज्ञानुनयामन्त्रणे ननु' इत्यमरः, तापस ! = संन्यासिन्, देशं = विविधदेशान् सापदेशं = छलसहितम् 'व्याजोऽपदेशो लक्ष्यं च' इत्यमरः, भ्रमन् = पर्यटन् तत्र = तेषु स्थानेषु, भवदभिज्ञातं = भवदवगतम्, कथयतु = वदतु ।

टिप्पणी–एकदा–एकस्मिन् काले, एक + दा । हितैः–धा (हि) + क्त- हितम्, हितमस्य अस्ति इति हित + अच् = हितः हितकारी; तृ० व० हितैः । सुहृन्मन्त्रिपुरोहितैः–सुहृदश्च मन्त्रिणश्च पुरोहिताश्च इति सुहृन्मन्त्रि- पुरोहिताः तैः (द्वन्द्व) । पुरस् + धा (हि) + क्त (त) । सिंहासनासीनः– सिंहासने आसीनः (सप्तमी तत्पुरुष) । आसीनः–आस + शानच् । ललाटतटन्य- स्ताञ्जलिना = ललाटतटे न्यस्तः अञ्जलिः येन स तेन (बहुव्रीहि) । ललाटम्– ललं विलासमीप्सां वा अटति लल + अट् + अण् । 'ललाटमलिकं गोधि-

Kirtikant Sharma Collection, Najafgarh

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

इत्यमरः । अञ्जलिः–अज्यतेऽनेन इति, 'अञ्जू व्यक्त्यादौ' धातु से 'ऋतन्यञ्जि'-आदि सूत्र से अलि प्रत्यय । 'अञ्जलिस्तु पुमान् हस्तसंपुटे कुडवेऽपि च' इति मेदिनी, देवसन्दर्शनलालसमानसः=देवस्य सन्दर्शनमिति देवसन्दर्शनं तस्मिन् लालसा यस्य तत्, देवसन्दर्शनलालसं मानसं यस्य सः (बहुव्रीहि) । देवः–दिव्+अच्; दीव्यतीति देवः । 'अमरा निर्जरा देवास्त्रिदशा विबुधाः सुराः' इत्यमरः । लालसा–भृशं लसनमित्यर्थे 'लस् कान्तौ' यङन्ताद् 'अ' प्रत्ययः ततश्च टाप् । 'लालसौत्सुक्यतृष्णातिरेकयाच्ञासु' इति मेदिनी । मानसम्–मन्यतेऽनेन 'मन्+असुन्' ततश्च अण्=मानसम् । 'चित्तं तु चेतो हृदयं स्वान्तं हृन्मानसं मनः' इत्यमरः । विरच्या–वि+रच्+यत्+टाप् । अर्चना–पूजा, अर्च्+ल्यु+टाप् । द्वारदेशम्–यहाँ 'अधिशीङ्स्थासां कर्म' से कर्मसंज्ञा होकर द्वितीया होती है । आयान्तम्–आ+या+शतृ । विलोक्य–वि+लोक्+क्त्वा→ल्यप् । सम्यग्ज्ञाततदीयगूढचारभावः–सम्यक् ज्ञातः तदीयः गूढचारभावः येन सः (बहुव्रीहि) । ज्ञात–ज्ञा+क्त । गूढ–गुह्+क्त । अनुचर–अनु+चर्+ट । विसृज्य–वि+सृज्+क्त्वा→ल्यप् । मन्त्रिजनसमेतः=मन्त्रिजनैः समेतः (तृतीया तत्पुरुष) । प्रणतम्–प्र+नम्+क्त । अभाषत–भाष्' धातु लङ् लकार प्र० पु० ए० व० । भ्रमन्–भ्रम्+शतृ । कथयतु–कथ् धातु लोट् लकार प्र० पु० ए० व० ।

यहाँ यमक तथा अनुप्रास अलङ्कारों की छटा दर्शनीय है ।

संन्यासिनः सन्देशकथनम्

तेनाभाषि भूभ्रमणबलिना प्राञ्जलिना–'देव ! शिरसि देवस्याज्ञामादायैनं निर्दोषं वेषं स्वीकृत्य मालवेन्द्रनगरं प्रविश्य तत्र गूढतरं वर्तमानस्तस्य राज्ञः समस्तमुदन्तजातं विदित्वा प्रत्यागमम् ।

हिन्दी-अनुवाद–भूतल पर भ्रमण करने में समर्थ हाथ जोड़े हुए उस संन्यासी ने कहा–महाराज ! श्रीमान् जी की आज्ञा को शिरोधार्य कर इस निर्दोष वेष को स्वीकार करके मैंने मालवनरेश के नगर में प्रवेश किया । वहाँ प्रच्छन्न रूप से रहता हुआ मैं उस राजा के समस्त वृत्तान्त को जानकर वापस लौट आया हूँ ।

Kirtikant Sharma Collection, Najafgarh

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

संस्कृत-व्याख्या—भूभ्रमणवलिना=भुवः धरायाः भ्रमणे परिभ्रमणे यत् शक्तिः तदस्यास्तीति तेन, प्राञ्जलिना=वद्धाञ्जलिना, तेन=यतिना, अभाषि, उक्तम्, देव !=राजन् !, देवस्य=महाराजस्य, आज्ञां=आदेशम्, शिरसा आदाय=सादरं गृहीत्वा, एनं निर्दोषं=दोषरहितम्, वेषं=रूपम्, स्वीकृत्य=अङ्गीकृत्य, मालवेन्द्रनगरं=मालवनरेशपुरम्, प्रविश्य=प्रवेशं कृत्वा, तत्र=तस्मिन् नगरे, गूढ़तरं=गुप्ततरम्, वर्तमानः=तिष्ठन्, तस्य राज्ञः=मानसारस्य, समस्तं=सम्पूर्णम्, उदन्तजातं=प्रवृत्तिसमूहम्, विदित्वा=ज्ञात्वा, प्रत्यागमम्=प्रत्यायातः ।

टिप्पणी—भूभ्रमणवलिना-भुवः भ्रमणं भूभ्रमणं तस्मिन् वली तेन । भ्रमण-भ्रम्+ल्युट् । वली-वल+इनि । देव-दिव्+अच् । आज्ञाम्-आ+ज्ञा+अङ्+टाप् । आदाय-आ+दा+क्त्वा→ल्यप् । स्वीकृत्य-स्व+च्वि+कृ+क्त्वा→ल्यप् । मालवेन्द्रनगरं-मालवेन्द्रस्य नगरम् (षष्ठी तत्पुरुष) । प्रविश्य प्र+विश्+क्त्वा→ल्यप् । तत्र-तद्+त्रल् । गूढ़तरम् गुह्+क्त=गूढ़+तरप्=गूढ़तर । उदन्त=वृत्तान्त; 'वार्ता प्रवृत्तिर्वृत्तान्त उदन्तः स्यात्' इत्यमरः । विदित्वा-विद्+क्त्वा । यहाँ भी अनुप्रास नामक अलङ्कार है ।

मानी मानसारः स्वसैनिकायुष्यान्तराये सम्पराये भवतः पराजयमनुभूय वैलक्ष्यलक्ष्यहृदयो वीतदयो महाकालनिवासिनं कालीविलासिनमनश्वरं महेश्वरं समाराध्य तपः प्रभावसन्तुष्टादस्मादेकवीरारातिघ्नीं भयदां गदां लब्ध्वाऽऽत्मानमप्रतिभटं मन्यमानो महाभिमानो भवन्तमभियोक्तुमुद्युङ्क्ते । ततः परं देवः प्रमाणम्' इति ।

हिन्दी-अनुवाद—अभिमानी मानसार अपने सैनिकों के जीवन को विनष्ट करने वाले युद्ध में आपसे पराजय को प्राप्त कर लज्जा से खिन्न हृदय दयारहित होकर महाकाल निवासी पार्वतीपति अविनाशी भगवान् शङ्कर की आराधना करके (अपने) तप के प्रभाव से संतुष्ट उन शिव जी से एक वीर (प्रधान सेनापति) को मारने वाली भयंकर गदा को प्राप्त कर (उसके फल-स्वरूप) अपने को अद्वितीय योद्धा मानता हुआ अत्यन्त अभिमान के साथ आपके ऊपर आक्रमण करने की तैयारी कर रहा है । इसके आगे महाराज ही प्रमाण हैं ।

Kirtikant Sharma Collection, Najafgarh

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

संस्कृत-व्याख्या—मानी=अभिमानी, मानसार:=मालवनरेश:, स्वसैनिकायुष्यान्तराये=स्वस्य ये सैनिका: भटा: तेषाम् आयुष्यस्य जीवनस्य अन्तराये विघ्नस्वरूपे, सम्पराये=युद्धे, भवत:=श्रीमत:, पराजयं=पराभवम्, अनुभूय=प्राप्य, वैलक्ष्यलक्ष्यहृदय:=वैलक्ष्यस्य त्रपाया: लक्ष्यं लक्ष्यभूतं हृदयं चित्तं यस्य स तादृश:, वीतदय:=निर्दय:, महाकालनिवासिनं=महाकालवासिनम्, कालीविलासिनं=पार्वतीप्रियम्, अनश्वरं=नाशरहितम्, महेश्वरं=महादेवम्, समाराध्य=समाराधनं कृत्वा, तप:प्रभावसन्तुष्टात्=तप:कार्यप्रीतात्, अस्मात्=शिवात्, एकवीरारातिघ्नीं=एकवीरशत्रुविनाशिनीम्, भयदां=भयङ्कराम्, गदां=अस्त्रविशेषम्, लब्ध्वा=प्राप्य, आत्मानं=स्वम्, अप्रतिभटं=अद्वितीयभटम्, मन्यमान:=जानन्, महाभिमान:=अत्यन्ताभिमानी, भवन्तं=श्रीमन्तम्, अभियोक्तुम्=समाक्रमितुम्, उद्युङ्क्ते=उद्यतो भवति चेष्टां कुरुते वा। तत: परं=एतच्छ्रुत्वा, देव:=महाराज:, एव=हि, प्रमाणम्=प्रमाणत्वेन वर्तते।

टिप्पणी—मानी–मान+इनि। सम्पराय–संग्राम, 'सम्पराय: समीके स्यादापदुत्तरकालयो:' इति मेदिनी। पराजय–परा+जि+अच्। अनुभूय–अनु+भू+क्त्वा→ल्यप्। वैलक्ष्य–लज्जा, विलक्ष+ष्यञ्। स्वसैनिकायुष्यान्तराये–स्वस्य सैनिका: स्वसैनिका: तेषाम् आयुष्यस्य अन्तराय: तस्मिन् (षष्ठी तत्पुरुष)। वैलक्ष्यलक्ष्यहृदय:–वैलक्ष्यस्य लक्ष्यं हृदयं यस्य स: (बहुव्रीहि)। वीतदय:–वीता दया यस्मात् स: (बहुव्रीहि); 'कृपा दयानुकम्पा च' इत्यमर:। कालीविलासिनम्=काल्या: विलासिनम् (षष्ठी तत्पुरुष) 'उमा कात्यायनी गौरी काली हैमवतीश्वरी' इत्यमर:। महेश्वरम्–महांश्चासौ ईश्वर: तम् (कर्मधारय)। समाराध्य–सम्+आङ्+राध्+क्त्वा→ल्यप्। तप:प्रभावसन्तुष्टात्–तपस: प्रभावेण सन्तुष्टात् तृतीया तत्पपुरुष; प्रभाव–प्र+भू+घञ्। सन्तुष्ट–सम्+तुष्+क्त। एकवीरारातिघ्नीम्—एकवीरारातिं हन्तीति ताम्। भयदां–भय+दा+क+टाप्। लब्ध्वा–लभ्+क्त्वा। अप्रतिभटम्–नास्ति प्रतिभट: यस्य स: तम्। मन्यमान:–मन+शानच्। अभियोक्तुम्–अभि+युज्+तुमुन्। प्रमाणम्–प्र+मा+ल्युट्।

Kirtikant Sharma Collection, Najafgarh

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

यहाँ यमक नामक अलङ्कार है ।

अमात्यकृतनिश्चयः

तदालोच्य निश्चिततत्कृत्यैरमात्यै राजा विज्ञापितोऽभूत्—'देव, निरु येन देवसहायेन योद्‌धुमरातिरायाति । तस्मादस्माकं युद्धं साम्प्रतमसाम्प्रत सहसा दुर्गसंश्रयः कार्यः ।

हिन्दी अनुवाद—गुप्तचर के उस कथन को विचार कर कर्त्तव्य निश्चय करने वाले मन्त्रियों ने राजा से निवेदन किया—स्वामिन् ! निरु (जिसका कोई प्रतिकार न किया जा सके) दैवी सहायता के साथ शत्रु करने के लिए आ रहा है । इसलिये इस समय हम लोगों का युद्ध करना नहीं है । (अतः) शीघ्र ही दुर्ग का आश्रय लेना चाहिए ।

संस्कृत व्याख्या—तत्=पूर्वोक्तम्, आलोच्य=सम्यक् विचार्य, निश्चि तत्कृत्यैः=निर्णीतशत्रुविषयकरणीयैः, अमात्यैः=मन्त्रिभिः, राजा=भूपं विज्ञापितः=आवेदितः, अभूत्=अभवत्, देव !=महाराज !, निरुपायेन उपायरहितेन, देवसहायेन=शिवसहयोगेन, योद्धुं=प्रहर्तुम्, अरातिः=श आयाति=आगच्छति, तस्मात्=तस्मात् कारणात्, अस्माकं=मगधदेश काणाम्, युद्धं=आयोधनम्, साम्प्रतं=इदानीम्, असाम्प्रतम्=अनुचि सहसा=झटिति, दुर्गसंश्रयः=दुर्गावलम्बनम्, कार्यः=कर्त्तव्यः ।

टिप्पणी—आलोच्य-आङ्=लोच्+क्त्वा→ल्यप् । निश्चिततत्कृत्यैः- कृत्यमिति तत्कृत्यम्, निश्चितं तत्कृत्यं यैः तैः (बहुव्रीहि) । विज्ञापितः-वि ज्ञा+णिच्+क्त । अभूत्-भू धातु लुङ् लकार, प्र० पु० ए० व० । निरु येन-निः नास्ति उपायः यस्य स तथोक्तेन । योद्धुम्-युध्+तुमुन्, अराति शत्रुः; न राति सुखमिति इस अर्थ में 'रा दाने' धातु से क्तिच् प्रत्यय होता "द्विड्विपक्षाहितामित्रदस्युशात्रवशत्रवः । अभिघातिपरारातिप्रत्यर्थि पन्थिनः ॥" इत्यमरः । आयाति-'आङ्+या' धातु लट् लकार प्र० पु० व० । युद्धम्-योधनमिति इस अर्थ में युध्+क्त । "युद्धमायोधनं जन्यं प्र प्रविदारणम् ।" इत्यमरः । असाम्प्रतम्-न साम्प्रतमिति असाम्प्रतम् । का कृ+ण्यत् ।

Kirtikant Sharma Collection, Najafgarh

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

राजहंसस्य युद्धे प्रवृत्तिः

तैर्बहुधा विज्ञापितोऽप्यखर्वेण गर्वेण विराजमानो राजा तद्वाक्यमकृत्यमित्यनादृत्य प्रतियोद्धुमना बभूव। शितिकण्ठदत्तशक्तिसारो मानसारो योद्धुमनसामग्रेभूय सामग्रीसमेतोऽक्लेशं मगधदेशं प्रविवेश। तदा तदाकर्ण्य मन्त्रिणो भूमहेन्द्रं मगधेन्द्रं कथञ्चिदनुनीय रिपुभिरसाध्ये विन्ध्याटवीमध्येऽवरोधान्मूलबलरक्षितान्निवेशयामासुः। राजहंसस्तु प्रशस्तवीतदैन्यसैन्यसमेतस्तीव्रगत्या निर्गत्याधिकरुषं द्विषं रुरोध। परस्परबद्धवैरयोरेतयोः शूरयोस्तदा तदालोकनकुतूहलागतगगनचराश्चर्यकारणे रणे वर्तमाने जयाकाङ्क्षी मालवदेशरक्षी विविधायुधस्थैर्यचर्याञ्चितसमरतुलितामरेश्वरस्य मगधेश्वरस्य तस्योपरि पुरारातिदत्तां गदां प्राहिणोत्। निशितशरनिकरशकलीकृतापि सा पशुपतिशासनस्यावन्ध्यतया सूतं निहत्य रथस्थं राजानं मूर्च्छितमकार्षीत्।

हिन्दी-अनुवाद—उन मन्त्रियों के द्वारा वारम्वार समझाये जाने पर भी राजा अत्यधिक गर्व से युक्त होकर उनके वाक्य को 'यह नहीं करने योग्य (मानने योग्य) है, इस प्रकार न मानकर (अनादृत कर) युद्ध में सामना करने के लिए तैयार हो गया। भगवान् शङ्कर जी के द्वारा प्रदत्त शक्ति के बल पर मानसार ने युद्ध के इच्छुक अपने सैनिकों के आगे होकर समस्त युद्ध की सामग्री के साथ विना किसी वाधा (रुकावट) के मगधदेश में प्रवेश किया। उस समय उसको (मानसार के मगध में प्रवेश को) सुनकर मन्त्रियों ने पृथ्वी के इन्द्र मगधाधिपति को किसी प्रकार समझा-वुझाकर अन्तःपुर की स्त्रियों (रानियों) को मुख्य सेना की संरक्षकता में शत्रुओं के लिए अगम्य विन्ध्य नामक वनी में भिजवा दिया। राजहंस ने (अपनी) प्रशंसनीय और दीनता से रहित सेना के सहित तीव्र गति से बाहर निकलकर अत्यन्त क्रुद्धित शत्रु को घेर लिया। परस्पर शत्रुता रखने वाले इन दोनों वीरों के इस प्रकार के युद्ध में प्रवृत्त होने पर जो कि उसे देखने के कौतूहल से आये हुए आकाशचारी देवताओं को भी आश्चर्यकारक था, विजय की इच्छा करने वाले मालवदेश के रक्षक ने विविध प्रकार के शस्त्रों के स्थिरतापूर्वक प्रयोग से युक्त युद्ध में इन्द्र

Kirtikant Sharma Collection, Najafgarh

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

की बराबरी करने वाले मगध नरेश राजहंस के ऊपर शंकर के द्वारा प्र
गदा का प्रहार किया। यद्यपि राजहंस ने अपने तीखे बाणों के समूह के द्वा
उस गदा के टुकड़े-टुकड़े कर दिये फिर भी शिवजी के शासन (आज्ञा)
अमोघ होने के कारण (उसने) सारथी को मारकर रथ पर बैठे हुए राजा
मूर्च्छित कर दिया।

संस्कृत-व्याख्या—तैः=मन्त्रिभिः, बहुधा=अनेकप्रकारेण, विज्ञा
तोऽपि=निवेदितोऽपि, अखर्वेण=महता, गर्वेण=अभिमानेन, विराजमान
सुशोभमानः, राजा=नृपतिः, तद्वाक्यं=तेषां वचनम्, अकृत्यं=अकरणी
इति=एवम्, अनादृत्य=तिरस्कृत्य, प्रतियोद्धुमनाः=युद्धाभिलाषी, बभूव
अभूत्। शितिकण्ठदत्तशक्तिसारः=शिवप्रदत्तशस्त्रविशेषः, मानसारः=माल
धिपतिः, योद्धुमनसां=युद्धार्थिनाम्, अग्रीभूय=अग्रसरो भूत्वा, सामग्रीसमेत
युद्धसामग्रीयुक्तः, अक्लेशं=अनायासं सुखपूर्वकं वा यथा स्यात्तथा, मगधदे
मगधाख्यं देशम्, प्रविवेश=प्राविशत्। तदा=तस्मिन्काले, तत्=आग
वृत्तम्, आकर्ण्य=श्रुत्वा, मन्त्रिणः=अमात्याः, भूमहेन्द्रं=भूपतिम्, मगधेन्द्रं
मगधाधिपतिम्, कथञ्चित्=येन केन प्रकारेण, अनुनीय=मानयि
रिपुभिः=अरिभिः, असाध्ये=दुष्प्रवेश्ये, विन्ध्याटवीमध्ये=विन्ध्यवन
भागे, अवरोधान्=शुद्धान्तान्, मूलबलरक्षितान्=प्रधानसैन्यसंरक्षि
निवेशयामासुः=प्रेषयामासुः। राजहंसस्तु=मगधाधिपतिस्तु, प्रशस्तवीतदैन्यसै
समेतः=उत्कटशौर्ययुक्तबलसमेतः, तीव्रगत्या=महता वेगेन, निर्गत्य=निः
अधिकरुषं=अत्यन्तक्रुद्धम्, द्विषं=अरिम्, रुरोध=अवारयत्। परस्पर
वैरयोः=अन्योन्यावद्धविरोधयोः, एतयोः=राजहंसमानसारयोः, शूरयो
वीरयोः, तदा=तस्मिन् काले, तदालोकनकुतूहलागतगगनचराश्चर्यकारणे
तस्य सङ्ग्रामस्य आलोकने दर्शने यत् कुतूहलं कौतुकं तेन आगतानां सम
तानां गगनचराणां देवानाम् आश्चर्यकारणे विस्मयजनके, रणे=युद्धे, वर्तमाने
अवस्थिते, जयाकाङ्क्षी=विजयाभिलाषी, मालवदेशरक्षी=मालवदेशर
विविधायुधस्थैर्यचर्याञ्चितसमरतुलितामरेश्वरस्य=विविधायुधानाम् अनेकप्र
शस्त्राणाम स्थैर्यचर्यया स्थिरप्रहरणपरम्परया अञ्चितः पूजितः यः स

Kirtikant Sharma Collection, Najafgarh

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

संग्रामः तेन तुलितः समीकृतः अमरेश्वरः मघवा येन स तस्य तादृशस्य। मगधेश्वरस्य=मगधाधीश्वरस्य, तस्योपरि, पुरा=आदौ, पुरारातिदत्तां=शङ्करप्रदत्ताम्, गदां=आयुधविशेषम्, प्राहिणोत्=प्राहरत् । निशितशरनिकरशकलीकृता=निशितशरनिकरेण तीक्ष्णबाणसमूहेन, शकलीकृता खण्डिता, अपि=समुच्चये, सा=पूर्वोक्ता गदा, पशुपतिशासनस्य=महादेवाज्ञायाः, अवन्ध्यतया=अव्यर्थतया, सूतं=सारथिम्, निहत्य=हननं कृत्वा, रथस्थं=स्यन्दनस्थितम्, राजानं=भूपतिम्, मूर्च्छितं=संज्ञारहितम्, अकार्षीत्=चकार ।

टिप्पणी—वहुधा -वहु+धा । विराजमानः–वि+राज्+शानच् । वाक्यम्–वच्+ण्यत् (चस्य कः) । अकृत्यम्–न कृत्यमिति अकृत्यम्; कृत्य–कृ+क्यप्, तुक् का आगम । प्रतियोद्धुमनाः-प्रतियोद्धुं मनाः यस्य सः। बभूव–भू धातु लिट् लकार प्रथम पुरुष एक वचन । शितिकण्ठदत्तशक्तिसारः–शितिकण्ठेन दत्ता या शक्तिः सा एव सारः यस्य स तादृशः (बहुव्रीहि) । शितिकण्ठ–शिव; शितिः कालः कण्ठोऽस्य सः । "उग्रः कपर्दी श्रीकण्ठः शितिकण्ठः कपालभृत्" इत्यमरः । अग्रीभूय–अग्र+च्वि+भू+क्त्वा→ल्यप् । प्रविवेश–'प्र+विश्' धातु लिट्लकार प्रथम पुरुष एकवचन । मन्त्री–मन्त्र+णिनि; 'मन्त्री धीसचिवोऽमात्यः' इत्यमरः । मगधेन्द्रम्–मगधस्य इन्द्रः मगधेन्द्रस्तम् । अनुनीय–अनु+नी+क्त्वा→ल्यप् । विन्ध्याटवीमध्ये–विन्ध्यस्य अटवी विन्ध्याटवी तस्याः मध्ये; 'अटव्यरण्यं विपिनं गहनं काननं वनम्' इत्यमरः । मूलबलरक्षितान्–मूलबलैः रक्षितान् (तृतीया तत्पुरुष समास) । प्रशस्तवीतदैन्यसैन्यसमेतः–प्रशस्तैः वीतदैन्यैः (वीतं दैन्यं येषां तैः) सैन्यैः समेतः । तीव्रगत्या–तीव्रया गत्या । गति–गम्+क्तिन् । अधिकरुषम्—अधिका रुट् यस्य स तम्; 'रुट् क्रुधौ स्त्रियाम्' इत्यमरः । रुरोध–'रुध्' धातु लिट् लकार प्र० पु० ए० व० । परस्परबद्धवैरयोः–परस्परं बद्धं वैरं याभ्यां तयोः । 'वैरं विरोधो विद्वेषः' इत्यमरः । बद्ध–बन्ध्+क्त । तदा·········कारणे–तस्य आलोकने कुतूहलं तेन आगताः, ते च ते गगनचराः, तेषाम् आश्चर्यकारणं तस्मिन् (षष्ठी तत्पुरुष) । आलोकन–आ+लोक्+ल्युट् । कुतूहल—

Kirtikant Sharma Collection, Najafgarh

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

"कौतूहलं कौतुकं च कुतुकं च कुतूहलम्" इत्यमरः । आगत–आ+गम्+ गगनचर–देवता, गगन+चर्+ट । जयाकाङ्क्षी–जय+आ+काङ्क्ष्+णि मालवदेशरक्षी–मालवदेशस्य रक्षी (षष्ठी तत्पुरुष) । विविधा ·····तु मरेश्वरस्य–विविधानि च तानि आयुधानि विविधायुधानि, तेषां स्थैर्यं चर्या, तया अञ्चितम्, तच्च तत् समरम्, तस्मिन् तुलितः अमरेश्वरः येन (बहुव्रीहि) । स्थैर्यं—स्थिर+ष्यञ् । चर्या–चर्+यत्+टाप् । अञ्चि अञ्च्+क्त । तुलित–तुल्+क्त । पुरारातिदत्ताम्–पुरारातिना दत्ता दत्ताम्–दा+क्त+टाप् । निशितशरनिकरशकलीकृता–निशितशर शकलीकृता (तृतीया तत्पुरुष) । शकलीकृता–शकल+च्वि+कृ+क्त+ पशुपतिशासनस्य–पशुपतेः शासनं पशुपतिशासनं तस्य । पशुपति पशूनां जीवानां पतिः=पशुपतिः "शम्भुरीशः पशुपतिः शिवः शूली महे इत्यमरः । शासनम्–शास्+ल्युट् । निहत्य–नि+हन्+क्त्वा+ अकार्षीत्–'कृ' धातु लुङ् लकार प्र० पु० ए० व० । यहाँ यमक तथा प्रास का प्रयोग हुआ है । कवि का यमकालङ्कार प्रेम स्पष्ट परिलक्षित रहा है ।

राजहंसस्य पराजयो वनवासश्च

ततो वीतप्रग्रहा अक्षतविग्रहा वाहा रथमादाय दैवगत्यान्तःपुरशरण्यं रण्यं प्राविशन् । मालवनाथो जयलक्ष्मीसनाथो मगधराज्यं प्राज्यं सं पुष्पपुरमध्यतिष्ठत् ।

हिन्दी-अनुवाद—तत्पश्चात् लगाम रहित, अक्षत शरीर वाले घो को लेकर दैवयोग से उसी महावन में प्रविष्ट हुये, जहाँ रनिवास टि विजयलक्ष्मी से सनाथित मालवाधीश (मानसार) सुसम्पन्न मगधरा जीतकर पुष्पपुर में अधिष्ठित हुआ अर्थात् राजा बनकर शासनकार्य लगा ।

संस्कृत-व्याख्या—ततः=तदनन्तरम्, वीतप्रग्रहाः=अपगत अक्षतविग्रहाः=अक्षतः स्वस्थः विग्रहः शरीरं येषां ते, 'शरीरं वर्ष्म

Kirtikant Sharma Collection, Najafgarh

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

इत्यमरः, वाहाः=अश्वाः, रथं=स्यन्दनम्, आदाय=आनीय, दैवगत्या= दैवयोगेन, अन्तःपुरशरण्यं=अवरोधरक्षणस्थानम्, महारण्यं=महावनम्, प्राविशन्=प्रविष्टाः । मालवनाथः=मालवेश्वरः, जयलक्ष्मीसनाथः=जय-लक्ष्म्या विजयप्रिया सनाथः समुपेतः, मगधराज्यं=एतदाख्यं राज्यम्, प्राज्यं= प्रचुरधनधान्ययुक्तम्, समाक्रम्य=सम्यक् क्रान्त्वा, पुष्पपुरं=पाटलिपुत्रम्, अध्यतिष्ठत्=न्यवसत् ।

टिप्पणी--वीतप्रग्रहाः-वीताः प्रग्रहाः येषां ते (बहुव्रीहि) । "तुलासूत्रेऽश्वा-दिरश्मौ प्रग्राहः प्रगहोऽपि च" इत्यमरः, प्रग्रहस्तु तुलासूत्रे वन्द्यां नियमने भुजे । हयादिरश्मौ रश्मौ च सुवर्णहलिपादपे ॥" इति विश्वः । अक्षतविग्रहाः-न क्षतः अक्षतः अक्षतः विग्रहः येषां ते (बहुव्रीहि); 'शरीरं वर्ष्म विग्रहः' इत्यमरः, वाहाः-घोड़े, "वाजिवाहार्वगन्धर्वहयसैन्धवसप्तयः' इत्यमरः, आदाय-आ+दा+क्त्वा→ल्यप । गतिः-गम्+क्तिन् । महारण्यं-महच्च तद् अरण्यमिति महारण्यम्; 'अटव्यरण्यं विपिनं गहनं काननं वनम्' इत्यमरः, प्राविशन्-'प्र+विश्' लङ् लकार प्र० पु० व० व० । जयलक्ष्मीसनाथः-जय-लक्ष्म्या सनाथः (तृतीया तत्पुरुष); जय-जि+अच् । प्राज्यं-प्रा+अज्+ ण्यत् । 'प्रभूतं प्रचुरं प्राज्यम्' इत्यमरः । समाक्रम्य-सम्+आङ्+क्रम्+ क्त्वा→ल्यप् । पुष्पपुरमध्यतिष्ठत्-यहाँ 'अधिशीङ्स्थासां कर्म' इस सूत्र से कर्मसंज्ञा होती है । यहाँ भी यमकालङ्कार है ।

तत्र हेतिततिहतिश्रान्ता अमात्या दैवगत्याऽनुत्क्रान्तजीविता निशान्त-वातलब्धसंज्ञाः कथञ्चिदाश्वास्य राजानं समन्तादन्वीक्ष्यानवलोकितवन्तो दैन्यवन्तो देवीमवापुः ।

हिन्दी-अनुवाद--वहाँ (उस युद्ध में) शस्त्रसमूह के प्रहार से मूच्छित परन्तु दैवयोग से जीवित रहने वाले मन्त्री लोग प्रातःकालीन वायु से चेतनता को प्राप्तकर जैसे-तैसे आश्वस्त होकर राजा को चारों ओर खोज करने पर भी न प्राप्तकर खिन्न होते हुए रानी (वसुमती) के पास पहुँचे ।

संस्कृत-व्याख्या--तत्र=तस्मिन् आयोधने, हेतिततिहतिश्रान्ताः=शस्त्र-सङ्घातप्रहारक्लान्ताः, अमात्याः=मन्त्रिणः, दैवगत्या=दैवयोगेन, अनुत्क्रान्त-

Kirtikant Sharma Collection, Najafgarh

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

जीविताः=अत्यक्तप्राणाः, निशान्तवातलब्धसंज्ञाः प्रातःकालिकपवनप्राप्तचैत॰ कथञ्चित्=येन केन प्रकारेण, आश्वास्य=आश्वस्ताः भूत्वा, राजा॰ भूपतिम्, समन्तात्=सर्वासु आशासु, अन्वीक्ष्य=विलोक्य, अनवलोकि॰ वन्तः=अदृष्टवन्तः, दैन्यवन्तः=अतिदुःखिताः, देवीं=वसुमतीम्, अवापुः प्रापुः ।

टिप्पणी---हेतिततिहतिश्रान्ताः–हेतीनां ततयः, ताभिः हतिः तया श्रा॰ (तृतीया तत्पुरुष) । हेति–हथियार, हन्ति हिनोति वा, हन्यतेऽनया वा ॰ हेतिः । 'रवेर्रचिश्च शस्त्रं च वह्निज्वाला च हेतयः" इत्यमरः "हेतिः स्यादायुधज्वाला सूर्यतेजःसु योषिति" इति मेदिनी तति–समूह; तन्+क्तिन् । हति–हन्+क्तिन् । श्रान्ताः–श्रम्+क्त अमात्याः–अमा सह भवाः अमात्या; यहाँ 'अमा' शब्द से 'अमेहक्वतसि॰ एव' के नियम से 'अव्ययात्त्यप्' सूत्र से 'त्यप्' प्रत्यय होता है। अमा॰ राज्याङ्ग का भेद कहलाता है---'स्वाम्यमात्यसुहृत्कोषराष्ट्रदुर्गबलानि ॰ राज्याङ्गानि प्रकृतयः पौराणां श्रेणयोऽपि च' ॥ इत्यमरः । अनुत्क्रान्तजीवित॰ अनुत्क्रान्तं जीवितं येषां ते (बहुव्रीहि) । निशान्तवातलब्धसंज्ञाः–निशा॰ अन्तः, तस्य वातः तेन लब्धा संज्ञा यैस्ते (बहुव्रीहि) । वात–पवन, वाति ॰ वा+तन् । 'नभस्वद्वातपवनपवमानप्रभञ्जनाः' इत्यमरः । लब्ध–लभ्+क्त अन्वीक्ष्य–अनु+ईक्ष्+क्त्वा→ल्यप् । अनवलोकितवन्तः–न अवलोकितव॰ अनवलोकितवन्तः । अव+लोक्+क्तवतु (तवत्) । दैन्यवन्तः–दैन्य+मतुप् देवी–महारानी, 'देवी कृताभिषेकायां तेजनीस्पृक्कयोरपि' इति हेमचन्द्रः । अ॰ प्रास अलङ्कार है ।

वसुमती तु तेभ्यो निखिलसैन्यक्षतिं राज्ञोऽदृश्यत्वं चाकर्ण्योद्विग्ना शो॰ सागरमग्ना रमणानुगमने मतिं व्यधत्त ।

हिन्दी-अनुवाद---देवी वसुमती उन (मन्त्रियों) से समस्त सेना का विन॰ और राजा के अदृश्य होने के समाचार को सुनकर खिन्न होती हुयी शो॰ सागर में निमग्न हो गयी और (उसने) अपने पति का अनुगमन करने (मरने) का निश्चय कर लिया ।

संस्कृत-व्याख्या---वसुमती=राजहंसमहिषी देवी वसुमती, तु तेभ्यः

Kirtikant Sharma Collection, Najafgarh

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

मन्त्रिभ्यः, निखिलसैन्यक्षतिं=समस्तसैन्यविनाशम्, राज्ञः=राजहंसस्य, अदृश्यत्वं=अदृश्यताम्, च आकर्ण्य=श्रुत्वा, उद्विग्ना=व्याकुला सती, शोकसागरमग्ना=संतापसमुद्रनिमग्ना, रमणानुगमने=रमणस्य स्वामिनः अनुगमने अनुसरणे, मतिं=बुद्धिम्, अधत्त=अकरोत् ।

टिप्पणी—निखिलसैन्यक्षतिं=निखिलानि यानि सैन्यानि, तेषां क्षतिम् । क्षति–क्षण्+क्तिन् । अदृश्यत्वं–अदृश्य+त्वल् । शोकसागरमग्ना–शोकस्य सागरः, तस्मिन् मग्ना । 'उदन्वानुदधिः सिन्धुः सरस्वान् सागरोऽर्णवः' इत्यमरः । रमणानुगमने–रमणस्य अनुगमने (षष्ठी तत्पुरुष) । रमण–रम्+णिच्+ल्युट् । अनुगमन–अनु+गम्+ल्युट् । मति–बुद्धि; मन्+क्तिन् । 'बुद्धिर्मनीषा धिषणा धीः प्रज्ञा शेमुषी मतिः' इत्यमरः । व्यधत्त–'वि+धा' धातु लुङ् लकार आत्मनेपद प्र० पु० ए० व० ।

१० 'कल्याणि, भूरमणमरणमनिश्चितम् । किञ्च दैवज्ञकथितो मथितोद्धतारातिः सार्वभौमोऽभिरामो भविता सुकुमारः कुमारस्त्वदुदरे वसति । तस्मादद्य तव मरणमनुचितम्' इति भूषितभाषितैरमात्यपुरोहितैरनुनीयमानया तया क्षणं क्षणहीनया तूष्णीमस्थायि ।

हिन्दी-अनुवाद—'हे कल्याणि ! राजा की मृत्यु अभी निश्चित नहीं है । एतदतिरिक्त ज्योतिषियों के द्वारा बतलाया गया, उद्दण्डशत्रुओं का विनाश करने वाला सार्वभौम (चक्रवर्ती), सुन्दर, भावी (भविष्य में होने वाला), सुकुमार राजकुमार तुम्हारे उदर में निवास कर रहा है । इसलिये इस समय तुम्हारा मरना उचित नहीं है ।' इस प्रकार सुन्दर वचनों के द्वारा मन्त्री तथा पुरोहितों से समझायी गयी रानी क्षण भर के लिए उदास होकर चुपचाप बैठ गयी ।

संस्कृत-व्याख्या—कल्याणि=भद्रे, भूरमणमरणम्=भूरमणस्य पृथिवीवल्लभस्य मरणं मृत्युः, अनिश्चितम्=अनिर्णीतम्, किञ्च=अन्यदपि, दैवज्ञकथितः=ज्योतिषाचार्योक्तः, मथितोद्धतारातिः=मथितः उन्मूलितः उद्धतः प्रचण्डः अरातिः शत्रुः येन स तादृशः, सार्वभौमः=चक्रवर्ती, अभिरामः=मनोहरः, भविता=भावी, सुकुमारः=सुकोमलः, कुमारः=राजकुमारः,

Kirtikant Sharma Collection, Najafgarh

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

त्वदुदरे=तव गर्भे, वसति=निवसति । तस्मात्=तस्मात् कारणात्, अद्यः इदानीम्, तव=भवत्याः, मरणम्=मृत्युः, अनुचितं=नौचित्यं वहति, इति एवम्, भूषितभाषितैः=मधुरभाषणैः, अमात्यपुरोहितैः=मन्त्रिपुरोहि अनुनीयमानया=विहितानुनयया, तया=देव्या, क्षणं=क्षणमात्रम्, क्ष हीनया=उत्सवरहितया, तूष्णीं=मौनम्, अस्थायि=अवस्थितम् ।

टिप्पणी--भूरमणमरणम्–भुवः रमणः=भूरमणः तस्य मरणम् (ष तत्पुरुष) । रमणः–रम्+ल्यु । मरणम्–मृ+ल्युट् । दैवकथितः–दैवेन कथि (तृतीया तत्पुरुष); "दैवं दिष्टं भागधेयम्' इत्यमरः । मथितोद्धतारा मथिताः उद्धताः अरातयः येन सः (बहुव्रीहि) । मथितः–मथ+क्त । उद्ध उत्+हन्+क्त । सार्वभौमः–सर्वभूमि+अण् । सर्वभूमेः ईश्वरः=सार्वभौ 'चक्रवर्ती सार्वभौमः' इत्यमरः । अभिरामः–अभि+रम्+घञ् । वसति 'वस्' धातु लट् लकार प्र० पु० ए० व० । अनुचितम्–न उचितमिति अ चितम् । भूषितभाषितैः–भूषितं भाषितं येषां तैः तादृशैः । भूषित–भूष क्त । भाषित–भाष्+क्त । अनुनीयमानया–अनु+नी+शानच्+टाप् । क्ष हीनया–क्षणेन हीना=क्षणहीना तया । क्षण–उत्सव; 'क्षण उद्धव उत्स इत्यमरः । यमक तथा अनुप्रास अलङ्कार ।

अथार्धरात्रे निद्रानिलीननेत्रे परिजने विजने शोकपारावारमपारमुत्त शक्नुवती सेनानिवेशदेशं निःशब्दलेशं शनैरतिक्रम्य यस्मिन् रथस्य संसक्त तदानयनपलायनश्रान्ता गन्तुमक्षमाः क्षमापतिरथ्याः पथ्याकुलाः पूर्वमति स्तस्य निकटवटतरोः शाखायां मृतिरेखायामिव क्वचिदुत्तरीयार्धेन ब मृतिसाधनं विरच्य मर्तुकामाभिरामा वाङ्माधुरीविरसीकृतकलकण्ठ साश्रुकण्ठा व्यलपत् । 'लावण्योपमितपुष्पसायक, भूनायक, भवानेव भावि जन्मनि वल्लभो भवतु' इति ।

हिन्दी-अनुवाद—पश्चात् आधी रात के समय नौकरों के सो जाने एकान्त में अपार शोकसागर को पार करने में असमर्थ रानी (वसुमती) के पड़ाव स्थल (शिविर) को लेशमात्र भी शब्द किये बिना धीरे से पार वहाँ पहुँची जहाँ रथ के उलझ जाने के कारण रथ को लाते हुए दौड़

Kirtikant Sharma Collection, Najafgarh

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

